CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: cci Time: 01-07-2026 22:41 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 8 जनवरी 2026 > पौष 19, शक संवत 1947, माघ कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2082
WATCH GOD WATCHDOG
वर्ष 80, संख्या 7 > पेज 16* > फरीदाबाद > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



सोफी टर्नर ने शाहरुख और दीपिका की तारीफ की
फरीदाबाद टाइम्स



वांगचुक की हिरासत के खिलाफ अर्ज़ी पर आज सुनवाई
p9

पहलगाम पर विवादित पोस्ट, सिंगर नेहा सिंह को SC से राहत पेज 6



12 जनवरी को आंध्र के श्रीहरिकोटा से PSLV-C62 मिशन भेजेगा ISRO पेज 12




दूषित पानी से मौतों के अलग आंकड़ों पर CM यादव बोले, इनमें नहीं पड़ते पेज 6

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 10

GOOD न्यूज़
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 2

## फटाफट खबरें

### जांच समिति बनाने में कोई रोक नहीं: SC



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि लोकसभा स्पीकर को इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार आरोपों की जांच के लिए समिति बनाने से रोकने वाला कोई प्रावधान नहीं है। जस्टिस वर्मा ने अपने आवास से कैश मिलने के मामले में संसदीय समिति की वैधता को चुनौती दी है।

### 7.4% GDP ग्रोथ का अनुमान

वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत की इकॉनमी इस वित्त वर्ष में 7.4% बढ़ने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में GDP ग्रोथ 6.5% थी। सरकार की ओर से बुधवार को जारी GDP ग्रोथ के पहले अग्रिम अनुमान में यह तस्वीर दिखी। सेवा क्षेत्र और मैन्युफैक्चरिंग के अच्छे प्रदर्शन से इकॉनमी को सहारा मिला। दुनिया के बड़े देशों के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

### अमर्त्य सेन को SIR मामले में नोटिस



कोलकाता में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग ने नोबेल पुरस्कार विजेता इकॉनमिस्ट अमर्त्य सेन को नोटिस भेजा है। 92 वर्षीय सेन को 16 जनवरी को उनके आवास पर सुनवाई के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, सेन इस समय विदेश में हैं, इसलिए नोटिस शांतिनिकेतन स्थित उनके पैतृक घर पर परिवार के सदस्य को दिया गया।

### आग से बचाव के लिए बने प्लान: HC

दिल्ली हाई कोर्ट ने होटलों, क्लबों और रेस्टोरेंट में आग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय लागू करने का ऐक्शन प्लान बनाने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने पहले अधिकारियों से शिकायत नहीं की, इसलिए दिल्ली सरकार, एमसीडी और एनडीएमसी को भेजा जा रहा है। कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि वे फायर सेफ्टी समेत सभी नियमों के तहत मामले पर जल्द फैसला लें और जरूरी कदम उठाएं।

# अतिक्रमण हटाने पर हुआ पथराव, 5 जवान ज़ख्मी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पुरानी दिल्ली** के तुर्कमान गेट इलाके में मंगलवार देर रात अदालत के आदेश पर अतिक्रमण हटाने गई एमसीडी की टीम पर पथराव हो गया, जिसमें 5 पुलिस वाले घायल हो गए। लोगों के साथ पुलिस की झड़प हुई। माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले फेंके और लाठीचार्ज किया। 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 30 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। यहीं 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज और बॉडी कैमरों की मदद से अन्य संदिग्ध आरोपियों की पहचान की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दरियागंज के रहने वाले काशिफ, मोहम्मद कैफ, समीर, अदनान और तुर्कमान गेट के रहने वाले मोहम्मद अरीब के रूप में हुई है। सेंट्रल जिला के डीसीपी निधिन वालसन ने बताया कि फैज ए इलाही मस्जिद के पास लंबे समय से अवैध निर्माण और अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। पिछले साल 12 नवंबर को कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। एमसीडी की टीम देर रात बड़े पैमाने अतिक्रमण हटाने गई थी। एक बैंक्वेट हॉल और एक डायग्नॉस्टिक सेंटर समेत कई अवैध ढांचों को तोड़ा गया। कोई अनहोनी न हो इसलिए मंगलवार शाम से ही इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। जैसे ही तोड़फोड़ की कार्रवाई तेज हुई, वहां मौजूद लोगों की भीड़ उग्र हो गई। उन्होंने एमसीडी टीम और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। तब दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने हालात को संभाला और 30 से अधिक आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद तंग गलियों में हल्का लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को भगाया गया। कुल 38,940 वर्ग फुट एरिया में अवैध निर्माण और कब्जा था, जिसमें से 36,428 वर्ग फुट एरिया को खाली कराया गया है।


> एक बैंक्वेट हॉल और डायग्नॉस्टिक सेंटर समेत कई अवैध ढांचों को तोड़ा गया

## तुर्कमान गेट के पास चला बुलडोज़र, 5 अरेस्ट


**30 से अधिक** संदिग्धों को लिया गया हिरासत में, 5000 से अधिक पुलिस बल तैनात

**300 से अधिक** सीसीटीवी फुटेज की मदद से संदिग्धों की पहचान की जा रही

**12 नवंबर** को हाई कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने को कहा था, आधी रात को हुई कार्रवाई



आंसू गैस के गोले भीड़ को हटाने के लिए चलाने पड़े पुलिस को।



**भीड़ उग्र, करना पड़ा लाठीचार्ज:** लोगों को पहले से सूचना थी कि कोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई होगी। पहले से ही स्थानीय लोग जुट गए। तोड़फोड़ की कार्रवाई तेज हुई तो भीड़ उग्र हो गई, पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

### जामा मस्जिद के पास सर्वे का आदेश

**दिल्ली हाई** कोर्ट ने बुधवार को एमसीडी व संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे जामा मस्जिद के पास सर्वे कराकर पार्कों और सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। इसके लिए दो महीनों का वक्त दिया। कोर्ट ने यह आदेश फरहत हसन व अन्य की याचिका पर पारित किया। याचिका में मस्जिद के चारों ओर पार्कों में हुए अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की गई है।

> SP सांसद मोहिबुल्लाह नदवी भी ध्वस्तीकरण वाली जगह के पास आए थे। उनसे पूछताछ होगी।
> -मधुर वर्मा, जॉइंट कमिश्नर

दिल्ली भगदड़

### रिपोर्ट में देरी से HC नाराज़

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को रेलवे अधिकारियों की कड़ी आलोचना की।



कोर्ट नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ से जुड़ी जनहित याचिका की सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने कहा, करीब एक साल बीतने के बावजूद रेलवे ने अब तक एफिडेविट दाखिल नहीं किया है।

### 'BJP नेता से जुड़े पोस्ट हटाएं'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को आदेश दिया है कि वे बीजेपी नेता दुष्यंत कुमार गौतम को अंकिता भंडारी मर्डर केस से जोड़ने वाले सभी सोशल मीडिया पोस्ट 24 घंटे के अंदर हटा दें। जस्टिस मिनी पुष्करणा ने गौतम की मानहानि याचिका पर कहा, वादी का पक्ष मजबूत है और अगर ऐसे पोस्ट जारी रहे तो उनकी प्रतिष्ठा को ऐसा नुकसान होगा जिसकी भरपाई नहीं होगी।

> अंकिता भंडारी मर्डर केस में HC की टिप्पणी

# महाराष्ट्र में विरोधियों के 'गठबंधन' से घमासान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**महाराष्ट्र की** दो नगरपालिकाओं में BJP ने बुधवार को चौंकाने वाला कदम उठाते हुए अपने राजनीतिक विरोधियों कांग्रेस और AIMIM के साथ गठबंधन कर लिया। यह गठबंधन ठाणे जिले की अंबरनाथ और अकोला जिले की अकोट नगर परिषद में हुआ। इस फैसले से राज्य की राजनीति में हलचल मच गई। कांग्रेस ने फौरन ऐक्शन लेते हुए अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस कमिटी ही भंग कर दी। साथ ही, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप पाटील के साथ-साथ सभी निर्वाचित पार्षदों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में सस्पेंड किया गया है।

> कांग्रेस ने 12 पार्षद सस्पेंड किए, बीजेपी नेतृत्व भी नाराज

इस बीच, कांग्रेस के निलंबित प्रदीप पाटील का कहना है कि उनकी बीजेपी नेताओं से बातचीत चल रही है और हम सभी 12 नगरसेवक जल्द ही बीजेपी जॉइन कर सकते हैं। राज्य में बीजेपी की सहयोगी पार्टी शिवसेना ने इसे 'गठबंधन धर्म' के प्रति धोखा बताया। इधर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी अपनी नाराजगी जताई। अंबरनाथ नगर परिषद में BJP ने कांग्रेस और अजित पवार गुट की NCP के साथ मिलकर सत्ता हासिल कर ली थी। इस गठबंधन पर कांग्रेस ने कहा कि यह फैसला बिना राज्य नेतृत्व की अनुमति के लिया गया।

> BJP का कांग्रेस या AIMIM से गठबंधन मंजूर नहीं है। स्थानीय नेताओं पर कार्रवाई की जाएगी।
> - देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री



महाराष्ट्र के CM ने कहा, ऐसे फैसले पार्टी के खिलाफ है।

### 'BJP गठबंधन में नहीं होगी AIMIM'

AIMIM नेता और पूर्व सासंद इम्तियाज जलील ने कहा कि हमारा राजनीतिक रुख बीजेपी के खिलाफ है। पार्टी के प्रभारी से स्थिति की जानकारी देने को कहा है। जलील ने कहा कि पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने साफ किया है कि उनकी पार्टी बीजेपी के किसी गठबंधन में शामिल नहीं होगी।

# नंबर-1 हिंदी फिल्म बनी 'धुरंधर'

## बॉक्स ऑफिस पर रेकॉर्ड 831 करोड़ रुपये की कमाई की

■ पीटीआई, मुंबई

**बॉलिवुड फिल्म** धुरंधर ने 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। यह देशभर में कुल 831 करोड़ के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के साथ अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। धुरंधर ने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' के हिंदी वर्जन (830 करोड़) का रेकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया। इसने "जवान" (643 करोड़) और 'स्त्री 2' (627 करोड़) जैसी बड़ी फिल्मों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर. माधवन जैसे सितारों ने काम किया है।



**सबसे ज्यादा कमाई वाली हिंदी फिल्में**

| | |
|---|---|
| धुरंधर | 831 करोड़* |
| पुष्पा 2: द रूल | 830 करोड़ |
| जवान | 643 करोड़ |
| स्त्री 2 | 627 करोड़ |

■ धुरंधर ने अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' के हिंदी वर्जन (830 करोड़) का रेकॉर्ड तोड़ा।

### गुड़गांव-करनाल RRTS की DPR तैयार : मुख्यमंत्री

■ **NBT रिपोर्ट, गुड़गांव :** सबकुछ प्लान के अनुसार हुआ तो दिल्ली से अलवर और करनाल का सफर फास्ट हो जाएगा। दोनों शहरों के लिए RRTS (रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम) की DPR तैयार है। इन दोनों प्रोजेक्ट पर 70 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी। बुधवार को गुड़गांव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही टेंडर ओपन किए जाएंगे।



नायब सिंह सैनी

RRTS का एक रूट दिल्ली के सराय काले खां से गुड़गांव होते हुए अलवर तक का है। सराय काले खां से ही सोनीपत, पानीपत होते हुए करनाल तक दूसरा रूट होगा। सीएम प्री बजट परामर्श बैठक के दूसरे दिन बुधवार को सेक्टर-44 अपैरल हाउस में उद्योग एवं विनिर्माण क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम में पहुंचे थे।
फरीदाबाद टाइम्स

### वेनेजुएला से आ रहे रूसी तेल टैंकर को अमेरिका ने पकड़ा



AFP

अमेरिकी सेना ने बुधवार को बताया कि हफ्तों पीछा करने के बाद उत्तरी अटलांटिक में रूस के झंडे वाले तेल टैंकर 'मरीनेरा' (Marinera) पर कब्जा कर लिया। इस सैन्य कार्रवाई से वैश्विक राजनीति में खलबली है, क्योंकि ऑपरेशन के दौरान रूसी नौसेना के युद्धपोत और पनडुब्बियां भी उसी इलाके में थीं। ये तस्वीर 18 मार्च 2025 को क्लिक की गई थी।

### PM मोदी से फोन पर नेतन्याहू बोले, आतंक से लड़ेंगे

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू ने बुधवार को पीएम नरेन्द्र मोदी को फोन कॉल की। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, नेतन्याहू ने पीएम मोदी को गाजा शांति योजना के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। बयान में कहा गया है, पीएम (मोदी) ने क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने आतंकवाद के सभी प्रकार और रूपों को कतई बर्दाश्त न करने के अपने दृष्टिकोण को दोहराया और इस खतरे के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने (नेतन्याहू ने) आतंकवाद से और अधिक दृढ़ता के साथ लड़ने के प्रति अपने साझा संकल्प की पुष्टि की।



पीएम मोदी

**स्ट्रीट डॉग्स पर सुनवाई** सुप्रीम कोर्ट बोला- डॉग्स के काटने से ही नहीं, आवारा जानवरों से सड़क हादसे में जा रही जान

# डॉग काटेगा या नहीं, कोई बता सकता है?: SC

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** स्ट्रीट डॉग्स पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सवाल किया कि संस्थानों में स्ट्रीट डॉग्स की जरूरत क्यों है? क्या कोई बता सकता है कि कौन सा डॉग किस मूड (काटने के मूड में है या नहीं) में है? नगरीय निकायों द्वारा नियमों और निर्देशों का अनुपालन न करने की ओर ध्यान दिलाते हुए कोर्ट ने कहा, सड़कों पर डॉग्स और आवारा जानवर नहीं होने चाहिए। डॉग्स के काटने से ही नहीं, आवारा पशुओं की वजह से सड़क हादसों में भी लोगों की जान जा रही है। नगर निकायों को नियमों, कार्य प्रणालियों और निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा कि वह सुनवाई इसलिए कर रही है, क्योंकि कई वकीलों और पशु कार्यकर्ताओं ने दावा किया है कि 7 नवंबर को आदेश पारित होने से पहले उनकी बात नहीं सुनी गई थी। 7 नवंबर को कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों समेत सभी संस्थागत परिसरों से स्ट्रीट डॉग्स को हटाने का निर्देश दिया था।

> डॉग्स की स्कूल, अस्पताल में जरूरत क्या: कोर्ट



### इलाज से परहेज बेहतर: कोर्ट

पूर्व आदेश में संशोधन का अनुरोध करने वाले याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, समाधान सभी डॉग्स को पकड़ना नहीं है। उनकी आबादी कंट्रोल करने के लिए पकड़ना, नसबंदी करना, टीकाकरण करना और छोड़ना... इस फॉर्मूले को अपना सकते हैं, जिससे काटने की घटनाओं में कमी आएगी। कोर्ट ने कहा, इलाज से परहेज बेहतर है। इस मामले में बहस करने के लिए कुछ खास नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवारा जानवरों को हटाने के निर्देश पर जिन राज्यों ने हलफनामा नहीं दिया, उनके लिए कोर्ट ने कहा, सख्ती से निपटेंगे।



**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,961.14 (-102.20) |
| निफ्टी | 26,140.75 (-37.95) |
| रु/यूएस डॉलर | 89.94 (-0.24) |
| रु/यूरो | 105.17 (-0.63) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

**सर्राफा**

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
दिल्ली ₹1,41,400 (-100)
चांदी .999 टंच प्रति किलो
दिल्ली ₹2,56,000 (+ 5,000)

**मौसम**

अधिकतम तापमान 16.7°
8.6° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त 5:41 गुरुवार | सूर्योदय 7:15 शुक्रवार
सुबह काफी धुंध रह सकती है, सड़क पर सावधानी से चलें।

*12 + 4 FaridabadTimes



मेरे पास पहले से ही कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल और वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब है। इसलिए मेरा पूरा ध्यान ओलिंपिक्स पर है। मैं नए भार वर्ग में सहज महसूस कर रही हूं और किसी भी तरह की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं। -नीतू घंघास, बॉक्सर



**9** सिक्स लगाए थे बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 लॉर्ड्स टेस्ट में अपनी 155 रन की पारी के दौरान। यह एशेज में किसी प्लेयर द्वारा एक पारी में सर्वाधिक सिक्स का रेकॉर्ड है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. इंडिया ओपन 2026 में लक्ष्य सेन पहले राउंड के मैच में किससे भिड़ेंगे?
A) एचएस प्रणॉय B) विक्टर एक्सेलसन C) किदांबी श्रीकांत D) आयुष शेट्टी

2. संन्यास का ऐलान करने वाले ऐथलीट जिन्सन जॉनसन किस राज्य के हैं?
A) केरल B) तमिलनाडु C) कर्नाटक D) आंध्र प्रदेश

**कल के जवाब**
1. C) 37 2. B) रवीश

**लकी WINNER**
1. विजेंद्र चिकारा, रोहिणी, नई दिल्ली
2. हार्दिक बहल, गुड़गांव, हरियाणा
3. हरीश गोस्वामी, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### फाइनल में अनाहत हारी
■बर्मिंघम: भारत की अनाहत सिंह ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश के अंडर-19 विमिंस का खिताब जीतने से चूक गई। फाइनल में उन्हें फ्रांस की सीड लॉरेन बाल्टायन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अनाहत सिंह को लॉरेन ने 9-11, 11-7, 3-11, 9-11 से हराया।


### कोको ने सेमी में पहुंचाया
■पर्थ: कोको गॉफ ने ग्रुप स्टेज के एक मैच में हार को पीछे छोड़कर शानदार प्रदर्शन करके अपने सिंगल्स और डबल्स मैच जीते। इससे मौजूदा चैंपियन अमेरिका ने ग्रीस को 2-1 से हराकर युनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने मारिया सकारी को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर अमेरिका को 1-0 से बढ़त दिलाई थी।

### सार्थक-हार्दी जीते
■वडोदरा: सार्थक आर्य और हार्दी पटेल ने तीसरी वरीयता प्राप्त स्नेहित एस और सयाली वानी को 3-2 से हराकर डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज टेबल टेनिस मिक्स्ड डबल्स के दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया। सार्थक और हार्दी ने 5-11, 11-9, 11-9, 9-11, 12-10 से जीत दर्ज की।

### अर्जुन की शादी मार्च में
■मुंबई: दिग्गज सचिन तेंडुलकर के बेटे अर्जुन तेंडुलकर 5 मार्च को सानिया चंडोक से शादी रचाने जा रहे हैं। सूत्रों ने आईएएनएस को इसकी जानकारी दी है। सानिया जाने-माने कारोबारी रवि घई की पोती हैं। सूत्रों ने बताया है कि शादी की रस्में 3 मार्च से शुरू होने की उम्मीद है।

इंग्लिश बैटर ने जड़ा करियर का पहला टेस्ट शतक

# बेथेल पर टिकीं इंग्लैंड की उम्मीदें, ऑस्ट्रेलिया मजबूत



द एशेज

■एजेंसियां, सिडनी: जैकब बेथेल ने बुधवार को अपने टेस्ट करियर की पहली सेंचुरी जड़ी जिससे इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवां और अंतिम एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच पांचवें दिन तक खींचकर अपनी उम्मीद कायम रखी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने मैच में अपनी स्थिति मजबूत बना ली है। बारबाडोस में जन्मे 22 वर्षीय ऑलराउंडर बेथेल इंग्लैंड की दूसरी पारी के पहले ओवर में क्रीज पर आए। बेथेल ने चौथे दिन स्टंप्स तक 232 गेंद का सामना करके 142 रन बनाए हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 302 रन बनाए हैं। इस तरह से इंग्लैंड ने अभी तक 119 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 567 रन बनाकर 183 रन की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे।

**टर्न से होगी इंग्लैंड को आस:** पिच से चौथे दिन ही स्पिनरों को मदद मिल रही है जो इंग्लैंड के लिए सकारात्मक संकेत है, क्योंकि उसकी टीम में तीन स्पिनर हैं। बेथेल ने बेन डकेट (42) के साथ 81 रन, जो रूट (6) के साथ 32, हैरी ब्रूक (42) के साथ 102 और जेमी स्मिथ (26) के साथ 45 रन की साझेदारियां कीं। ऑस्ट्रेलिया पहले तीन मैच जीत कर एशेज अपने पास बरकरार रखने में सफल रहा लेकिन चौथे मैच में जीत दर्ज करने वाला इंग्लैंड सीरीज में हार के अंतर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। बेथेल ने एक छोर से विकेट गिरने के बावजूद अपने धैर्य और कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर (3/51) ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अप्रत्याशित स्टार के रूप में उभरे। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में विशेषज्ञ स्पिनर के साथ नहीं उतरा है। ऐसे में वेबस्टर ने अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन से बल्लेबाजी को गच्चा दिया। इससे इंग्लैंड का खेमा थोड़ा खुश होगा क्योंकि उसके पास स्पिन विकल्पों के रूप में बेथेल, विल जैक्स और रूट मौजूद हैं। पिच से स्पिनरों को मिल रही मदद को देखते हुए 170 रन का लक्ष्य हासिल करना भी आसान नहीं होगा। वेबस्टर ने कहा, 'लेकिन हमारी टीम जीत हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है।'

**वेबस्टर का ऑलराउंड खेल:** ऑस्ट्रेलिया के लिए वेबस्टर ने ऑलराउंड खेल दिखाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई पारी के दौरान 87 बॉल पर ही 71* रनों की तेज पारी खेली। वह मैच के तीसरे दिन 42 रनों पर नाबाद थे। इसके बाद चौथे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान वेबस्टर ने 52वें ओवर में तीन गेंदों पर दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाई। उन्होंने ब्रूक को आउट किया और फिर जैक्स (0) को भी पविलियन भेजा। इससे इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 219 रन से पांच विकेट पर 219 रन हो गया। ड्रिंक्स ब्रेक के बाद पहली ही गेंद पर जेमी स्मिथ रन आउट हो गए। उस समय बेथेल 123 रन पर थे और इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 264 रन था, जब उसके चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स क्रीज पर आए। वेबस्टर ने स्टोक्स (1) को आउट किया। स्कॉट बोलैंड ने ब्रायडन कार्स (16) का विकेट लिया। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी पहली पारी सात विकेट पर 518 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसने अपने बाकी बचे तीन विकेट 49 रन जोड़कर गंवा दिए।

> यह उपलब्धि मेरे लिए खास है। मेरा परिवार भी यहां आया हुआ है और ऐसे में शतक लगाना बेहद खास बन गया है। – जैकब बेथेल, बल्लेबाज, इंग्लैंड

**इंग्लैंड Vs ऑस्ट्रेलिया**
पांचवां टेस्ट, चौथा दिन

### इंग्लैंड को झटका, स्टोक्स हुए चोटिल
सिडनी टेस्ट के चौथे दिन के पहले सेशन में इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को इंजरी की वजह से फील्ड छोड़कर जाना पड़ा। स्टोक्स की इंजरी ने इंग्लैंड की परेशानी बढ़ा दी है। बुधवार को खेल शुरू हुआ तो स्टोक्स अपने दूसरे ओवर की चौथी गेंद फेंकने के बाद दर्द में नजर आए। दर्द की वजह से उन्होंने फील्ड छोड़ दिया। यह उनके स्पेल के 28वें ओवर की चौथी गेंद थी। स्टोक्स के ओवर को जैकब बेथेल ने पूरा किया। स्टोक्स की गैरमौजूदगी में हैरी ब्रूक ने कप्तानी संभाली। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि स्टोक्स को दाहिनी मांसपेशी में दर्द की शिकायत है। उनकी दाहिनी एडक्टर की जांच की जा रही है। जल्द ही अपडेट दिया जाएगा।

**ब्रीफ स्कोर**
इंग्लैंड (पहली पारी): 384 ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी): 133.5 ओवर्स में 567 रन (163 रन, स्टीव स्मिथ 138, ब्यू वेबस्टर 71* रन) इंग्लैंड (दूसरी पारी): 75 ओवर्स में 302/8* (जैकब बेथेल 142*, बेन डकेट 42, हैरी ब्रूक 42)

**5** वें ऐसे प्लेयर बने जैकब बेथेल जिन्होंने फर्स्ट क्लास और लिस्ट-ए क्रिकेट में बिना कोई सेंचुरी लगाए सीधे इंटरनैशनल क्रिकेट में अपनी पहली सेंचुरी बनाई

**22** साल 76 दिन की उम्र में एशेज में सेंचुरी बनाई जैकब बेथेल ने। वह साल 1945 के बाद एशेज में सेंचुरी बनाने वाले इंग्लैंड के चौथे सबसे युवा खिलाड़ी हैं

# बांग्लादेश बोर्ड ने कहा, ICC ने अभी तक नहीं मानी है हमारी मांग



■पीटीआई, ढाका: बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने बुधवार को कहा कि इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में उसकी टीम की भागीदारी से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए उसके साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। हालांकि आयोजन स्थल में बदलाव की उसकी मांग अभी तक स्वीकार नहीं की गई है। टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होगा जिसमें बांग्लादेश को अपने चार मैच कोलकाता और मुंबई में खेलने हैं।

बीसीबी ने बयान में कहा, 'टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत में बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की सुरक्षा को लेकर बोर्ड की चिंताओं के संबंध में आईसीसी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बीसीबी ने टीम के मैचों को शिफ्ट करने का अनुरोध भी किया था। आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश टीम की पूर्ण और निर्बाध भागीदारी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।' इसमें कहा गया है, 'आईसीसी ने हमारी चिंताओं को दूर करने के लिए बीसीबी के साथ मिलकर काम करने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। आईसीसी ने आश्वासन दिया है कि बोर्ड के सुझावों का स्वागत किया जाएगा और प्रतियोगिता के आयोजन के लिए विस्तृत सुरक्षा योजना के हिस्से के रूप में उन पर विधिवत विचार किया जाएगा।'

दरअसल, बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने से भारत-बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ गया है। इसका मुख्य कारण बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों के मद्देनजर दोनों पड़ोसी देशों के बीच गहराते राजनयिक तनाव को माना गया।


**7 फरवरी से शुरू होगा टी20 वर्ल्ड कप**

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### पहले भी टीमें कर चुकी हैं इनकार
आईसीसी टूर्नामेंट्स के इतिहास में एक देश द्वारा दूसरे देश में टीम भेजने से इनकार की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। ऑस्ट्रेलियाई और वेस्टइंडीज टीम 1996 के 50 ओवर वर्ल्ड कप में सुरक्षा चिंताओं के कारण मैच खेलने श्रीलंका नहीं गईं। दोनों टीमों को उन मैचों के अंक गंवाने पड़े। इसी तरह 2003 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड टीम जिंबाब्वे नहीं गई जबकि न्यूजीलैंड ने केन्या जाने से इनकार किया और विपक्षी टीमों को वॉकओवर मिला। ताजा मामला पिछले साल भारत द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान में खेलने से इनकार करना था आईसीसी ने एक फॉर्म्युला निकालते हुए तय किया कि 2024-2027 सत्र में भारत और पाक की टीम न्यूट्रल वेन्यू पर ही भिड़ेंगी।

**साउथ अफ्रीका Vs भारत**
यूथ वनडे सीरीज

## वैभव, जॉर्ज ने करा दिया क्लीन स्वीप


वैभव सूर्यवंशी

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वैभव सूर्यवंशी (127 रन, 74 बॉल, 9 फोर, 10 सिक्स, 1/10) और आरोन जॉर्ज (118 रन, 106 बॉल, 16 फोर) की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने यूथ वनडे सीरीज के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 233 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैच की इस सीरीज को 3-0 से जीत लिया। वैभव और आरोन ने 227 रन की ओपनिंग साझेदारी की, जिसकी बदौलत भारत ने 50 ओवर्स में सात विकेट पर 393 रन बनाए। लक्ष्य का बचाव करते हुए किशन कुमार (3/15) ने शानदार बॉलिंग की। साउथ अफ्रीका 35 ओवर्स में 160 रन पर ऑलआउट हो गई।

# लीग से नैशनल टीम बेहतर होगी: जरमन

Sanjeev.Kumar11
@timesofindia.com

■नई दिल्ली: पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग (HIL) का सातवां सीजन जारी है। पिछले सीजन इस लीग में पहली बार उतरी दिल्ली की एसजी पाइपर्स टीम आठवें और आखिरी पायदान पर रही थी। मौजूदा सीजन के लिए एसजी पाइपर्स ने टीम में काफी बदलाव किए हैं। इस बार टीम की कमान जरमनप्रीत सिंह को दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय टीम के डिफेंडर जरमनप्रीत के लिए एसजी पाइपर्स को HIL में टॉप पर ले जाने बड़ी चुनौती है, लेकिन वह इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। लीग शुरू होने से पहले जरमनप्रीत ने NBT से विशेष बातचीत में कहा, 'मैं हॉकी इंडिया लीग को एक ऐसा प्लेटफॉर्म मानता हूं जिससे मिले अनुभव का लाभ हमारी नैशनल टीम को मिलता है। भारतीय टीम काफी अच्छी है, आगे और बेहतर होगी। हॉकी इंडिया लीग के ठीक बाद वर्ल्ड हॉकी फेडरेशन की प्रो-लीग भी है। आप देखेंगे कि वहां हमें इसका फायदा मिलेगा।'

**विदेशी खिलाड़ियों के साथ तालमेल:** पैरिस ओलिंपिक्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे जरमनप्रीत मानते हैं कि विदेशी खिलाड़ी जब टीम के साथ होते हैं, तो उससे भारतीय खिलाड़ियों को उनकी खेलने की शैली का पता लगता है और जब नैशनल टीम से हम उन्हीं प्लेयर्स के खिलाफ खेलते हैं तो उनके बारे में हमें बेहतर समझ होती है। तो क्या विदेशी खिलाड़ियों के साथ तालमेल बिठाने में बाधा आड़े नहीं आती? जरमनप्रीत कहते हैं, 'देखिए, खिलाड़ी चाहें जिस देश का हो, हॉकी की भाषा एक ही होती है। हम तो उनके खिलाफ खेलते रहते हैं। मगर जब जूनियर्स उनके साथ समय बिताते हैं, तो उन्हें काफी सीखने को मिलता है। सबसे बड़ी बात कि हम उनकी मानसिकता को समझ पाते हैं।'

**डिफेंडर और कप्तानी:** हाल के दिनों में भारतीय राष्ट्रीय टीम ने डिफेंडर और गोलकीपर के कप्तान रहते अच्छे रिजल्ट दिए हैं। जरमनप्रीत भी डिफेंडर हैं। तो क्या इसका फायदा उनकी टीम एसजी पाइपर्स को हॉकी इंडिया लीग में मिलेगा? जरमनप्रीत हंसते हुए कहते हैं, 'यह बात तो मेरे दिमाग में भी नहीं। मगर आपने जब बताया है तो मेरे ध्यान में रहेगी। वैसे यह सच है कि डिफेंडर या गोलकीपर पीछे से खेल को ऑब्जर्व करता है तो बाकी खिलाड़ियों को फीडबैक या निर्देश दे पाता है। हमारी सीनियर मेंस टीम का भी कोट है-'डिफेंस टु विन'।'



**144** मैच खेल चुके हैं सीनियर राष्ट्रीय टीम से जरमनप्रीत सिंह

हॉकी इंडिया लीग

### दादा जी को जर्मनी पसंद था...
जरमनप्रीत को यह नाम कैसे मिला? एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट और अर्जुन पुरस्कार विजेता 29 साल के जरमनप्रीत ने हंसते हुए बताया, 'मेरे दादा जी जर्मनी को काफी पसंद करते थे। मेरी जब तक समझ विकसित हुई, दादा जी नहीं रहे। मगर मेरी दादी जी ने बताया कि मेरे दादा जी जर्मनी को काफी पसंद करते थे। इसकी वजह पता नहीं। मगर, मेरा नाम उन्होंने ही जरमनप्रीत रख दिया।'

# डफी को टीम में जगह, सैंटनर संभालेंगे कमान

■एजेंसियां, वेलिंग्टन: पिछले साल इंटरनैशनल क्रिकेट में रेकॉर्ड 81 विकेट झटकने वाले तेज गेंदबाज जैकब डफी को भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। 31 वर्षीय डफी ने एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिचर्ड हैडली के 40 साल पुराने कीवी रेकॉर्ड (79 विकेट) को तोड़ते हुए चयनकर्ताओं का भरोसा जीता। डफी टी20 बोलिंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर भी कायम हैं। डफी न्यूजीलैंड के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने अब तक टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेला है। वह तेज गेंदबाजी आक्रमण का हिस्सा होंगे, जिसमें मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्युसन, एडम मिल्ने और ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर टीम की कप्तानी करेंगे। स्पिन विभाग की जिम्मेदारी ईश सोढ़ी संभालेंगे, जबकि माइकल ब्रेसवेल, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र ऑलराउंडर विकल्प देंगे।

**न्यूजीलैंड टीम:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डैरिल मिचेल, एडम मिल्ने, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

**टी20 वर्ल्ड कप अपडेट**


न्यूजीलैंड के पेसर जैकब डफी

### श्रीलंका ने राठौड़ को बनाया बैटिंग कोच
नई दिल्ली: टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के तहत सह-मेजबान श्रीलंका ने अपने कोचिंग स्टाफ को मजबूत करते हुए भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को नियुक्त किया है। श्रीलंका ने गेंदबाजी विभाग को धार देने के लिए पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने राठौड़ को विशेष रूप से टी20 वर्ल्ड कप के लिए बल्लेबाजी कोच की जिम्मेदारी सौंपी है। राठौड़ 15 जनवरी तक श्रीलंका टीम से जुड़ सकते हैं।

# सात्विक-चिराग और सिंधु प्री-क्वॉर्टर में

■एजेंसियां, कुआलालंपुर: चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने दमदार वापसी करते हुए मलयेशिया ओपन के प्री-क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने बुधवार को हुए विमिंस सिंगल्स मैच में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-14, 22-20 से हराया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय मेंस डबल्स जोड़ी ने भी सीजन के इस पहले टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत की। उन्होंने पहले राउंड में ली ने हुई व यांग पो-हुआन की जोड़ी को 21-13, 21-15 से मात देते हुए अंतिम-16 में प्रवेश किया। हालांकि ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी हारकर बाहर हो गई।

शटल कॉर्नर


मुकाबले के दौरान पीवी सिंधु

**इंडिया ओपन का ड्रॉ घोषित**
नई दिल्ली: इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों को पहले दौर में ही कड़े मुकाबलों का सामना करना होगा। साल 2022 के चैंपियन लक्ष्य सेन का सामना हमवतन आयुष शेट्टी से होगा, जबकि विमिंस सिंगल्स में पीवी सिंधु वियतनाम की थुई लिन गुयेन से भिड़ेंगी। वहीं, किदांबी श्रीकांत का सामना लिन चुन यी से होगा। यह टूर्नामेंट इंदिरा गांधी स्टेडियम में 13 से 18 जनवरी तक खेला जाएगा।

## ऐथलीट जॉनसन ने 15 साल लंबे करियर को कहा अलविदा

■एजेंसियां, नई दिल्ली: एशियन गेम्स के गोल्ड मेडल विजेता भारतीय धावक जिन्सन जॉनसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों के करियर के बाद अब कुछ नया करने का समय आ गया है। केरल के इस 34 वर्षीय ऐथलीट ने कहा कि उनका सफर 'मुश्किल ट्रेनिंग, संघर्षों और दर्दनाक चोटों' से भरा रहा। जॉनसन ने अक्टूबर-2023 में हांगझोउ एशियन गेम्स में 1500 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ क्षण 2018 के जकार्ता एशियाड में 1500 मीटर में 3 मिनट 44.72 सेकंड के समय से गोल्ड मेडल जीतना रहा।


जिन्सन जॉनसन


## केन की एक और हैटट्रिक, HIL GC की दूसरी जीत

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केन रसेल की हैटट्रिक की बदौलत HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) ने मेंस हॉकी इंडिया लीग में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। चेन्नै में बुधवार को हुए मैच में HIL GC ने श्राची बंगाल टाइगर्स को 6-3 के बड़े अंतर से मात दी। रसेल ने पहले मैच एसजी पाइपर्स के खिलाफ भी हैटट्रिक जमाई थी। रसेल के अलावा HIL GC के लिए सैम वार्ड, सुदीप चिरमाको और जेम्स एलबरी ने गोल दागे। एक अन्य मैच में हैदराबाद तूफान्स ने रांची रॉयल्स को 3-2 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। उधर, रांची में खेले गए विमिंस हॉकी इंडिया लीग के मैच में श्राची बंगाल टाइगर्स को हार का सामना करना पड़ा।

हॉकी इंडिया लीग


HILGC के केन रसेल

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है, इसलिए सुबह से ही प्रयत्नशील रहें। कारोबार के लिए छोटे-मोटे कार्य के लिए समय निकालना आसान रहेगा। काफी समय के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा। धन लाभ के भी संयोग है।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थायी प्रॉपर्टी में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए। सायंकाल के समय किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है। भविष्य की योजना पर काम करें।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। साथ आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखना आपका प्रमुख कार्य होना चाहिए अन्यथा आगे चलकर आपकी प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
क्योंकि आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं, इसलिए आज का दिन भी आपका किसी परिजन की चिंता में व्यतीत होगा। आज भी यह चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो जाए तो यहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं। हो सकता है सायंकाल तक आपको बढ़ते हुए आर्थिक कष्टों से भी मुक्ति मिल जाए।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं चल रहा है। अधिकतर आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी-व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य व आराम को त्यागना पड़ेगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज के दिन विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी। हालांकि सभी परेशानियां अस्थायी हैं और आज की गई मेहनत के नतीजे भी लाभदायक होंगे। सायंकाल में रिलैक्स करने को मिलेगा। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुभव आपको प्राप्त होंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। कुछ के कारण कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही कुछ आप अपने स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी हो सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपको दिन की शुरुआत में मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आप तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े-झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत में की गई मेहनत का फायदा भी मिल सकता है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न करें। व्यावसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात्रि के समय मांगलिक आयोजनों में जाने का अवसर मिलेगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज सामाजिक, धार्मिक कामों में व्यस्त रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। हर पल भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य-विनोद बढ़ेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। ससुराल पक्ष से सहयोग मिलेगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का अवसर आज दिन भर बना रहेगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। अध्ययन और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मनोरंजन का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका भविष्य सुखद होगा।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी देवगुरु बृहस्पति ज्ञान का भंडार है। इसलिए उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। अध्ययन व अध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापिस नहीं मिलेगा। माता-पिता की सेवा, देव पूजन में भी ध्यान लगाना न भूलें।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं
नया वर्ष रजत पाद से प्रवेश कर रहा है। जनवरी शेष में राजनीतिक क्षेत्र में लाभ मिल सकता है। फरवरी के महीने में यह चाल मध्यम है, गुप्त शत्रुओं के षड्यंत्र से बचें। मार्च, अप्रैल, मई पुरुषार्थ शुभ रहेगा। व्यय से अधिक लाभ होगा। इस दौरान आपका जीवन स्तर भी सुधरेगा। कुशल जातकों के भाग्य का उत्थान जून से लेकर जुलाई तक होगा। बुध के सहयोग से अधिकांश जातकों की बौद्धिक, धार्मिक और व्यावसायिक प्रयास सार्थक होंगे। अगस्त-सितंबर में कुछ अनावश्यक प्रश्नों के कारण परेशानी रहेगी। बौद्धिक कार्यों से जुड़े महानुभाव इस वर्ष अक्टूबर में अपने कामकाज का विस्तार करेंगे। जो नौकरीपेशा हैं, उनका मनोवांछित जगह पर बदलाव भी नवंबर, दिसंबर तक मामूली प्रयासों से ही जाएगा। 1 जनवरी 2027 से लेकर 28 फरवरी तक सभी स्थितियां सामान्य सुखद रहेंगी। महिलाओं के लिए वर्ष अधिक लाभप्रद है। विद्यार्थियों को नियमित सहज परिश्रम से ही सफलता प्राप्त हो जाएगी। मंगल आपकी राशि के अनुकूल नहीं है, इसलिए श्री सुंदरकांड पाठ एक नित्य रात्रि में 8 बजे के उपरांत शुद्ध घी का दीपक जलाकर 40 दिन पाठ करें। शनिवार को सायंकाल पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा


### कल का पंचांग
(शुक्रवार, 9 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 20, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, सप्तमी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 26, रज्जब 19, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 9 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। सप्तमी तिथि अगले दिन 7 बजे तक उपरांत अष्टमी तिथि का आरंभ। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र मध्याह्न 1 बजकर 41 मिनट तक उपरांत हस्त नक्षत्र का आरंभ। शोभन योग सायं 5 बजकर 5 मिनट तक उपरांत अतिगण्ड योग का आरंभ। विष्टि करण रात्रि 7 बजकर 39 मिनट तक उपरांत बव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात कन्या राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-भद्रा रात्रि 6 बजे से आरंभ।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 5 | | | | 9 |
| | | | 1 | | 3 | | | |
| | 2 | 9 | 4 | | 6 | 5 | 1 | |
| | 9 | | | | | | 6 | |
| 2 | | 8 | | | | 4 | | 7 |
| | 7 | | | | | | 9 | |
| | 3 | 4 | 9 | | 7 | 1 | 8 | |
| | | | 3 | | 8 | | | |
| 1 | | | | 2 | | | | 6 |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बदबुध बुड़बक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 राष्ट्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 राष्ट्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 चीरा |
| 13:30 भ से भड़े | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP23 User: rajesh.mishra Time: 01-07-2026 22:07 Color:



# फटाफट खबरें

## IT सेक्टर उछला, Titan में तेज़ी

NBT रिपोर्ट, मुंबई : शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 102.20 पॉइंट (0.12%) गिरकर 84,961.14 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह एक समय 445.85 पॉइंट तक लुढ़क गया था। वहीं, निफ्टी 37.95 पॉइंट (0.14%) की गिरावट के साथ 26,140.75 पर रहा। आईटी सेक्टर ने 2% के करीब उछाल रहा। वहीं, Titan के शेयर करीब 4% की बढ़त के साथ बंद हुए। दिसंबर 2025 में खत्म हुई तिमाही में कंपनी की कमाई में सालाना आधार पर 40% की भारी बढ़ोतरी हुई है।

## Zomato को 3.7 करोड़ का नोटिस

पीटीआई, नई दिल्ली : जोमैटो (Zomato) और ब्लिंकिट (Blinkit) की पेरेंट कंपनी इटरनल (Eternal) की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पश्चिम बंगाल के टैक्स विभाग ने कंपनी को करीब 3.7 करोड़ रुपये का GST डिमांड नोटिस थमाया है। इस रकम में टैक्स के साथ-साथ ब्याज और जुर्माना भी शामिल है। यह मामला अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के बीच का है। कंपनी ने बताया कि यह नोटिस 'आउटपुट टैक्स' का कम भुगतान करने की वजह से भेजा गया है। कंपनी इसके खिलाफ अपील दायर करेगी।

## फूड मेले में जुटेंगे 120 से ज्यादा देश

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ग्रेटर नोएडा में गुरुवार से दुनिया का बड़ा फूड मेला 'इंडसफूड 2026' शुरू हो रहा है। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने बुधवार को बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में 120 से ज्यादा देशों के कारोबारी और खरीदार जुटेंगे। माना जा रहा है कि इससे निर्यात को नई रफ्तार मिलेगी।


## हेल्थ बीमा प्रीमियम घटाने पर बैठक

NBT रिपोर्ट: हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम को कम करने और इलाज के खर्च से आम लोगों को राहत देने के लिए इस महीने वित्त मंत्रालय बीमा कंपनियों और अस्पतालों के साथ दूसरे दौर की बैठक करने जा रहा है। ET के मुताबिक, इस बैठक की अध्यक्षता फाइनेंशल सर्विसेज सेक्रेटरी एम. नागराजू करेंगे।

# इकॉनमी में तेज़ रफ्तार का अनुमान

## मौजूदा FY में 7.4% ग्रोथ का अंदाजा, 357 लाख करोड़ की होगी अर्थव्यवस्था

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com



AI Image

नई दिल्ली : अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था इस वित्त वर्ष में 7.4% बढ़ने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में GDP ग्रोथ 6.5% थी। सरकार की ओर से बुधवार को जारी GDP ग्रोथ के पहले अग्रिम अनुमान में यह तस्वीर दिखी। सेवा क्षेत्र और मैन्युफैक्चरिंग के अच्छे प्रदर्शन से इकॉनमी को सहारा मिला। दुनिया के बड़े देशों के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। 2025 में चीन की जीडीपी ग्रोथ 4.9% और 2026 में 4.4% रहने का अनुमान है।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बेस ईयर 2011-12 के कॉन्स्टेंट प्राइसेज पर इस वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 201.90 लाख करोड़ रुपये की होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024-25 में यह 187.97 लाख करोड़ रुपये की थी। वहीं, इंफ्लेशन को शामिल करते हुए नॉमिनल GDP इस वित्त वर्ष में 357.14 लाख करोड़ रुपये यानी करीब 3.97 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है। पिछले वित्त वर्ष में यह 330.68 लाख करोड़ रुपये की थी। इस तरह नॉमिनल GDP ग्रोथ 8% होने का अनुमान है। सरकार ने पिछले साल पेश बजट में नॉमिनल GDP ग्रोथ 10.1% होने का अनुमान दिया था। इसमें कमी का असर सरकार के टैक्स रेवेन्यू पर पड़ सकता है।

- **चीन से बहुत आगे:** चीन की ग्रोथ 2026 में 4.4% रहने का अनुमान है, जबकि भारत 7% के पार है।
- **खपत में तेजी:** लोगों के खर्च करने की क्षमता में भी 7% की बढ़त का अनुमान है।

पहला अग्रिम अनुमान अगले वित्त वर्ष के लिए तैयार किए जा रहे आम बजट के लिहाज से अहम है, जो 1 फरवरी को पेश किया जा सकता है।

GDP ग्रोथ का यह अनुमान इससे पहले सरकार और RBI के दिए गए अनुमानों से अधिक है। सरकार ने शुरू में 6.8% तक और RBI ने 7.3% ग्रोथ का अनुमान दिया था। पिछले महीने इंटरनैशनल मॉनिटरी फंड ने कहा था कि इस वित्त वर्ष में 6.6% ग्रोथ हो सकती है। इकॉनमी की अच्छी रफ्तार के चलते हालांकि RBI हो सकता है कि अपनी फरवरी मीटिंग में रीपो रेट न घटाए।

जनवरी-मार्च तिमाही बीतने पर सरकार फिर GDP ग्रोथ के आंकड़े जारी करेगी, जिसमें पूरे साल की असल तस्वीर दिखेगी। हालांकि अभी यह साफ है कि वेतनभोगी लोगों को इनकम टैक्स में छूट और GST रेट घटाए जाने जैसे सरकार के कदमों से इकॉनमी को अच्छा सपोर्ट मिला।

इस वित्त वर्ष में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ 7% होने का अनुमान है, जो पिछले साल 4.5% बढ़ा था। वहीं, सर्विसेज सेक्टर की ग्रोथ पिछले साल के 7.2% के मुकाबले 9.1% रह सकती है। हालांकि खेती-बाड़ी और इससे जुड़े सेक्टर की ग्रोथ सालभर पहले के 4.6% से घटकर 3.1% होने का अनुमान है।

### पहला अग्रिम अनुमान

- मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज से सहारा, खेती-बाड़ी में सुस्ती
- मैन्युफैक्चरिंग 7%, सर्विसेज ग्रोथ 9.1% रह सकती है
- खेती-बाड़ी और इससे जुड़े सेक्टर की ग्रोथ घटकर 3.1%

इनकम टैक्स, GST और ब्याज दरों में कमी, कम महंगाई और दमदार रूरल डिमांड के चलते ग्रोथ अच्छी रहने का अनुमान था। वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने और टैरिफ से निर्यात और पूंजी की आवक पर असर पड़ सकता है। सतर्क रहना होगा। *–रजनी सिन्हा, चीफ इकनॉमिस्ट, केयरएज*

कारोबारी माहौल सुधारने के सरकारी कदमों का प्राइवेट इनवेस्टमेंट्स पर पॉजिटिव असर पड़ा होगा। उम्मीद है कि सरकार बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर की रफ्तार बनाए रखेगी। *–डी के जोशी, अर्थशास्त्री, क्रिसिल*

# डिजिटल लोन ऐप्स की डेटा चोरी पर हाई कोर्ट के सवाल

## RBI से पूछा- बताएं, अब तक क्या लिया है एक्शन?



AI Image

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को डिजिटल लोन ऐप्स (लेंडिंग ऐप्स) की मनमानी पर रिजर्व बैंक (RBI) से जवाब मांगा है। कोर्ट में एक जनहित याचिका (PIL) दायर कर आरोप लगाया गया है कि ये ऐप्स लोन लेने वालों की प्राइवेसी और डेटा सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

NBT 2 मिनट में पढ़ें

चीफ जस्टिस डी. के. उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने केंद्र सरकार और RBI को नोटिस जारी करते हुए कहा कि हिमाक्षी भार्गव की यह याचिका 'एक गंभीर चिंता' की ओर इशारा करती है। कोर्ट ने कहा, हमें इस बात की फिक्र है कि आप इस पर क्या कार्रवाई कर रहे हैं।

अदालत ने RBI को आदेश दिया है कि वह एक हलफनामा दाखिल कर बताए कि साल 2025 की डिजिटल लेंडिंग गाइडलाइंस को लागू करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि RBI उन कंपनियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का भी ब्योरा दे जिन्होंने नियमों को तोड़ा है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि RBI की 2025 की गाइडलाइंस के बावजूद कई लोन ऐप्स अब भी लोगों के मोबाइल की कॉन्टैक्ट लिस्ट और कॉल लॉग्स जैसी प्राइवेट जानकारी तक पहुंच बना रहे हैं। याचिका में कहा गया कि ये ऐप्स जरूरत से ज्यादा पर्सनल डेटा जमा करते हैं और ग्राहकों को जबरदस्ती अपनी शर्तें मानने के लिए मजबूर करते हैं। याचिका में कहा गया है कि ये ऐप्स जिस तरह का डेटा ले रहे हैं, उसका लोन देने या पहचान (KYC) करने से कोई लेना-देना नहीं है।

हिमाक्षी ने दावा किया कि उन्होंने नवंबर 2025 में ही इन शिकायतों को लेकर RBI को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब इस याचिका के जरिए मांग की गई है कि नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर समय सीमा के भीतर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### मांगा जवाब

- **नियमों की अनदेखी:** साल 2025 के डिजिटल लेंडिंग नियमों के बावजूद ऐप्स कॉन्टैक्ट लिस्ट और कॉल रिकॉर्ड देख रहे हैं।
- **गैर-जरूरी कवायद:** लोन ऐप्स ऐसा डेटा मांग रहे हैं जिसका लोन प्रक्रिया या KYC से कोई वास्ता नहीं है।

# टैरिफ पर ट्रंप की चेतावनी से चिंता, नए रास्ते बनाने में जुटे निर्यातक

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com



AI Image

नई दिल्ली : अमेरिका अगर भारतीय माल पर टैरिफ और बढ़ाएगा, तो इससे निर्यात में चुनौती बढ़ेगी। निर्यातकों ने इसको लेकर चिंता जताई है। हालांकि उनका कहना है कि हाल के महीनों में जिस तरह दूसरे देशों में पैठ बढ़ाने की कोशिशें हुई हैं, उनका फायदा दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि टैरिफ बढ़ने पर यह डायवर्सिफिकेशन और तेज होगा, जिसका लंबी अवधि में लाभ होगा।

भारत के खिलाफ पहले ही 50% टैरिफ लगा चुके अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूसी तेल की खरीद का हवाला देकर टैरिफ और बढ़ाने की चेतावनी दी है। 50% टैरिफ 27 अगस्त को लागू हुआ था। इसके बाद सितंबर से नवंबर के बीच जहां अमेरिका को निर्यात सालभर पहले के 18.8 बिलियन डॉलर से घटकर 18.7 बिलियन डॉलर पर आ गया, वहीं बाकी देशों को निर्यात 89.9 बिलियन डॉलर का रहा, जो सालभर पहले 86.2 बिलियन डॉलर था।

### कहां दिख रहा फायदा?

FIEO के महानिदेशक डॉ अजय सहाय ने कहा, 'अमेरिकी टैरिफ लगने के बाद एक्सपोर्टर्स ने बहुत तेजी से डायवर्सिफिकेशन किया है। मरीन प्रोडक्ट्स सहित कई चीजों में फायदा दिखने लगा है। टैरिफ और बढ़े तो मुश्किल भी बढ़ेगी, लेकिन दूसरे मार्केट्स पर फोकस भी और बढ़ेगा। डायवर्सिफिकेशन एक लॉन्ग टर्म स्ट्रैटेजी है। हालांकि एक्सपोर्टर उम्मीद कर रहे हैं कि अमेरिका से ट्रेड डील जल्द हो जाएगी।'

### कहां निर्यात बढ़ा है?

दूसरे देशों को समुद्री उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स, रेडीमेड कपड़ों और जेम्स एंड जूलरी का निर्यात बढ़ा है। अप्रैल-अगस्त के मुकाबले सितंबर-नवंबर में समुद्री उत्पादों के निर्यात में अमेरिकी हिस्सा 35.3% से 21.7% पर आ गया, लेकिन चीन का हिस्सा 15.6% से 20.6% हो गया। थाईलैंड की हिस्सेदारी भी 2.3% से 7.6% और UAE की 8.8% से 15.3% हो गई। इलेक्ट्रॉनिक गुड्स के निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 55.2% से 41.1% पर आने की पूरी भरपाई तो नहीं हुई है, लेकिन UAE, चीन और ऑस्ट्रिया जैसे देशों को निर्यात बढ़ा है।

### US को निर्यात पर असर, दूसरे देशों को बढ़ा एक्सपोर्ट

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री दीपान्विता मजूमदार ने कहा, 'डायवर्सिफिकेशन, ग्लोबल सप्लाई चेन से बेहतर जुड़ाव और किफायती प्राइसिंग से दूसरे देशों में निर्यात और बढ़ सकता है और अमेरिका के ऊंचे टैरिफ के असर से कुछ बचाव हो सकता है। अमेरिका से ट्रेड डील हो जाए तो आसानी होगी।'

# IndiGo ने दिखाई A321 XLR की झलक



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : इंडिगो (IndiGo) एयरलाइंस ने बुधवार को अपने नए और खास विमान A321 XLR की पहली झलक दिखाई। यह भारत का पहला 'एयरबस 321 XLR' विमान है, जिसे लंबी दूरी के अंतरराष्ट्रीय सफर के लिए खास तौर पर बनाया गया है। दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान के लैंड होने की खबर देते हुए एयरलाइन ने सोशल मीडिया पर इसकी झलकियां शेयर कीं। इंडिगो ने खुशी जताते हुए कहा, भारत का पहला A321 XLR आखिरकार अपने घर पहुंच गया है। यह नैरो बॉडी होते हुए भी 8700 KM तक नॉन स्टॉप उड़ सकता है। यही खूबी इसे अलग बनाती है। 39 प्लेन आने अभी बाकी हैं।

# कपड़ा उद्योग में 2030 तक $350 बिलियन के कारोबार का लक्ष्य

## गुवाहाटी में 8-9 जनवरी को सम्मेलन : राज्य मंत्री

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने कहा है कि असम के गुवाहाटी में 8-9 जनवरी को होने वाला टेक्सटाइल मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन एक मंच है, जहां इस क्षेत्र के विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए केंद्र और राज्यों को एक साथ लाने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने इस आगामी सम्मेलन को भारत के कपड़ा क्षेत्र में भविष्य के लिए एक एकीकृत ताना बाना भी बताया। ये एक ऐसा सेक्टर है, जो लाखों लोगों की रोजी रोटी का आधार है और भारत की पहचान और विरासत को ग्लोबल मंच तक लेकर जाता है।



कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा

मंत्री ने कहा कि खेती के बाद कपड़ा देश का दूसरा सबसे बड़ा जॉब देने वाला क्षेत्र है। ये सीधे तौर पर 4.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार देता है, जबकि अप्रत्यक्ष तौर पर करीब 6 करोड़ लोगों की रोजी रोटी इससे जुड़ी है। ये क्षेत्र देश की जीडीपी में 2.3 फीसदी का योगदान देता है और औद्योगिक उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 13 फीसदी है। मार्गेरिटा ने कहा कि ये पीएम मोदी की ओर से दिए 5 एफ नजरिए को सामने रखता है, जिसके तहत ये इकॉनमी को फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन मार्केट से जोड़ता है।

मंत्री का कहना है कि वस्त्र उद्योग के आकार को 176 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 350 बिलियन डॉलर करना है। पीएम मित्र पार्क, पीएलआई स्कीम, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन और समर्थ योजना जैसी पहलों के जरिए इस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिशें जारी हैं। इस लिहाज से वस्त्र मंत्रियों का ये सम्मेलन विशेष महत्व रखता है। इसके तहत भारत को कपड़े की मैन्युफैक्चरिंग, इनोवेशन और निर्यात का एक ग्लोबल हब बनाना। दो दिन के इस प्लेटफॉर्म में इस सेक्टर के विकास को लेकर समग्र तौर पर चिंतन और विचारों का आदान प्रदान होगा।

मार्गेरिटा ने इस दौरान पीएम मोदी के एक कथन का जिक्र भी किया, जिसमें वो केंद्र और राज्यों को टीम इंडिया की तरह काम करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस दौरान इस सेक्टर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर, कच्चे माल की उपलब्धता, तकनीक के साथ साथ हथकरघा और हस्तशिल्प की समृद्ध विरासत से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार होगा। सरकार को इस समिट से बहुत उम्मीदें हैं, उसकी कोशिश है कि इस सम्मेलन से कपड़ा उद्योग में भारत को एक ऐसा केंद्र बनाया जाए जो विरासत और तकनीक का सम्मिश्रण हो।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 01-07-2026 22:25 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

## जब 14 साल के Fischer ने रचा इतिहास

आज ही के दिन 1958 में बॉबी फिशर (Bobby Fischer) ने अपना पहला US Chess चैंपियनशिप खिताब जीता था। तब वह 14 साल के थे। यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि शतरंज की दुनिया में 'फिशर युग' की शुरुआत थी। इसके साथ फिशर अमेरिका के सबसे युवा चैंपियन बने। इसी उपलब्धि ने उनके लिए 'इंटरनैशनल' के रास्ते खोले, जहां प्रदर्शन कर वे आगे चलकर दुनिया के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने।



## AI के साथ होगी Chess की साझेदारी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में शतरंज भारत के लिए सिर्फ खेल नहीं, बल्कि बौद्धिक ताकत का प्रतीक होगा। भारत दुनिया में शतरंज का नेतृत्व करेगा और सबसे ज्यादा चैंपियन वहीं से निकलेंगे। AI और मानव की साझी खेल शैली उभरेगी, वर्चुअल और होलोग्राफिक Chess टूर्नामेंट आम होंगे। खेल तेज और ज्यादा रोमांचक बनेगा। भारत में शतरंज की लोकप्रियता क्रिकेट जैसी होगी। शतरंज हमारी रणनीतिक सोच, नेतृत्व क्षमता और ग्लोबल पहचान का अहम आधार होगा।



AI Images

**SPEED News**

### ईरान ने मोसाद के लिए जासूसी करने के




के दोषी एक शख्स को फांसी दे दी। दोषी की पहचान अली अर्देस्तानी के रूप में हुई है। मोसाद इस्राइल की जासूसी एजेंसी है।



### इस्राइल ने यरुशलम के पास एक बसावट

परियोजना को शुरू करने से पहले अंतिम बाधा पार कर ली है। यह वेस्ट बैंक को प्रभावी रूप से दो हिस्सों में बांट देगी।

### अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड



रीगन के बेटे माइकल रीगन का निधन हो गया। रीगन 'न्यूजमैक्स' टीवी नेटवर्क से जुड़े थे। 'द माइकल रीगन शो' फेमस था।



### अमेरिका की खुफिया जानकारी सोवियत

संघ को बेचने वाले CIA के पूर्व एजेंट एल्ड्रिक एमेस की 84 वर्ष की आयु में मैरीलैंड की जेल में मौत हो गई।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# दुनिया के सबसे बड़े टेक्नॉलजी शो में दिखी भविष्य की साफ झलक

Pradeep.Tiwari@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दुनिया के सबसे बड़े टेक्नॉलजी इवेंट कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (CES) में भविष्य की झलक दिख रही है। अमेरिका के लास वेगस (Las Vegas) शहर में सैकड़ों टेक कंपनियां अपने नए प्रॉडक्ट्स और आइडियाज को लेकर पहुंची हैं। 6 जनवरी से शुरू हुआ टेक का यह महाकुंभ 9 जनवरी तक चलेगा। CES में 150 देशों के लोग हिस्सा ले रहे हैं। 40% से ज्यादा इनोवेटर्स इस बार अमेरिका के बाहर से हैं। 9 जनवरी तक CES में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI), डिजिटल हेल्थ, एनर्जी, रोबॉटिक्स और मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों के इनोवेशन दिखेंगे।



### शरीर से जले और कटे का दाग हटा देगी डिवाइस

दक्षिण कोरिया की कंपनी Kolmar Korea ने ऐसी डिवाइस पेश की है जो शरीर पर मौजूद पुराने निशान, जैसे जलने या कटे के दाग का इलाज भी करती है और ऊपर से मेकअप भी कर देती है। जैसे डॉक्टर एक्स-रे देखकर बीमारी समझते हैं, वैसे ही यह मशीन फोटो देखकर तय करती है कि निशान किस तरह का है। फिर खुद ही सही दवा और स्किन से मिलता-जुलता रंग चुनकर हल्का पाउडर स्प्रे कर देती है। पूरी प्रक्रिया सिर्फ 10 मिनट में पूरी हो जाती है। डिवाइस स्किन को नुकसान भी नहीं होता।

### इंसानों जैसा रोबॉट, फैक्ट्री में करेगा काम

Hyundai की कंपनी बोस्टन डायनमिक्स ने इंसान जैसा दिखने वाला रोबॉट Atlas पहली बार दुनिया के सामने पेश किया। Atlas इंसानों की तरह चल सकता है, झुक सकता है, चीजें पकड़ सकता है और वजन उठा सकता है। यह फैक्ट्री में काम करने वाला ऐसा मजदूर है जो थकता नहीं।



### ऐसा लॉलिपॉप, जिसको खाते ही आपको सुनाई देगा गाना

Lollipop Star नाम की कंपनी ने ऐसा लॉलिपॉप लॉन्च किया, जिसे खाते समय गाना सुनाई देता है। सोच रहे होंगे कि बिना ईयरफोन गाना कैसे? इसका जवाब है, हड्डियों के जरिए आवाज पहुंचाने वाली तकनीक। जब आप लॉलिपॉप को मुंह में रखते हैं, तो उससे निकलने वाली कंपन जबड़े की हड्डी के जरिए सीधे कान तक पहुंचती है। ऐसे लॉलिपॉप का मजा लेते हुए गाना सुन सकते हैं।



# तेल वेनेज़ुएला का, बेचेगा अमेरिका

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 3-5 करोड़ बैरल तेल मिलेगा

■ एपी/आईएएनएस, कराकास (वेनेजुएला)/वॉशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि वेनेजुएला में अंतरिम सरकार अमेरिका को बाजार मूल्य पर 3-5 करोड़ बैरल हाई क्वॉलिटी वाला तेल देगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि तेल जहाजों द्वारा सीधे अमेरिका पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तेल बेचा जाएगा और राष्ट्रपति के रूप में पैसे पर उनका कंट्रोल होगा लेकिन इसका इस्तेमाल वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के फायदे के लिए किया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक घर और ऑफिस वाइट हाउस वेनेजुएला के संबंध में तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ ओवल ऑफिस में शुक्रवार को मीटिंग करेगा। इसमें एक्सॉन, शेवरॉन और कोनोको फिलिप्स के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। मामले के जानकार एक व्यक्ति ने नाम उजागर न करने की शर्त पर यह जानकारी दी। तेल की कीमत करीब 56 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल है जिससे ट्रंप द्वारा मंगलवार देर रात घोषित किया गया। यह सौदा 2.8 अरब अमेरिकी डॉलर तक का हो सकता है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार, अमेरिका औसतन प्रतिदिन करीब 2 करोड़ बैरल तेल और संबंधित उत्पादों की खपत करता है। वेनेजुएला से आने वाली यह खेप लगभग ढाई दिन की आपूर्ति के बराबर होगी।

**ट्रंप बोले, चीन-रूस से रिश्ते खत्म करे वेनेजुएला:** ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से कहा है कि जब तक वे वाइट हाउस की शर्तें नहीं मानते, तब तक वेनेजुएला को और तेल निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह जानकारी सरकार की योजना से जुड़े लोगों ने दी है। एबीसी न्यूज के मुताबिक, शर्त यह है कि वेनेजुएला को चीन, रूस, ईरान और क्यूबा से अपने रिश्ते खत्म करने होंगे और उनके साथ आर्थिक सहयोग बंद करना होगा। वेनेजुएला को तेल उत्पादन के लिए केवल अमेरिका के साथ साझेदारी करनी होगी। कच्चा तेल बेचते समय भी उसे प्राथमिकता देनी होगी।



**योजना...** ट्रंप ने कहा कि तेल जहाजों से सीधे अमेरिका पहुंचाया जाएगा। उसे बेचा जाएगा और राष्ट्रपति के रूप में पैसे पर उनका कंट्रोल होगा लेकिन इसका इस्तेमाल वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के लिए होगा।

**फैक्ट है कि सभी हेलिकॉप्टर मिले**

### अपाचे पर ट्रंप ने बढ़ा-चढ़ाकर दिया बयान, डिलिवरी के लिए मिले मोदी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**डॉनल्ड ट्रंप** ने मंगलवार को एक बार फिर बढ़ा-चढ़ाकर बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि भारत ने अमेरिका से 68 अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर मंगवाए थे और उनकी डिलिवरी इतनी धीमी थी कि पीएम नरेंद्र मोदी को इस देरी पर चिंता जताने के लिए उनसे मुलाकात करनी पड़ी। TOI के अनुसार, सरकारी समझौतों, डिलिवरी रेकॉर्ड, तैनाती की जानकारी और सैन्य और कूटनीतिक सूत्रों से बातचीत की समीक्षा से पता चलता है कि यह दावा तथ्यों से मेल नहीं खाता। असल में, भारत ने कुल मिलाकर केवल 28 अपाचे हेलिकॉप्टर ही ऑर्डर किए थे, और दिसंबर 2025 तक सभी हेलिकॉप्टरों की डिलिवरी पूरी हो चुकी थी।



**कांग्रेस का तंज, बिना न्योता मिलने क्यों गए PM**

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ट्रंप के अपाचे हेलिकॉप्टर सौदे को लेकर दिए गए ताजा बयान पर कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर पीएम बिना न्योते ट्रंप से मिलने क्यों पहुंचे थे। पार्टी का कहना है कि ट्रंप के बयान ने मोदी सरकार की विदेश नीति और अमेरिका के साथ रिश्तों की हकीकत उजागर कर दी है। जिस मुलाकात को कूटनीतिक उपलब्धि बताकर प्रचारित किया गया था, उसी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### टैरिफ पर मैक्रों का उड़ाया मज़ाक

ट्रंप ने अपनी पार्टी के सांसदों को संबोधित करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ हुई बातचीत का जिक्र किया। राष्ट्रपति ने दावा किया कि फ्रांसीसी नेता से प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की कीमतें बढ़ाने के लिए कहा। शुरू में मैक्रों ने मना कर दिया। मगर, ट्रंप ने शैंपेन और वाइन सहित फ्रांसीसी सामान टैरिफ का सामना करने के लिए तैयार हो जाएं। ट्रंप ने बताया, "मैक्रों ने कहा डील मंजूर है। गुजारिश है इस बारे में लोगों को मत बताइएगा।"




**वाइट हाउस बोला**

### ग्रीनलैंड पर हमले की सोच रहा US



एपी, कोपेनहेगन : अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रहा है। उसमें सैन्य कार्रवाई भी शामिल हो सकती है। वाइट हाउस ने कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना अमेरिका के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा की प्राथमिकता है। अमेरिका के सैन्य कार्रवाई के बारे में सोचने के बयान देने के बाद डेनमार्क और ग्रीनलैंड अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ बैठक करने की मांग की है।

## भारत-वेनेज़ुएला के रिश्तों की गवाह एक सड़क...





नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में डिप्लोमैट इलाके में है यह सड़क।

Meghna.Dhulia@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अमेरिका के हमलों के कारण लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला सुर्खियों में है। इस वक्त दिल्ली में मौजूद एक सड़क दोनों देशों के पुराने और गहरे रिश्तों की याद दिलाती है। चाणक्यपुरी के राजनयिक क्षेत्र में स्थित साइमन बोलिवर मार्ग का नाम वेनेजुएला के स्वतंत्रता सेनानी साइमन बोलिवर के नाम पर कई दशक पहले रखा गया था।

घने पेड़ों से घिरी यह सड़क दिल्ली की रोजमर्रा की भागदौड़ में सहज रूप से घुली हुई है। मगर, वैश्विक संकट के समय, इस हरी-भरी सड़क पर लगा साइनबोर्ड साझा इतिहास, विचारधाराओं और भारत के उपनिवेश-विरोधी संघर्षों के प्रति लंबे समय से चले आ रहे समर्थन की याद दिलाता है। साइमन बोलिवर मार्ग कौटिल्य मार्ग से सरदार पटेल मार्ग तक जाती है और नई दिल्ली के राजनयिक इलाके के बीच से गुजरती है। इतिहासकारों के अनुसार, चाणक्यपुरी की कई सड़कों की तरह इसका नाम भी सोच-समझकर रखा गया था। 1947 के बाद दिल्ली की योजना बनाने वालों ने उन नेताओं को सम्मान दिया जो औपनिवेशिक शासन से आजादी के प्रतीक थे।



(1783–1830)

### साइमन बोलिवर कौन थे?

- साइमन बोलिवर दक्षिण अमेरिका के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में थे। उन्होंने स्पैनिश साम्राज्य से आजादी दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।
- कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू और वेनेजुएला की आजादी में उन्होंने नेतृत्व किया।
- गुलामों को आजादी देने की मांग की।
- लैटिन अमेरिकी देशों के लिए यूनियन का विचार रखा।
- दक्षिण अमेरिका की आजादी के प्रतीक होने के कारण उन्हें मुक्तिदाता कहा जाता है।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. केंद्र ने 2025-26 में GDP वृद्धि दर कितना रहने का अनुमान जताया है?
A. 7.4% B. 6.4% C. 7%
2. अमेरिका ने वेनेजुएला से जुड़े किस देश का झंडा लगे ऑयल शिप को जब्त किया है?
A. रूस B. चीन C. ग्रीनलैंड
3. किस देश ने मोसाद के लिए जासूसी के लिए एक शख्स को फांसी दी है?
A. इराक B. कुवैत C. ईरान
4. एशियन गेम्स में गोल्ड विनर किस धावक ने संन्यास लिया है?
A. ललिता बाबर B. जिन्सन जॉनसन C. हिट्टू दुका
5. सोवियत संघ को US की खुफिया जानकारी देने वाले शख्स का नाम क्या है, जिनकी जेल में मौत हो गई?
A. एल्ड्रिक एमेस B. फ्रेडरिक जेम्स C. टॉमस रेज

**कल के जवाब**

A1 B. DRDO A2 C. 12.55 करोड़ A3 A. मेटे फ्रेडरिकसेन A4 C.14 वैर A5 B. 424 स्थान

**लकी विनर्स**



1. राजीव जैन, नई दिल्ली
2. संकेत भटनागर, नई दिल्ली
3. विशुन कुमार वर्मा, गाजियाबाद

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

**लक्जमबर्ग में भारतीयों से बात**

## टैरिफ पर दबाव बनाने की कोशिश: जयशंकर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अमेरिका के** साथ ट्रेड डील और भारी भरकम एकतरफा टैरिफ लगाए जाने के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि यह पहली बार नहीं है, जब भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। लक्जमबर्ग के दौरे के वक्त वहां भारतीय में डायस्पोरा के साथ हुए संवाद में विदेश मंत्री ने एक सवाल के जवाब में ऐसा कहा। हालांकि इस दौरान उन्होंने अमेरिका का नाम नहीं लिया।

> देश वो करते हैं जो फायदा देता है, बाकी को सलाह दी जाती है

जयशंकर ने इस दौरान अटल बिहारी वाजपेयी के वक्त हुए 1998 के परमाणु परीक्षणों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस वक्त देश के राजनीतिक नेतृत्व ने जब ये फैसला लिया तो ये कोई आसान निर्णय नहीं था। उस वक्त भी भारत के खिलाफ प्रतिबंध और दूसरे कड़े निर्णय देखे गए। जयशंकर ने आगे कहा कि देशों को इन सब चुनौतियों के बावजूद कड़े फैसले लेने पड़ते हैं और उन पर कायम रहना पड़ता है।

इसके साथ ही विदेश मंत्री ने बिना नाम लिए अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा कि आज के वक्त में देश वही काम करते हैं, जिनसे उनका सीधा फायदा होता है, लेकिन दूसरों को फ्री की सलाह दी जाती है।



> मौजूदा संकट के बीच वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दी जाए। उनकी सुरक्षा को लेकर हम चिंतित हैं। -एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

**कहा, पाक के शहरों में आतंकी कैंप**

जयशंकर ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि दशकों तक पाकिस्तान में आतंकी ट्रेनिंग कैंप मौजूद रहे। ये गुप्त तरीके से वहां मौजूद नहीं थे बल्कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में चल रहे थे, जहां की सरकार और सेना ने आतंक को सपोर्ट किया। पाकिस्तान इसे इस तरह से नॉर्मलाइज करता है, जैसा कि ऐसा करना उनका अधिकार हो।

## हूती विरोधी अलगाववादी नेता निष्कासित

■ एपी, दुबई: यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ने वाली एक परिषद ने बुधवार को कहा कि उसने अलगाववादी आंदोलन के एक नेता को निष्कासित कर दिया है और उस पर देशद्रोह का आरोप है। यह कदम सऊदी समर्थित बलों और संयुक्त अरब अमीरात द्वारा समर्थित सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीसी) के बीच हालिया तनाव को दर्शाता है। सऊदी अरब ने इससे पहले बुधवार को कहा था कि एसटीसी नेता ऐदारौस अल-जुबैदी के सऊदी अरब आने की उम्मीद थी, लेकिन वह विमान में सवार नहीं हुए।

> परिषद ने देशद्रोह का आरोप होने की बात कही है

## मोदी और नेतन्याहू में फोन पर हुई बात, दोनों ने कहा- आतंक बर्दाश्त नहीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने बुधवार को इस्राइल के पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ फोन पर बात की। इस बातचीत की जानकारी खुद पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट लिखकर दी।

पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने इस बातचीत में नेतन्याहू और इस्राइल के लोगों को नए साल की शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच भारत- इस्राइल रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करने के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की गई। भारत सरकार की ओर से जारी हुए बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस के अपने रुख को दोहराया। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ लड़ाई की जरूरत पर बल दिया।



**गाजा शांति प्लान के बारे में बताया**

नेतन्याहू ने पीएम मोदी को गाजा शांति योजना के क्रियान्वयन को लेकर जानकारी दी। इस दौरान पीएम मोदी ने इस क्षेत्र में स्थाई और दीर्घकालिक शांति को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का जिक्र किया। दोनों नेताओं ने साझा हितों के क्षेत्रीय और ग्लोबल मुद्दों पर भी चर्चा की। इस दौरान दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने पर भी सहमति जताई। नेतन्याहू के भारत यात्रा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। अभी तक नेतन्याहू के दौरे को लेकर दोनों पक्षों की ओर से कोई तारीख सामने नहीं आई है।

## PSLV-C62 मिशन 12 को होगा लॉन्च

■ **पीटीआई, बेंगलुरु:** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (ISRO) 12 जनवरी को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से PSLV-C62 मिशन लॉन्च करेगा। इसरो नए साल के अपने पहले मिशन की तैयारी में जुट गया है। इसरो के एक अधिकारी के अनुसार, इस मिशन का प्राइमरी पेलोड EOS-N1 है, जो डिफेंस रिसर्च एंड डिवेलपमेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा रणनीतिक उद्देश्यों के लिए बनाया गया इमेजिंग सैटलाइट है। इसरो ने बताया कि PSLV-C62 को 12 जनवरी को सुबह 10 बजकर 17 मिनट पर लॉन्च किया जाएगा। रॉकेट में स्पेन के एक 'स्टार्टअप' द्वारा विकसित केस्ट्रेल इनिशियल डेमॉन्स्ट्रेटर भी होगा।

## 'इंकलाब मंच' ने हादी केस में चार्जशीट खारिज की

■ पीटीआई, ढाका

**बांग्लादेश में** इंकलाब मंच ने अपने नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के मामले में ढाका पुलिस की चार्जशीट खारिज कर दी। साथ ही आरोप लगाया कि इस हत्याकांड में सरकारी तंत्र भी शामिल है।

> पार्टी ने कहा, हत्या में सरकारी तंत्र भी शामिल है

बांग्ला न्यूज पेपर प्रथम आलो की खबर के अनुसार पार्टी ने मंगलवार को चेतावनी दी कि अगर न्याय नहीं मिला तो जिन लोगों ने खून बहाया है, उन्हें खून का जवाब खून से देने पर मजबूर होना पड़ सकता है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) ने हत्या के मामले में मुख्य आरोपी फैसल करीम मसूद समेत 17 लोगों के खिलाफ मंगलवार को औपचारिक चार्जशीट दायर की। पुलिस का कहना है कि अवामी लीग समर्थित वॉर्ड काउंसलर तैजुल इस्लाम चौधरी बप्पी के कहने पर राजनीतिक बदले के तहत हादी की हत्या की गई।

इंकलाब मंच के सदस्य सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने कहा कि कोई पागल ही इस बात पर विश्वास करेगा कि हादी की हत्या सिर्फ एक वॉर्ड काउंसलर के कहने पर हुई।



हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी।

**पार्टी ने दी नतीजा भुगतने की धमकी**

जाबेर ने कहा कि पार्टी ने न्याय की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन किए, लेकिन चार्जशीट से साफ है कि सरकार ने जनता की भावना को नजरअंदाज किया और लोगों को मूर्ख समझा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हादी मामले में न्याय नहीं मिला और इस मामले में भारतीय दबाव खत्म नहीं हुआ, तो लोग इसके नतीजे खुद अपनी आंखों से देखेंगे।

# NBT GOOD न्यूज़

**मुस्कुराता चेहरा जल्दी नहीं भूलता**
एक स्टडी के मुताबिक मुस्कुराते हुए चेहरे लोगों की यादाश्त में लंबे समय तक बने रहते हैं, जबकि सामान्य चेहरे जल्दी भूल जाते हैं।

## NBT जन्मदिन मुबारक

### यश

यश (नवीन कुमार गौड़ा) का जन्म 8 जनवरी 1986 को हुआ। उन्होंने टीवी और थिएटर से करियर शुरू किया और कन्नड़ फिल्म 'मोगिना मनसु' से फिल्मों में कदम रखा। K.G.F. से उन्हें रॉकी भाई के रूप में पैन-इंडिया पहचान मिली। उन्होंने राधिका पंडित से शादी की, उनके दो बच्चे भी हैं।

### सागरिका घाटगे

सागरिका घाटगे का जन्म 8 जनवरी 1986 को हुआ। 'चक दे! इंडिया' (2007) में प्रीति सभरवाल के किरदार से उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जहीर खान से 2017 में शादी की। सागरिका कई हिंदी और मराठी फिल्मों में काम कर चुकी हैं और फिक्शन 'फैक्टर: दरारों के खिलाड़ी' की फाइनलिस्ट भी रहीं।

### नुसरत जहां

बंगाली सिनेमा से राजनीति का सफर तय करने वाली नुसरत जहां का जन्म 8 जनवरी 1990 को कोलकाता में हुआ। नुसरत ने 2010 में मॉडलिंग से करियर शुरू किया। फेयर वन मिस कोलकाता बनीं। 2011 में 'शत्रु' से बंगाली फिल्मों में डेब्यू किया। 2019 में TMC जॉइन कर बशीरहाट से सांसद बनीं।

### माणिक साहा

8 जनवरी 1953 को जन्मे त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा पेशे से डेंटिस्ट हैं। 2016 में कांग्रेस छोड़ बीजेपी में आए। 2020 में वह त्रिपुरा बीजेपी चीफ बने। त्रिपुरा में 2021 में सभी 13 नगर निकायों में बीजेपी की जीत का सेहरा माणिक साहा के सिर ही बंधा। 2022 में वे CM बने।

## विचार

सफलता का मतलब है खुद को पसंद करना, जो आप करते हैं उसे पसंद करना और कैसे करते हैं उसे पसंद करना।
— माया एंजेलो (Maya Angelou)

## ज़रा हंस लें

10 डॉक्टर, 6 इंजीनियर और 1 टीचर हेलीकॉप्टर की रस्सी से लटके हुए थे। **पायलट:** वजन ज्यादा है, 1 आदमी को रस्सी छोड़नी पड़ेगी। **टीचर:** ये कुर्बानी हम देंगे, क्योंकि हम टीचर हैं... तो बजाओ तालियां। सभी डॉक्टर और इंजीनियर तालियां बजाने लगे, जनाब खुद ही कम हो गया। गुरु तो आखिर गुरु होता है।

## कविता : लेखनी

लेखनी की ताकत को ना समझो कम,
दुनिया को बदल दे इतना है इसमें दम।
प्रेम की परिभाषा भी लिखते हैं,
सत्यता, निष्पक्षता के साथ भी गढ़ते हैं।

अनीतियों पर तलवार से भी तेज चलती है,
निराशा के तिमिर को आशा के शब्दों से मिटाती है।
क्रांतिकारियों का गुणगान कर देशप्रेम का संचार करती है,

'प्रकृति की पुकार' जन-जन तक पहुंचाती है।
जग की परम शक्ति है लेखनी यही वास्तविकता है,
या डिजिटल, सही दिशा में उपयोग इसका सुरक्षित करें आज और आने वाला कल।

— लक्ष्मी गुप्ता, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

**कॉटन से कोर्ट तक** विदेशी सितारे मैच के बाद ट्रॉफी के साथ घर ले जाना नहीं भूलते देसी तौलिया

# कैसे विंबलडन की कहानी में रचा-बसा गुजरात?

Hritik.Joshi@timesofindia.com

■ **कच्छ:** जब टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 2006 में अपना चौथा विंबलडन खिताब जीता, तो वह ट्रॉफी के साथ चैंपियनशिप में इस्तेमाल हुए पारंपरिक ग्रीन-पर्पल तौलिया भी साथ ले गए। तब फेडरर ने कहा था, 'मैं ये तौलिए अपने साथ ले जाता रहा हूं। अब तो मेरे पास इनका एक बड़ा कलेक्शन हो चुका है। यह एक अच्छा तोहफा है।'

इसके बाद आया साल 2009। लंदन में विंबलडन के सेंटर कोर्ट में हजारों दर्शकों की तालियों के बीच फेडरर तौलिए से अपना पसीना पोंछ रहे थे। लेकिन इस बार 100 पर्सेंट कॉटन से बना यह टेरी टॉवल इनके हाथों में यहीं और से नहीं बल्कि गुजरात के कच्छ में वेलस्पन के कारखाने से सीधे पहुंचा है, जहां दुनियाभर से ट्रकों, जहाजों में लदकर रूई की कई वैरायटी एक छत के नीचे आती हैं और फिर बड़ी-बड़ी मशीनों में उछल-कूद करती हुई लंबा धागा बनकर निकलती है। इसी फैब्रिक से फिर बेडशीट्स और तौलिए बनते हैं।

वेलस्पन वर्ल्ड (Welspun World) भारत के सबसे बड़े व्यापारिक समूहों में से एक है, जो बेडशीट्स से लेकर कॉटन टैक तक का एक्सपोर्ट करता है। खास बात यह है कि वेलस्पन ने 2006 में ब्रिटेन की प्रीमियम तौलिए बनाने वाली कंपनी क्रिस्टी को खरीदा था, जो 1987 से खास तौर पर विंबलडन के तौलिए बनाती आ रही थी। आज वही तौलिए पिछले 17 सालों से वेलस्पन के वापी प्लांट में तैयार हो रहे हैं। वापी से करीब 650 km दूर कच्छ के अंजार स्थित वेलस्पन के प्लांट में कंपनी ने फेडरर के हस्ताक्षर वाला तौलिया सहेज कर रखा है। प्लांट में असिस्टेंट जनरल मैनेजर मितेश मोदी बताते हैं कि कपास अमेरिका, मिस्र और इजराइल जैसे देशों से कॉटन की अलग-अलग वैरायटी मंगाते हैं और उनसे अलग-अलग क्वॉलिटी के प्रोडक्ट तैयार किए जाते हैं। विंबलडन के टॉवल वापी प्लांट में इंडिया की कॉटन सीड वैरायटी DCH से तैयार होते हैं।





अंजार प्लांट में काम करतीं महिलाएं



रोजर फेडरर के हस्ताक्षर वाला विंबलडन टॉवल वेलस्पन के अंजार प्लांट में रखा है

■ क्रिस्टी को वेलस्पन ने 2006 में टेकओवर किया
■ **2009 से गुजरात में बन रहे हैं विंबलडन टॉवल**
■ खिलाड़ी इन्हें याद के तौर पर साथ ले जाते हैं
■ पर्पल-ग्रीन के अलावा हर साल अलग रंग के सीजनल टॉवल भी रिलीज होते हैं

### सॉफ्ट होने के साथ जल्दी सूख भी जाते हैं ये तौलिए

कंपनी के प्रशासनिक विभाग के हेड मेजर (रिटायर्ड) रोशन के अनुसार, 'विंबलडन के तौलिए, जिनकी भारतीय बाजारों में कीमत करीब 1800 से 2000 रुपए होती है, टूर्नामेंट से कुछ महीनों पहले ही बनने शुरू होते हैं। इन तौलियों को प्लेयर्स मैच के दौरान पसीना पोंछने के लिए इस्तेमाल करते हैं। विंबलडन हर साल अपने क्लासिक ग्रीन-पर्पल रंग के अलावा एक सीजनल थीम वाले तौलिए भी रिलीज करता है। इनके तौलियों की खासियत यह है कि ये सॉफ्ट होने के साथ-साथ बहुत जल्दी सूख भी जाते हैं। हर प्लेयर को कोर्ट में दो तौलिए मिलते हैं, लेकिन कई खिलाड़ी जैसे नोवाक जोकोविच, इन्हें रिपटेक मानते हैं कि वे इन्हें अपने साथ ले जाने से रोक नहीं पाते।

# धोती-कुर्ता पहने खिलाड़ी, संस्कृत में कमेंट्री और क्रिकेट का जुनून

Ramendra.Singh@timesofindia.com


Rajeev Sarathe




■ **भोपाल:** सोमवार को भोपाल के शिवाजी नगर स्थित अंकुर मैदान पर नजारा कुछ अलग ही था। वहां सिर्फ क्रिकेट का मुकाबला नहीं हो रहा था, बल्कि संस्कृति और खेल का एक अनोखा संगम देखने को मिला। मौका था छठी 'महर्षि मैत्री क्रिकेट सीरीज' का, जहां खिलाड़ियों ने लोअर-टी शर्ट नहीं, बल्कि अपनी धोती-कुर्ता पहनकर मैदान संभाला। यह टूर्नामेंट अब अपने छठे साल में है।

इस टूर्नामेंट की सबसे खास बात इसकी भाषा है। यहां अंपायर का फैसला हो या कमेंट्री का रोमांच, सब कुछ शुद्ध संस्कृत में गूंज रहा है। जब बाउंड्री पर गेंद जाती है तो उसे 'चतुष्कम' (चौका) और 'षट्कम' (छक्का) कहा जाता है। गेंद को 'कन्दुकम्', पिच को 'क्षिप' और रन को 'धावनम्' कहकर जब खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया जाता है, तो वहां मौजूद हर शख्स का दिल गर्व से भर उठता है।

इस आयोजन के पीछे पंडित विष्णु राजौरिया (चेयरमैन, परशुराम कल्याण बोर्ड), पंडित अभिषेक दुबे (चेयरमैन) और अंकुर पांडेय (सेक्रेटरी) की खास भूमिका है। अंकुर पांडेय ने बताया कि इसका मकसद युवाओं को अपनी भाषाई और आध्यात्मिक विरासत पर गर्व महसूस कराना है। टूर्नामेंट में दिल्ली की लाल बहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृत यूनिवर्सिटी समेत उज्जैन, इंदौर, नागपुर और जबलपुर जैसी 27 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

### इनाम में दी जा रहीं धार्मिक किताबें

पहले दिन पाणिनी गुरुकुल ने मां शारदा गुरुकुल को हराया, जिसमें दीपेश 'मैन ऑफ द मैच' बने। वहीं, गांधी नगर ने हिमालय को मात दी और मयंक को 'मैन ऑफ द मैच' मिला। 9 जनवरी को होने वाले फाइनल के विजेताओं को ₹25,000 और 'पुराण' भेंट किया जाएगा। इनाम के तौर पर भगवद गीता और रामचरितमानस जैसी पवित्र पुस्तकें देकर युवाओं को धर्म और खेल के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

**पेट को ठीक करे, प्रेग्नेंट महिलाओं में आयरन बढ़ाए: रिपोर्ट**

# बासी चावल की कांजी में छिपा सेहत का राज़!

■ NBT रिपोर्ट, चेन्नै






तमिलनाडु और कई राज्यों में पारंपरिक रूप से खाया जाने वाला पझाया सोरु कांजी यानी मिट्टी के बर्तन में रात भर भिगोया हुआ बासी चावल अब डॉक्टरों की मान्यता भी पा चुका है। चेन्नै के स्टेनली मेडिकल कॉलेज की रिसर्च बताती है कि यह गर्भवती महिलाओं और खून की कमी से जूझ रही लड़कियों के लिए खास फायदेमंद है। रिसर्च में पाया गया कि 100 ग्राम पके चावल में आयरन लगभग 3.4 मिलीग्राम होता है, लेकिन मिट्टी के बर्तन में 12 घंटे भिगोने के बाद यह 73.91 मिलीग्राम तक बढ़ जाता है, जो गर्भवती महिलाओं की रोज की जरूरत से दोगुना है। छह महीने तक खाली पेट इसका सेवन पेट की गंभीर बीमारियों में भी लाभकारी पाया गया। इसमें लैक्टोबैसिलस जैसे अच्छे बैक्टीरिया और 200 से अधिक पोषक तत्व मौजूद हैं। तमिलनाडु सरकार इसे किशोरियों की डाइट में शामिल करने की योजना बना रही है।

# CM ने छात्रों के साथ किया संवाद

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के छात्रों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में जो ऊर्जा, दृष्टि और राष्ट्र के प्रति समर्पण दिखाई देते हैं, वही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। CM ने कहा कि छात्रों का यह संकल्प इनोवेशन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गई तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं: (1) **निविदा संख्या:** एस.एंड.टी./बी.के.एन-25-26-30 (2) **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर मौजूदा टोकनलेस साइडिंग के विस्तार के लिए S&T से संबंधित कार्य। (3) **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 13093067.48/- (4) **बिड सिक्योरिटी:** ₹ 215500.00/- (5) **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 29.01.2026 को 15.00 बजे तक (6) **वेबसाइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in 18-DK/26

NWRailways NWRailways

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: सी-एसयूआर-डीटी-07-01-26**, भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से सीनि. सीडीओ, संतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल द्वारा नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पात्र निविदाकारों से इसके लिए नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर सिर्फ ऑनलाइन आवेदन करने का अनुरोध किया जाता है। कोई भी ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विवरण के लिए कृपया दस्तावेज अनुभाग में अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज पढ़ें। **कार्य का नाम:** 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए डी-3 अनुसूची के दौरान अपर गीयर अटेंडेंट हेतु कॉम्प्रिहेंसिव कार्यकलाप। **निविदा मूल्य:** रु. 3,46,62,143.36 (जीएसटी सहित); **ईएमडी:** रु. 3,23,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख:** 02.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे। (PR-1038)

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. DCE-BL-01-02-2026**

उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं— क्र.सं. 1.: ई-निविदा सं.: DCE-BL-01-2026; **कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल पर स्थित पुल सं.—43(9x24.40m), 35(10x12.2m), 26(2x12.20m), 40(2x12.20m), 92(2x12.20m), 102(3x12.20m), 513(1x45.70m), 173(1x20.0), 176(1x20.0m), 177(1x20.0m), 179(1x20.0m), 181(1x20.0m), 183(1x20.0m), 184(1x20.0m), 185(1x20.0m), 30(2x18.30m), 459(2x6.1+2x18.30m), 482(2x6.1+3x18.30m), 83(6x20.0m), 47(5x20m), 404(2x18.3+3x12.20m), 410(2x12.20m), 68(9x12.20m), 79(4x12.20m) पर साईड पाथवे का प्रावधान। **अनुमानित लागत(₹):** ₹4,55,06,707.54; **बयाने की राशि (₹):** ₹3,77,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन अवधि:** 18 (अट्ठारह) माह। क्र.सं. 2.: ई-निविदा सं.: DCE-BL-02-2026; **कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर स्थित पुल सं.— 238UP (3x18.3m), 7(4x12.2m), 377UP (6x9.15m), 60(4x12.2m), 77(6x12.2m), 89(6x12.2m), 90(5x9.14m), 96(5x12.2m), 120DN (5x12.2m), 176A (3x12.2m), 386UP (4x9.1m), 50A (2x12.2m), 58A (8x12.2m), 69(2x18.3+4x24.4m), 74A (3x12.2m), 82(3x12.2.M), 139DN (1x18.30m), 89(6x12.2m), 67(6x12.20m), 103(3x12.20m), 363DN (3x12.20m), 60(4x12.2m), 139UP (1x18.30m), 120UP (5x12.2m) पर साईड पाथवे का प्रावधान। **अनुमानित लागत(₹):** ₹4,25,80,179.64; **बयाने की राशि (₹):** ₹3,62,900/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन अवधि:** 18 (अट्ठारह) माह। 1. ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक **29.01.2026** को 11:00 बजे। 2. ई-निविदा की प्राप्ति की तिथि दिनांक **29.01.2026** को 10:59 बजे. 3. ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य इंजीनियर/पुल लाईन गोरखपुर
पुआसि/कमल्–404
टेंडरों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं. 92202S2026 दिनांक : 05.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई- निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **30.01.2026** को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| | |
|---|---|
| क्र.सं. : 1 / निविदा नं.: 223 | अनुमानित मूल्य (₹) : ₹ 3,99,56,386.85 |
| कार्यों का विवरण: वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर / प्रथम / प्रयागराज के अधीन सेक्शन में 60 दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर 30 बिस्तरों वाले रनिंग रूम और लाबी का निर्माण का कार्य। | |
| बयाने की रकम ₹ : ₹ 3,49,800.00 | कार्य समापन की अवधि : 12 माह |
| निविदा खुलने की तिथि : 30.01.2026 | |
| सिमिलर कार्य के लिये न्यूनतम तकनीकी आधार: कंस्ट्रक्शन ऑफ बिल्डिंग | |

नोट :- 1. ऑनलाइन निविदा निविदा खुलने की तिथि को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है। 34/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**पहचान की अपील**


विघटित


एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 40—45 साल, कद: 5.2 फुट, रंग: गेहुंआ, जो दिनांक 04.01.2026 को KM Pole No. 1523/21 to 1523/19 TKD Main Line Up रेल दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में डी.डी. सं. 40ए दिनांक 04.01.2026 को थाना हज़रत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:—

थानाध्यक्ष: थाना हज़रत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली
दूरभाष सं.: 8700656821, 8750871311
DP/306/RLY/2026

# इस वर्कशॉप में सीखें पुराने कपड़ों का नया इस्तेमाल

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लाया है अपसाइक्लिंग क्लोद्स वर्कशॉप जिसमें फैशन डिजाइनर और ब्रैंड अनुभा की फाउंडर अनुभा नाबियार आपको बताएंगी कि इस साल कौन सा फैशन रहेगा ट्रैंड में। इसके साथ वह यह भी बताएंगी आप कैसे अपने पुराने कपड़ों को नए फैशन में ढालकर इस्तेमाल कर सकते हैं और उनका क्या-क्या इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना होगा बस रजिस्ट्रेशन।


अनुभा नाबियार, फाउंडर ब्रैंड अनुभा

**तारीख:** 15 जनवरी 2026
**टाइम:** 3 बजे से 4 बजे
**वेन्यू:** टाइम्स हाउस 7, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली
**फीस:** निःशुल्क

इस वर्कशॉप में हिस्सा लेने के लिए +91 7003890071 पर फोन करें या वॉट्सऐप करें।

# तीन महीने से बिन बारिश दिल्ली, दिन में भी कंपकंपाती ठंड

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बीते तीन महीने से राजधानी में बारिश नहीं हुई है। सर्दियों के इन तीन महीनों में राजधानी में करीब 32 एमएम बारिश होती है, लेकिन जनवरी के पहले हफ्ते में पालम एरिया में हल्की बूंदाबांदी के अलावा कोई बारिश नहीं हुई। इससे पहले सात अक्टूबर को बारिश हुई थी। बारिश न होने की वजह से सूखी ठंड परेशानी का सबब बन रही है। इतने लंबे समय तक बारिश का न होना असामान्य माना जा रहा है।

बारिश न होने से सर्दियों का पैटर्न भी थोड़ा बदल गया है। इस बार दिन का तापमान यानी अधिकतम तापमान सामान्य से कम चल रहा है। दिन में ठंडी हवाएं शीत लहर जैसी स्थिति बना रही हैं। हालांकि न्यूनतम तापमान अभी सामान्य बना हुआ है। आमतौर पर जनवरी के शुरुआती पंद्रह दिनों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर जाता है, लेकिन इस बार यह 6.6 डिग्री से नीचे नहीं गया है। जबकि 2025 में यह 4.8 डिग्री, 2024 में 3.3 डिग्री, 2023 में 1.4 डिग्री, 2022 में 4.2 डिग्री, 2021 में 1.1 डिग्री और 2020 में 2.4 डिग्री तक गया था। जनवरी में दिन के समय धूप निकलती है, लेकिन इस बार पैटर्न बदला हुआ है। दिन में बादल और कोहरे की वजह से ठंडक बनी हुई है। अधिकतम तापमान 18 डिग्री से ऊपर नहीं गया है, जबकि सामान्य तौर पर यह 20 से 21 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाता है।

## दिल्ली-NCR

# NDMC बजट: प्रॉपर्टी टैक्स में कोई बढ़ोतरी नहीं, 24 घंटे पानी और ग्रीनरी पर फोकस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**कन्वेंशन सेंटर** में बुधवार को एनडीएमसी का साल 2026-27 का बजट पेश किया गया, जो साल 2025-26 की तुलना में करीब 4.6 प्रतिशत ज्यादा है। आगामी साल के बजट में भी प्रॉपर्टी टैक्स में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। प्रॉपर्टी टैक्स गणना के लिए एमसीडी की तरह ही यूनिट एरिया मेथड भी लागू करने का प्लान है। साल 2025-26 का संशोधित बजट 5689.27 करोड़ है, जबकि आगामी वित्तीय वर्ष का बजट 5963.07 करोड़ रुपये है।

बजट पेश करते हुए चेयरमैन केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने कहा कि पिछले साल की तरह ही इस साल भी बजट करीब 205 करोड़ रुपये सरप्लस है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। साल 2025-26 में 5770.60 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया गया था। संशोधित बजट 5689.27 करोड़ का है। इसके तुलना में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 5963.07 करोड़ रुपये है जो करीब 4.6 प्रतिशत ज्यादा है। इस साल एनडीएमसी एरिया में कई नए काम शुरू किए जाएंगे। जिसमें एनडीएमसी के तमाम इलाकों में 24 घंटे वॉटर सप्लाई सुनिश्चित करना और सड़कों के किनारे ग्रीन बेल्ट एरिया की सिंचाई के लिए ड्रिप इरिगेशन तकनीक का इस्तेमाल करना है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी एरिया में भी प्रॉपर्टी टैक्स कैलकुलेशन के लिए एमसीडी की तरह ही यूनिट एरिया मेथड लागू किया जाएगा, ताकि लोगों को मौजूदा टैक्स मेथड की तुलना में कम टैक्स देना पड़े।

**एनडीएमसी एरिया के 13 सड़कों पर ड्रिप इरिगेशन सिस्टम:**
दिल्ली में पहली बार सड़कों पर बने ग्रीन बेल्ट एरिया के लिए ड्रिप इरिगेशन सिस्टम का इस्तेमाल एनडीएमसी एरिया में किया जाएगा। ड्रिप इरिगेशन के लिए कुछ सड़कों पर पाइपलाइनें बिछा भी दी गई हैं। इसके अलावा तीन पार्कों में सिंचाई भी ड्रिप इरिगेशन सिस्टम से की जाएगी। इन सड़कों में नेहरू पार्क, पेशवा रोड, मंदिर मार्ग, आरके आश्रम मार्ग, भाई वीर सिंह मार्ग, शांति पथ, पंचशील मार्ग, अशोक रोड, सी-हेक्सागन, अरविंदो मार्ग और अकबर रोड हैं।

एनडीएमसी एरिया में 24 घंटे वॉटर सप्लाई :
एनडीएमसी के सभी इलाकों में 24X7 वॉटर सप्लाई का भी प्लान बजट में शामिल किया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह योजना चाणक्यपुरी और विनय मार्ग इलाके में लागू की जाएगी। विनय मार्ग इलाके में स्थित 850 घरों को 24 घंटे वॉटर सप्लाई पाइपलाइनों से जोड़ने का काम भी शुरू हो चुका है। काम इस साल के अंत तक पूरा हो जाएगा। एनडीएमसी एरिया में कुल 18,366 पानी के कनेक्शन हैं जिसमें से कमर्शल 3509, घरेलू 11,846 और अन्य 3011 कनेक्शन हैं। एनडीएमसी के बाकी इलाकों में 24 घंटे पानी सप्लाई के लिए मार्च, 2026 तक कंसलटेंट की नियुक्ति की जाएगी। 24 घंटे पानी सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए 20,712 अडवांस लेवल के स्मार्ट वॉटर मीटर लगाए जाएंगे। वॉटर सप्लाई संबंधित शिकायतों के लिए ओल्ड आरके आश्रम मार्ग पर सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। इसके लिए बजट में 220.28 करोड़ रुपये वॉटर सप्लाई डिपार्टमेंट को अलॉट किया गया है।

■ साल 2025-26 की तुलना में एनडीएमसी का बजट 4.6% ज्यादा
■ 13 सड़कों पर ड्रिप इरिगेशन और लोधी कॉलोनी में मियावाकी फॉरेस्ट
■ 80 साल पुराना ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने के लिए 24.58 करोड़ रुपये अलॉट



**लोधी कॉलोनी में मियावाकी फॉरेस्ट होगा डिवेलप:** चहल ने कहा कि एनडीएमसी एरिया के लोधी कॉलोनी स्थित नजफ खान रोड पर मियावाकी फॉरेस्ट डिवेलप किया जाएगा। मियावाकी फॉरेस्ट भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, जो जापान की एक विधि है जिसमें कम जगह में घने और तेजी से बढ़ने वाले जंगल बनाए जाते हैं। जिस स्थान पर यह डिवेलप किया जा रहा है, वहां कूड़े का ढेर पड़ा हुआ है। इसके बाद सरोजिनी नगर में भी इसी तरह का फॉरेस्ट डिवेलप करने का प्लान बनाया गया है।

**बदला जाएगा 80 साल पुराना ड्रेनेज सिस्टम:**
एनडीएमसी एरिया में कुल 14 ड्रेन हैं, जिसमें से 53 किमी स्ट्रेच मेन ड्रेन का है। अंडरग्राउंड ड्रेन की लंबाई करीब 270 किमी है। जिसका साइज 450 एमएम से 900 एमएम तक है। एनडीएमसी एरिया में जो 14 ड्रेन हैं, उनके रिहैबिलिटेशन के लिए कुल 24.58 करोड़ रुपये बजट अलॉट किया गया है।

**24 सड़कों पर डिवेलप किए जाएंगे ग्रीन स्ट्रिप:**
इसके अलावा बजट में एनडीएमसी एरिया के 24 सड़कों पर ग्रीन स्ट्रीट डिवेलप करने का प्लान है। जिसमें कृष्णा मेनन मार्ग, मोती लाल नेहरू मार्ग, जसवंत सिंह रोड, माधव राव सिंधिया मार्ग, सी-हेक्सागन, मंदिर मार्ग, मधु लिमये मार्ग, सत्य मार्ग, नीति मार्ग, काली बाड़ी मार्ग, पेशवा रोड, आरके आश्रम, सरदार पटेल मार्ग, अर्बा मार्ग, हेली रोड सहित कई हैं।


CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 01-07-2026 21:57 Color:



# आधी रात चला MCD का बुलडोज़र



**तोड़फोड़ अभियान:** MCD ने फैज-ए-इलाही मस्जिद से सटे बरात घर और प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर को 32 बुलडोजर की मदद से तोड़ दिया



विरोध में हुए पथराव में पांच पुलिस वाले घायल हो गए






कुछ लोगों के बुलाने पर सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी मंगलवार देर रात 11.15 बजे डिमोलेशन वाले जगह के आसपास आए थे। वहां उन्होंने एक घंटे तक रुककर स्थानीय लोगों से मीटिंग की थी। उसके बाद सवा 12 बजे के करीब दिल्ली से वापस यूपी चले भी गए थे। उसके कुछ घंटे बाद अतिक्रमण के खिलाफ कारवाई शुरू हुई। पुलिस इस मामले में सपा सांसद से पूछताछ करेगी। -मधुर वर्मा, जॉइंट कमिश्नर, सेंट्रल रेंज

## तोड़फोड़ से गुस्साए लोगों ने किया पथराव, एक घंटे तक कार्रवाई बंद


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**एमसीडी मुख्यालय** के ठीक सामने, रामलीला मैदान के पास मंगलवार आधी रात को एमसीडी के 50 कर्मचारियों ने फैज-ए-इलाही मस्जिद के आसपास जितने भी अवैध निर्माण थे, उन्हें पूरी तरह से जमींदोज कर दिया।

**32**
**बुलडोजर की मदद से चला तोड़फोड़ अभियान**

मस्जिद से सटे बारात घर और प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर को 32 बुलडोजर की मदद तोड़ दिया गया। इसके अलावा आसफ अली रोड के फुटपाथ और रोड के कुछ हिस्से में जो अवैध कब्जा था, उसे भी हटाया गया। आधी रात को MCD ने जैसे ही तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की, गुस्साए लोगों ने पथराव शुरू कर दिया जिसके चलते एक घंटे तक कार्रवाई बंद रही। पथराव के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आईं। MCD अफसरों के अनुसार MCD, L&DO और DDA ने कुछ समय पहले रामलीला ग्राउंड के आसपास की जमीन का सर्वे किया था। जिसमें 36,428 वर्ग फुट सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया। कोर्ट ने पिछले साल 12 नवंबर को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था।

एक्शन से पहले MCD ने 24 नवंबर और 16 दिसंबर को सैयद फैज-ए-इलाही मस्जिद मैनेजमेंट कमिटी, दिल्ली वक्फ बोर्ड, MCD, L&DO, रेवेन्यू और दिल्ली सरकार के अधिकारियों को सुनवाई के लिए बुलाया था।



कार्रवाई से गुस्साए लोगों ने किया पथराव, पुलिस ने पांच को किया गिरफ्तार

### 86 साल पहले मिली थी 0.195 एकड़ जमीन

MCD अफसरों के अनुसार जिस जगह तोड़फोड़ की गई, वहां 1940 में L&DO ने 0.195 एकड़ जमीन अलॉट की थी, जिसमें प्लेटफॉर्म (चबूतरे) के साथ टीन शेड, हुजरा (कोठरी/कमरा/बैठक) और येवयार्ड था। 0.195 एकड़ के बाद जो अतिक्रमण था, उस प्रॉपर्टी को लेकर न तो वक्फ बोर्ड और न ही सैयद फैज-ए-इलाही मैनेजमेंट कमिटी ने कोई दावा किया है।

### कोर्ट के आदेश का हुआ पालन: मेयर

MCD मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि MCD ने कोर्ट के आदेश के पालन में यह कार्रवाई की है। रामलीला मैदान पर अवैध कब्जा था। अवैध ढांचे को MCD ने गिरा दिया है और जमीन खाली करा लिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जनता को गुमराह करने के लिए अफवाह फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे पथराव जैसी घटनाएं हुईं।



38,940 वर्ग फुट एरिया में अवैध निर्माण और कब्जा था

## लोगों को पहले से थी जानकारी

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

**तुर्कमान गेट** इलाके में मंगलवार देर रात MCD की कार्रवाई के बारे में लोगों को पहले से सूचना थी। यही वजह है कि पहले से ही स्थानीय लोग भी जुटे हुए थे और MCD टीम के साथ पहुंची पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। इस पथराव में करीब 5 पुलिस वाले घायल हो गए। माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। बुधवार सुबह पुलिस ने BNS की धारा 221/132/121/191(2)/191(3), 223 (A)/ 3(5) के तहत मामला दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दरियागंज निवासी काशिफ, मोहम्मद कैफ, समीर, अदनान और तुर्कमान गेट के मोहम्मद अरीब के रूप में हुई है। इसके अलावा करीब 30 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। वहीं 300 से अधिक CCTV फुटेज और बॉडी वॉर्न कैमरों की मदद से अन्य संदिग्ध आरोपियों की पहचान की जा रही है।


**5 पुलिसवालों को लगी चोट, 30 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया**

सेंट्रल जिला के DCP निधिन वाल्सन ने बताया कि दरगाह फैज-ए-इलाही के बाहर लंबे समय से अवैध निर्माण और अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर MCD की टीम देर रात बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने गई थी।

### 5 हजार से अधिक जवान किए तैनात

तोड़फोड़ के बाद स्थिति को संभालने और सुरक्षा-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में 5 हजार से अधिक पुलिस बल तैनात किए गए हैं। दिल्ली पुलिस, CISF, CRPF और होमगार्ड की तैनाती की गई है। पूरे इलाके में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है और मार्केट को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।





### 'मस्जिद की जमीन सुरक्षित है'

■ सिटी एसपी जोन [CSPZ] के उपायुक्त [DC] विवेक अग्रवाल ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई की गई। यह लगभग 36,400 वर्ग फुट का क्षेत्र था। मस्जिद की जमीन सुरक्षित है। पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी पूरी रात मौजूद रहे। पथराव की घटना हुई, लेकिन पुलिस पूरी तरह तैयार थी।

## जामा मस्जिद के पास 'अतिक्रमण' के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को एमसीडी व संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे जामा मस्जिद के पास सर्वे कराकर पार्कों और सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें।

**HC ने एमसीडी और संबंधित एजेंसियों से कहा कि वे सर्वे कराकर अतिक्रमण हटवाएं**

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने प्रतिवादी एजेंसियों को इसके लिए दो महीनों का वक्त दिया। कोर्ट ने यह आदेश फरहत हसन व अन्य की याचिका पर यह आदेश पारित किया। एडवोकेट हेमंत चौधरी के जरिए दायर याचिका में कोर्ट से निर्देश देने का अनुरोध किया कि शाही जामा मस्जिद के चारों ओर पार्कों में हुए अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए, जो कि आलीशान निजी आवासों, अवैध पार्किंग, अवैध मेडिकल और अस्पताल और सरकारी जमीन पर अवैध फेरीवालों और कमर्शल स्टॉलों के अवैध निर्माण के रूप में है। याचिकाकर्ताओं ने शाही जामा मस्जिद के गेट नंबर 3 और 7 पर अवैध पार्किंग के अतिक्रमण को तुरंत हटाए जाने की मांग की।

## बेरहमी से गला रेतकर युवक की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आंबेडकर नगर इलाके में मंगलवार शाम एक युवक की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान करण (24) के रूप में हुई है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, करण सुबह करीब 8 बजे वह मां के साथ ड्यूटी पर गए थे। शाम को छह बजे जब करण की मां नीतू लौटकर आईं तो करण को नहीं देखा।

इसके बाद बिल्ला नामक युवक ने करण का फोन उठाया। उसने कहा कि जल्दी अस्पताल आ जाओ। नीतू जब कुछ पड़ोसियों के साथ अस्पताल पहुंचीं तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नीतू के अनुसार, बिल्ला या उसके किसी सहयोगी ने ही करण की जान ली है।

## फर्जी चोरी की साजिश में फील्ड बॉय और कुक गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की कालिंदी कुंज थाना पुलिस और एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड की संयुक्त टीम ने फर्जी चोरी की साजिश का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस संबंध में कंपनी के ही दो कर्मचारियों को गिरफ्तार कर 14.5 लाख रुपये कैश, कंपनी की बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। दोनों आरोपियों ने कंपनी की रकम हड़पने के लिए झूठी चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामू (23) और अर्जुन (23) रूप में हुई है।


**14.5 लाख कैश, बाइक और मोबाइल फोन बरामद**

पुलिस के अनुसार, पांच जनवरी को दिशा कॉन्ट्रैक्ट प्राइवेट लिमिटेड के अकाउंट मैनेजर विकास शर्मा ने थाना कालिंदी कुंज में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कंपनी के दो कर्मचारियों ने 15 लाख रुपये की नकद राशि हड़पने के इरादे से फर्जी चोरी की कहानी गढ़ी है। फील्ड बॉय के रूप में काम करने वाले रामू ने दावा किया था कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर अज्ञात व्यक्ति ने कंपनी की बाइक चोरी कर ली, जिसके हैंडल पर 15 लाख रुपये से भरा बैग टंगा हुआ था।







CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFF4 User: kshitish.misra Time: 01-07-2026 22:17 Color:



## फटाफट खबरें

### सिरसा में ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

■ NBT न्यूज, हिसार : सिरसा में मंगलवार की रात ट्रेन के आगे कूदकर शादीशुदा प्रेमी जोड़े ने सुसाइड कर लिया। दोनों ही जिले के अलग-अलग गांव के रहने वाले थे, कि युवक की पहचान मनवीर सिंह के रूप में हुई है, जबकि युवती सुखप्रीत कौर शादी-शुदा थी। युवती 2 बच्चों और युवक 3 बच्चों का पिता था।

### भारत माता की प्रतिमा रोहतक में लगाई

■ NBT न्यूज, रोहतक : संघ के वरिष्ठ प्रचारक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार बुधवार को रोहतक पहुंचे। उन्होंने यहां प्राचीन शिव मंदिर में नीलकंठ समाज सेवा ट्रस्ट की ओर से स्थापित की गई भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया। हरियाणा में यह पहली भारत माता की प्रतिमा है।

### जींद में महिला ने फांसी लगा दी जान

■ NBT न्यूज, जींद : सफीदों की न्यू राजीव कालोनी में मंगलवार की रात को महिला ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतका को मानसिक रूप से परेशान बताया है न्यू राजीव कालोनी निवासी दीपक की पत्नी तनीषा फांसी का फंदा लगा लकर जान दे दी।

### कार ने पैदल बुजुर्ग को कुचला

■ NBT न्यूज, रोहतक : शहर के माता दरवाजा चौक पर तेज रफ्तार कार ने बुधवार को पैदल जा रहे एक बुजुर्ग को कुचलकर फरार हो गई। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को राहगीरों ने तुरंत पीजीआई में भर्ती करवाया। कबीर कॉलोनी निवासी बलबीर सिंह सरकारी डिपो पर राशन लेने जा रहे थे। जब वह माता दरवाजा चौक पर पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार से गाड़ी ने कुचल दिया और मौके से फरार हो गई।

# जॉब छोड़ ज्यादा सैलरी वाली दूसरी नौकरी करने पर भी CET स्कोर वैध

## सीईटी स्कोर के बारे में अफवाहों के चलते HSSC ने स्थिति स्पष्ट की

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



**हरियाणा** में एक नौकरी मिलने के बाद सीईटी (सामान्य पात्रता परीक्षा) का स्कोर खत्म होने को लेकर चल रही सूचनाओं पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने विराम लगा दिया है। आयोग ने साफ कर दिया है कि एक नौकरी मिलने के बाद भी स्कोर मान्य होगा। संबंधित अभ्यर्थी मौजूदा वेतनमान से अधिक वेतनमान वाली नौकरी में जा सकता है। इसके लिए विस्तृत पॉलिसी योजना को सार्वजनिक कर दिया गया है।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने बुधवार को बताया कि पिछले कुछ दिनों से इंटरनेट मीडिया में सीईटी स्कोर के बारे में अफवाहें चल रही हैं। युवाओं में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। सीईटी स्कोर से एक नौकरी मिलने के बाद स्कोर अवैध नहीं होगा। इस गलत तरीके से प्रचारित कर युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीईटी पालिसी के अनुसार, अगर कोई अभ्यर्थी सीईटी स्कोर के आधार पर किसी पद पर जॉइन करता है तो जॉइन करने के 90 दिन बाद वह समान वेतनमान वाली नौकरी के लिए योग्य नहीं रहेगा। कोई व्यक्ति सीईटी स्कोर से 60 हजार रुपये हर महीने की नौकरी पर जॉइन करता है और उस पर वह 90 दिन काम करता है तो वह उतने ही वेतन वाली दूसरी नौकरी के लिए मान्य नहीं होगा।

- समान वेतन मान वाली नौकरी पर 90 दिन बाद नहीं कर सकेंगे जॉइन
- सोशल मीडिया पर चल रही खबरों से एचएसएससी ने पल्ला झाड़ा

### HSSC को मिले ढेरों सुझाव

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती के संबंध में अभ्यर्थियों से सुझाव तथा दिक्कतों के बारे में पूछा गया था। तीन दिन के भीतर भारी संख्या में युवाओं ने अपने सुझाव तथा दिक्कतों के बारे में बताया है। आयोग कई सुझावों को लागू करने जा रहा है। इस पर काम शुरू कर दिया गया है। अब बहुत अभ्यर्थियों द्वारा उठाए गए विषयों को क्लब किया जा रहा है, जिसके आधार पर बहुत जल्द लाइव होकर प्रदेश के युवाओं के सवालों के जवाब दिए जाएंगे। हाल ही में 550 कॉन्स्टेबलों की भर्ती निकली है।

# सरकारी स्कूलों में जनवरी में ही होंगे प्री-बोर्ड एग्ज़ाम

## निदेशालय ने दसवीं, 12वीं के लिए जारी की गाइडलाइन

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में जनवरी में ही प्री बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्यापकों और विद्यार्थियों की तैयारी का आकलन करेगा। वास्तविक बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी। प्री-बोर्ड परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक बोर्ड परीक्षा का अभ्यास कराना है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से बुधवार को राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

अध्यापकों छात्रों की तैयारियों का आकलन करेगा।



- प्री-बोर्ड परीक्षाओं में भी बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर अलग उत्तर-पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि विद्यार्थी साल भर की तैयारी का आकलन आसानी से कर सकें।
- शीतकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में 10वीं और 12वीं कक्षा की प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी उद्देश्य छात्रों को वास्तविक बोर्ड परीक्षा का अभ्यास कराना है।

शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षाओं से पहले प्री-बोर्ड परीक्षाएं कराने का फैसला लिया है। शीतकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में 10वीं और 12वीं कक्षा की प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी।

विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देशों में स्पष्ट हिदायत दी गई है कि अब प्री-बोर्ड परीक्षाओं में भी बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर अलग उत्तर-पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि विद्यार्थी साल भर की तैयारी का आकलन आसानी से कर सकें। निदेशालय की ओर से से निर्देश दिए गए हैं कि प्री-बोर्ड परीक्षाओं में प्रश्न-पत्रों के पृष्ठों की संख्या अधिक होने के कारण छात्रों को उत्तर लिखने में असुविधा होती है।

अब प्रश्न-पत्र के साथ अलग उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी, जोकि वास्तविक बोर्ड परीक्षाओं के पैटर्न पर होगा। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि सभी जिलों में यह व्यवस्था बोर्ड पैटर्न के अनुसार अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी।

# अनाज भंडारण में उतरेंगी सहकारी समितियां, सीएम पैक्सों से आगाज

## चीनी मिलों के घाटे को कम करने के लिए बनेगी समन्वय समिति

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

**हरियाणा** की सहकारी समितियां अब अनाज भंडारण क्षेत्र में उतरेंगी। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बुधवार को इस दिशा में कदम आगे बढ़ाते हुए सीएम पैक्सों से शुरुआत करने तथा इच्छुक सहकारी समितियों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं, प्रदेश के सहकारी चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए भी जल्द ही समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य के साथ बैठक की। सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में अनाज भंडारण के लिए गोदाम निर्माण के उद्देश्य से हैफेड को नोडल एजेंसी बनाते हुए 10 लाख मीट्रिक क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए अधिकृत किया गया है। इस दिशा में हैफेड द्वारा अब तक 3.35 लाख मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए मंजूरी दी जा चुकी है, जबकि 1.38 लाख मीट्रिक टन के लिए प्रस्ताव राज्य स्तरीय समिति को भेज दिए गए हैं। सहकारी समितियां आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत संकल्प में अपना अहम योगदान दे सकें, इसके लिए सीएम पैक्सों को भी अनाज भंडारण क्षेत्र में अवसर दिए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में अब तक पंजीकृत सभी सीएम पैक्सों को इस संभावना के बारे में अवगत करवाते हुए अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि उन्हें व्यवहारिक तौर पर अवसर उपलब्ध करवाए जा सकें।



सहकारिता मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने ने बुधवार को बैठक की

मंत्री ने कहा, केंद्र ने प्रदेश में अनाज भंडारण के लिए गोदाम निर्माण के उद्देश्य से हैफेड को अधिकृत किया

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सहकारी चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए भी सहकारी चीनी मिल प्रबंध को विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एक समन्वय समिति गठित की जाए, जो चीनी मिलों का निरीक्षण करते हुए मिलों को घाटे से उबरने के बारे में रिपोर्ट दें।

### फर्जी मार्कशीट पर लड़ा चुनाव, सरपंच गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र जिले में 10वीं की फर्जी मार्कशीट पर चुनाव लड़ने के आरोपी सरपंच को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सरपंच ने खुद को बचाने के सेशन कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट (SC) तक खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन SC ने उसके केस को डिसमिस कर दिया।



पुलिस ने बुधवार को बताया कि शाहाबाद के खरीदवा गांव के पवन कुमार ने 2022 में अपने गांव से सरपंच का चुनाव लड़ा था। पवन कुमार ने अपने नामांकन पत्र में CBSE की 10वीं क्लास की मार्कशीट लगाई थी। करीब 300 वोट से जीत चुनाव जीतने पर पवन कुमार सरपंच नियुक्त किया गया था। पवन कुमार से चुनाव हारने वाले संजीव कुमार ने नवंबर 2022 में उपायुक्त कुरुक्षेत्र (DC) को एक शिकायत दी थी।

# निगम चुनाव के लिए कांग्रेस ने बजाया बिगुल

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



**हरियाणा में** होने वाले नगर निगम चुनाव के लिए विपक्षी दल कांग्रेस ने बिगुल बजा दिया है। प्रदेश के अंबाला, पंचकूला एवं सोनीपत में किसी भी नगर निगम चुनावों का ऐलान हो सकता है। यह चुनाव इसलिए महत्वपूर्ण है कि मेयर का चुनाव सीधे जनता द्वारा किया जाता है। औसतन सभी निगमों में एक से अधिक विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बुधवार को बताया कि कांग्रेस नगर निगम चुनाव पूरी दमखम के साथ लड़ेगी। जीत सुनिश्चित करने के लिए ठोस रणनीति पर काम किया जा रहा है। पार्टी ने चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से एक विशेष चुनाव समिति का गठन किया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि यह समिति चुनावी तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय, प्रचार-प्रसार और चुनाव संबंधी औपचारिकताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस जनता के मुद्दों, विकास के एजेंडे और मजबूत संगठनात्मक ढांचे के बल पर नगर निगम चुनावों में जीत का परचम लहराएगी।

इस चुनाव समिति में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद कुमारी सैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल, व प्रफुल्ल गुड्डे, चौ. धर्मपाल सिंह मलिक, वरुण चौधरी, सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक चंद्रमोहन, निर्मल सिंह, शैली चौधरी, पूजा चौधरी, इंदु राज नरवाल के अलावा जिला अध्यक्षों को शामिल किया गया है।

### सास की हत्या के पांच महीने बाद बहू समेत दो पर केस

■ NBT न्यूज, यमुना नगर : जिले में एक महिला की मौत के पांच महीने बाद उसकी बहू और एक अन्य युवक पर हत्या का केस दर्ज हुआ है। पति ने आरोप लगाया है कि दोनों का अफेयर चल रहा था और महिला बहू को आरोपी से बातचीत करने से टोकती थी, जिसके चलते यह साजिश रची गई। वारदात के करीब पांच महीने बाद पुलिस ने पति की शिकायत पर उसकी पत्नी और युवक के खिलाफ बुधवार को FIR दर्ज की है।



पुलिस ने बुधवार को बताया कि पहले बहू ने मौत को लेकर कहानी रची थी। बहू ने मौत की वजह चारपाई से गिरकर होना बताया था, तब महिला का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। उनका पोस्टमॉर्टम नहीं करा सकी और तभी केस दर्ज करने से पांच महीने का समय लगा।

# हॉरर किलिंग में पुलिस जल्द पेश करे चालान : अदालत

■ NBT न्यूज, रोहतक



जिले के काहनी गांव में हुए हॉरर किलिंग मामले में बुधवार को अडिशनल सेशन जज अनिल कौशिक की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में पुलिस को जल्द चालान पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की अगली तारीख 21 जनवरी निर्धारित की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि जल्द ही कोर्ट में चालान पेश किया जाएगा।

गौरतलब है कि 19 नवंबर की रात रोहतक के काहनी गांव निवासी संजू ने अपने साथियों के मिलकर बहन सपना की गोली मारकर हत्या कर दी थी। फायरिंग के दौरान सपना का देवर गंभीर रूप से घायल हो गया था। वारदात के समय सपना का पति सूरज घर पर मौजूद नहीं था। इस वारदात से संबंधित सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में हमलावर नजर आए थे। दरअसल सपना ने 3 साल पहले ऑटो रिक्शा चालक सूरज के साथ लव मैरिज की थी। इस शादी से सपना के परिजन खुश नहीं थे। इस वजह से शादी के बाद वे दोनों रोहतक शहर में रहने लग गए। शादी के बाद 2 वर्ष का बेटा है। लेकिन कुछ समय पहले सपना और सूरज दोबारा काहनी गांव में आकर रहने लगे। इसी बात से सपना का परिवार बेइज्जती महसूस कर रहा था। मुख्य आरोपी संजू ने अपने साथियों के साथ हत्या की साजिश रची थी।

रोहतक में बहन के लव मैरिज करने से नाराज भाई ने कर दी थी हत्या

बाद में पुलिस टीम ने 20 नवंबर की रात को मुठभेड़ के बाद संजू और उसके 3 साथियों को गिरफ्तार कर लिया था। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से 4 आरोपी घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए पीजीआईएमएस में दाखिल कराया गया थे। आरोपियों के पास से 4 पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद हुई थी। इस आरोपियों को पीजीआईएमएस से छुट्टी मिली पुलिस ने बाजार में उनकी परेड भी कराई थी।

# मिठाई की दुकान पर फायरिंग, एक करोड़ की रंगदारी मांगी

■ NBT न्यूज, पानीपत

**पानीपत के** समालखा में गुड़ मंडी में दुकान पर मंगलवार की रात को पांच बदमाशों ने हमला कर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। बदमाशों ने धमकी देते हुए फायरिंग की, जिसमें शीशे का दरवाजा टूट गया और दुकानदार के बेटे मनोज को कांच लगने से चोट आई। घायल मनोज को तुरंत शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वारदात की सूचना मिलते ही डीएसपी नरेंद्र कादियान और थाना प्रभारी गुलशन राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज बरामद की और बदमाशों की तलाश में इलाके में नाकाबंदी कर दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी गुलशन राणा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज मिल गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही उन्हें पकड़ा जाएगा।



बदमाशों ने धमकी देते हुए फायरिंग की, जिसमें शीशे का दरवाजा टूट गया और दुकानदार के बेटे मनोज को कांच लगने से चोट आई।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि राजेंद्र मित्तल गाजरपाक वाले की दुकान पर उस समय उनका बेटा मनोज मित्तल काउंटर पर बैठा था। इसी दौरान दो युवक बर्फी खरीदने के बहाने दुकान पर आए और मनोज को एक पर्ची थमा दी. पर्ची में लिखा था कि "मैं शीलू डाहर हूं, तुझसे एक करोड़ रुपये चाहिए। दो दिन का समय है, नहीं दिए तो जान से मार दिया जाएगा. पुलिस या कहीं भी जाओ। पैसे देने से ही काम चलेगा।" पर्ची के नीचे सुनील डाहर का नाम लिखा हुआ था। पर्ची देने के कुछ ही देर बाद तीन युवक बाइक पर सवार होकर मौके पर पहुंचे और दुकान के अंदर बैठे मालिक पर चार गोलियां चला दी. हालांकि सभी गोलियां शीशे में लगीं, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। कांच के टुकड़े लगने से दुकानदार घायल हो गया। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे बरामद किए हैं। घायल दुकानदार को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में जांच अधिकारी गुलशन ने बताया कि, ए पुलिस को फायरिंग की सूचना मिली थी। मिष्ठान भंडार कारोबारी पर फायरिंग की गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बुआ के लड़के पर बच्ची से रेप का आरोप, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, पानीपत : जिले में 6 साल की बच्ची से रेप की वारदात को अंजाम देने का आरोप उसकी बुआ के लड़के पर लगाया गया है। बच्ची ने ट्यूशन टीचर पर भी छेड़छाड़ का आरोप लगाया। मां से अलग पिता के साथ रह रही बच्ची ने इस बारे में दादा-दादी को भी बताया था। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब मां ने कोर्ट की मदद से बच्ची की कस्टडी ली। जिसके बाद बच्ची ने मां को सारी आपबीती बताई। मां ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।



पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने बताया कि उनका अपने पति से दहेज का केस कोर्ट में चल रहा है। उनके पति करीब डेढ़ साल पहले बेटी को लेकर चला गया था। उन्होंने कोर्ट में कस्टडी केस डालकर करीब डेढ़ महीने पहले लड़की को अपने पास ले लिया था।

# महाग्राम योजना में गड़बड़ी, एसडीओ और JE सस्पेंड



जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने यह कार्रवाई की

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी और लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने बुधवार को कार्य में कोताही बरतने पर एक एसडीओ तथा एक जेई को निलंबित कर दिया है। चंडीगढ़ में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में यह कार्रवाई की गई। बैठक में प्रदेश में पेयजल आपूर्ति, महाग्राम योजना, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) तथा आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए विभागीय तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में विभाग के मुख्य अभियन्ता श्री देवेन्द्र दहिया, सहित विभाग के प्रमुख अभियंता, अधीक्षक अभियंता, कार्यकारी अभियंता भी मौजूद थे, जबकि उपमंडल अभियंता और कनिष्ठ अभियंता ऑनलाइन जुड़े थे।

बैठक के दौरान महाग्राम योजना में अनियमितताएं पाए जाने पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने दो उपमंडल अभियंता (एसडीओ) और एक कनिष्ठ अभियंता (जेई) को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा दो कार्यकारी अभियंता (एक्सियन) को चार्जशीट करने के निर्देश दिए। यह कार्रवाई डबवाली क्षेत्र के गांव गंगा से संबंधित मामले में की गई है।


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

प्रार्थना सभा



श्रीमती गुलशन तनेजा
धर्मपत्नी श्री सत्य किशोर तनेजा
21/01/1965 - 05/01/2026
बहुत जल्दी चली गई...
एक कभी न भरने वाला खालीपन छोड़कर,
हमारी प्यारी माँ स्वर्ग सिधार गई है।
प्रार्थना सभा : गुरुवार, 8 जनवरी, 2026
स्थान: श्री सत्य साईं ऑडिटोरियम, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
साईं बाबा मंदिर के सामने।
समय: दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक।
शोक संतप्त:
पति: श्री सत्य किशोर तनेजा
बेटे: गौरव और राहुल तनेजा
बेटी-दामाद: गरिमा-अमन मेहता
पोते-पोतियां: दिया, रिया और जहान मेहता
बहन-बहनोई: अंजू-अनिल पुरी
तनेजा, सुखीजा, मेहता और पुरी परिवार।

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



SH. PREM PRAKASH GUPTA
(08.04.1925-08.01.2004)
A simple noble soul, life full of sacrifices honesty and determination, backbone of our family. Eternal source of inspiration & great man always to be remembered by Subhash, Pratibha, Kishan, Dhanesh, Sudha, Sushma & family members.



In Loving Memory of
Late Smt. Amita Goyal
15.06.1965 - 08.01.2009
We feel you everywhere
We look for you in everything.
In hearts of
Kishan Goyal (Husband)
Chanchal & Komal (Daughters), Ujjwal (Son)
& All Family Members.

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 6,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 50 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |


Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

### टेरर फंडिंग केस मे आरोपियो की ज़मानत अर्जी HC मे खारिज

■ भाषा, चंडीगढ़ : पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को भारत में टेरर फंडिंग, पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी के मामले में दो आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे के बेटे गुरमुख सिंह और गुरमेज सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी।





पीठ ने टिप्पणी की कि आतंकवाद को प्रायोजित करना एक "महंगा काम" है। आरोप है कि आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए सीमा पार से देश में हेरोइन की तस्करी की जा रही थी।

हाई कोर्ट ने कहा, "एनआईए की ओर से रेकॉर्ड में रखे गए सबूत पहली नजर में अपीलकर्ताओं की आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता को साबित करते हैं। मुकदमे की कार्यवाही जारी है। चूंकि उनके सीमा पार मौजूद ऐसे व्यक्तियों से संबंध हैं, जो उनकी गतिविधियों का वित्तपोषण करते हैं, इसलिए उनके मुकदमे की कार्यवाही से फरार होने की भी आशंका है।

# कुत्तों, ई-रिक्शा और होटलों में आग पर कोर्ट सख्त

## कोर्ट और स्कूल कैंपस में डॉग की क्या ज़रूरत है: सुप्रीम कोर्ट

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने बेसहारा कुत्तों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सवाल किया कि संस्थानों में बेसहारा कुत्तों की आवश्यकता क्यों है? क्या कोई बता सकता है कि कौन सा कुत्ता किस मूड (काटने के मूड में है या नहीं) में है? जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले में अनिश्चितता के पहलू पर प्रकाश डाला। कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ काटने का मामला नहीं है, कुत्तों से पैदा होने वाला डर भी है। दुर्घटनाओं का खतरा भी है।

बुधवार को मामले की सुनवाई का मुख्य केंद्र संस्थागत परिसरों में बेसहारा कुत्तों की मौजूदगी पर रहा। शीर्ष अदालत ने यह सवाल उठाया कि क्या अदालतों, स्कूलों और अस्पताल जैसे स्थानों में कुत्तों की मौजूदगी होनी ही चाहिए? जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की बेंच ने सुनवाई के दौरान कुत्तों के हमलों के पीड़ितों, पशु कल्याण संगठनों, वरिष्ठ विधि अधिकारियों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों की दलीलें सुनीं। 7 नवंबर को कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों सहित सभी संस्थागत परिसरों से बेसहारा कुत्तों को हटाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने आदेश दिया था कि ऐसे कुत्तों को विधिवत नसबंदी और टीकाकरण के बाद निर्धारित आश्रयों (शेल्टर्स) में स्थानांतरित किया जाए और विशेष रूप से यह निर्देश दिया गया था कि संस्थागत क्षेत्रों से पकड़े गए कुत्तों को उसी स्थान पर वापस न छोड़ा जाए।

इन निर्देशों के बाद कई अर्जियां दाखिल की गईं, जिनमें आदेश में संशोधन, स्पष्टीकरण या स्थगन की मांग की गई थी। इन अर्जियों का मुख्य आधार यह था कि एनिमल बर्थ कंट्रोल (ABC) नियमों के अनुसार नसबंदी और टीकाकरण किए गए कुत्तों को उसी क्षेत्र में छोड़ा जाना अनिवार्य है जहां से उन्हें पकड़ा गया हो। SC ने सुनवाई की शुरुआत में कहा कि सभी पक्षों को वह सुनेगा। हम पीड़ितों को सुनेंगे, फिर बेसहारा कुत्तों के खिलाफ जो लोग है उन्हें भी सुनेंगे और हम डॉग लवर को भी सुनेंगे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सरकारी अथॉरिटी की ओर से पेश हुए और कहा कि कुछ लोग बेसहारा कुत्तों के लिए पेश हो रहे हैं और कुछ लोग इंसानों के लिए। सुनवाई के दौरान बेंच ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि संस्थागत परिसर सार्वजनिक सड़कों से अलग होते हैं।

जस्टिस मेहता ने कहा कि जहां तक संस्थानों का सवाल है, वे सड़कें नहीं हैं। अदालत परिसर और स्कूलों में कुत्तों की क्या जरूरत है? हम आखिर किस बात पर चर्चा कर रहे हैं?



### AWB से मांगी रिपोर्ट

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को एनिमल वेलफेयर बोर्ड को लेटेस्ट रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें एक जनहित याचिका में उठाए गए स्ट्रे डॉग्स कुत्तों की बड़े पैमाने पर अवैध ब्रीडिंग के मुद्दे से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में बताया गया हो। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने एमसीडी और दिल्ली पुलिस को भी इसमें प्रतिवादी बनाया और उनसे इस मामले में अपना जवाब दाखिल करने को कहा। कोर्ट एक जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई कर रहा था।

## होटलों-क्लबों में आग से बचाव के लिए एक्शन प्लान बनाएं : HC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली हाई** कोर्ट ने बुधवार को अधिकारियों से कहा कि वे राष्ट्रीय राजधानी के होटलों, क्लबों और रेस्टोरेंट में आग और दूसरी घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा उपाय लागू करने के लिए एक एक्शन प्लान बनाएं।

इस पर गौर करते हुए कि याचिकाकर्ता अधिकारियों के पास जाए बिना कोर्ट आया है, चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने उसे अधिकारियों को एक रिप्रेजेंटेशन (प्रतिवेदन) देने को कहा। बेंच ने कहा, रिकॉर्ड में ऐसा कुछ नहीं है, जिससे पता चले कि इस कोर्ट में आने से पहले याचिकाकर्ता ने अधिकारियों से संपर्क किया था। हम रिट याचिका का निपटारा इस निर्देश के साथ करते हैं कि इसे अधिकारियों द्वारा एक रिप्रेजेंटेशन के तौर पर लेंगे। याचिका में होटलों, क्लबों और रेस्टोरेंट की फायर सेफ्टी सहित सेफ्टी ऑडिट कराने का निर्देश देने की मांग की गई है।

कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि वे रिप्रेजेंटेशन पर विचार करें और नियमों और कानूनों के अनुसार जल्द से जल्द उचित फैसला लें। कोर्ट ने कहा कि उन्हें मुद्दे को सुलझाना चाहिए और सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए एक एक्शन प्लान बनाना चाहिए।

याचिका में दिल्ली सरकार, एमसीडी और एनडीएमसी को प्रतिवादी बनाया गया था। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार के स्थायी वकील समीर वशिष्ठ ने कोर्ट को बताने की कोशिश कि गोवा के एक नाइट क्लब में आग की घटना के बाद सरकार ने यहां करीब 156 क्लब, रेस्टोरेंट और होटलों में फायर सेफ्टी उपायों की जांच की थी। कोर्ट ने बीच में ही उन्हें रोक दिया और याचिकाकर्ता को लिखित में इस बारे में बताने के लिए कहा।

हाई कोर्ट अर्पित भार्गव की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें अधिकारियों को सेफ्टी ऑडिट करने और समयबद्ध तरीके से जोन-वाइज रिपोर्ट जमा करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व एडवोकेट सार्थक शर्मा और मोहित यादव ने किया। उन्होंने अधिकारियों को कमियों के मामले में सुधारात्मक उपाय करने और आग की घटनाओं में मुआवजा योजना बनाने और दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का निर्देश देने की कोर्ट से मांग की।



- याचिका में दिल्ली सरकार, एमसीडी और एनडीएमसी को प्रतिवादी बनाया गया था
- याचिका में फायर सेफ्टी सहित सेफ्टी ऑडिट कराने का निर्देश देने की मांग

## ई-रिक्शा बन रहे खतरा, HC ने मांगा सरकार और ट्रैफिक पुलिस से जवाब



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली हाई** कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में ई-रिक्शा के चलने को रेगुलेट करने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर दिल्ली सरकार और ट्रैफिक पुलिस से जवाब मांगा।

चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच मनीष पाराशर की याचिका पर विचार कर रही थी, जिन्होंने पिछले साल एक दुर्घटना में अपनी 8 साल की बेटी को खो दिया था, जब वह ई-रिक्शा से स्कूल जा रही थी।

कोर्ट ने दिल्ली सरकार, उसके परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस और एमसीडी को नोटिस जारी किया और अधिकारियों से उनके द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताने को कहा। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि नाबालिग लड़की की मौत तब हुई, जब तेज रफ्तार ई-रिक्शा प्रतिबंधित सड़क पर चलते हुए पलट गया। एक्सिडेंट होते ही ड्राइवर वहां से भाग निकला। उसका न तो कोई बीमा हो रखा था और न ही उसके पास कोई फिटनेस सर्टिफिकेट था।

**बच्ची की मौत के बाद दाखिल की याचिका**

कोर्ट ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए और उन्हें जवाब में हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा। अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी।

एडवोकेट गौरव आर्य और नवीन बमेल के जरिए से दायर अपनी याचिका में, याचिकाकर्ता ने कहा कि ई-रिक्शाओं की संख्या बेहिसाब तरीके से बढ़ रही है, जो एक 'लगातार खतरा' बन गया है। इसमें कहा गया है कि ये बिना रजिस्ट्रेशन वाले और अनियमित वाहन बिना किसी सुरक्षा और तकनीकी मानकों का पालन किए बड़ी संख्या में चल रहे हैं।

### 'सुरक्षा उपाय शामिल हों'

याचिकाकर्ता ने अधिकारियों से सरकार की ई-रिक्शा सेवा योजना और ई-रिक्शा चलाने पर केंद्र के दिशानिर्देशों के अनुसार ई-रिक्शा के लिए नियामक ढांचे को तुरंत और सख्ती से लागू करने के निर्देश देने की प्रार्थना की। इन उपायों में जरूरी रजिस्ट्रेशन, हर तीन साल में फिटनेस सर्टिफिकेशन, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, ड्राइवर को छोड़कर चार यात्रियों की सख्त क्षमता सीमा के साथ-साथ अन्य सुरक्षा उपाय शामिल होने चाहिए।

## आग कैसे लगी? दिल्ली पुलिस ने इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को लिखा मेल

■ NBT रिपोर्ट, आदर्श नगर : **मजलिस पार्क** मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार तड़के मेट्रो अपार्टमेंट्स के फ्लैट में लगी आग मामले में पुलिस ने इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को एप्लीकेशन भेजी है। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद तीनों शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने मंगलवार और बुधवार को फिर उस फ्लैट का इंस्पेक्शन किया जहां आग लगी थी। बुधवार को पुलिस अफसर ने बताया कि केस के आईओ ने इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को मेल भेज दिया है। ताकि पता लगाया जा सके कि आखिर आग लगने और ब्लास्ट होने के पीछे क्या वजह रही। यह भी छानबीन की जाएगी कि क्या रूम हीटर/ब्लोअर में इलेक्ट्रिकली फॉल्ट था या स्पार्किंग के कारण आग लगी थी। पुलिस ने बताया कि साइंटिफिक इंस्पेक्शन भी कराया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि फ्लैट का इंस्पेक्शन करने पर पता चला कि बेडरूम ही पूरी तरह आग की चपेट में आया।

## गोवंशों की करते थे तस्करी, तीन गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, नूंह : फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 3 आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। ये लोग सड़क पर घूमने वाली गायों को गाड़ी में भरकर गो तस्करी करते थे। आरोपियों के पास से एक पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

**आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज**

घटना 6 जनवरी देर रात की है, जब पुलिस की टीम दिल्ली-अलवर रोड पर धमाला के पास गश्त कर रही थी। गिरफ्तार आरोपियों में जमील, आजाद उर्फ काला और लुकमान शामिल हैं, इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी राम कुमार ने बताया फिरोजपुर झिरका सीएम टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि जमील निवासी गांव रनियाला, आजाद उर्फ काला निवासी गांव उटावड़ और लुकमान निवासी गांव झिमरावट अवैध हथियारों के बल पर कस्बे और शहर में आवारा गायों को गाड़ी में भरकर गो-तस्करी करते हैं। बताया गया कि ये लोग अवैध हथियारों के साथ पिकअप में मांडीखेड़ा से फिरोजपुर झिरका की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने दिल्ली-अलवर रोड पर नाकाबंदी की। करीब 20-25 मिनट बाद मांडीखेड़ा की तरफ से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। जिसे रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने गाड़ी की रफ्तार तेज कर दी। इस दौरान कॉन्स्टेबल आदिल और दीपक ने लोहा कांटा गाड़ी के आगे डाल दिया।

## मार्केट कमिटी के चेयरमैन 39 दिन बाद पदमुक्त

■ NBT न्यूज, नूंह : फिरोजपुर झिरका विधानसभा में एक बार फिर मार्केट कमिटी चेयरमैनी को लेकर सियासी खेल हो गया। 39 दिन बाद मार्केट कमिटी चेयरमैनी की तीसरी बार लिस्ट बदल दी गई है। सबसे पहले जहां मुख्यमंत्री के समर्थक महावीर सैनी का नाम लिस्ट में आया था, वहीं बाद में लिस्ट में फिर बदलाव करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत के समर्थक राहुल जैन को चेयरमैन बना दिया गया है। राहुल जैन ने पदभार संभाल भी लिया था। अब जैसे ही महावीर सैनी के नाम का लेटर सार्वजनिक हुआ तो फिरोजपुर झिरका शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं में खलबली मच गई।

जानकारी के मुताबिक, सरकार ने 24 सितंबर को प्रदेश की अधिकांश मार्केट कमिटी के चेयरमैन के नामों की घोषणा करते हुए लिस्ट जारी की थी। फिरोजपुर झिरका मार्केट कमिटी के चेयरमैन के तौर पर महावीर सैनी का नाम शामिल था।










DISCLAIMER OF THE ISSUER: Power Finance Corporation Limited ("Company"), subject to receipt of requisite approvals, the market conditions, and other considerations, is proposing a public issue of secured, rated, listed, redeemable non-convertible debentures ("NCDs") and has filed the draft shelf prospectus dated December 22, 2025 ("Draft Shelf Prospectus") with the National Stock Exchange of India Limited ("NSE") and with the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"). This announcement does not constitute an offer to sell or solicitation of an offer or invitation to buy any securities in any jurisdiction. Investors should see the Draft Shelf Prospectus filed by the Company with NSE and SEBI, including the sections titled "Risk Factors" and "Material Developments" beginning on pages 18 and 240 respectively of the Draft Shelf Prospectus, available on the websites of SEBI at www.sebi.gov.in, NSE at www.nseindia.com and the websites of the lead managers at www.nuvama.com, www.akgroup.co.in, www.trustgroup.in and www.tipsons.com. The Issuer and the Lead Managers accept no responsibility for statements made otherwise than in the Draft Shelf Prospectus or in the advertisement or any other material issued by or at the instance of the Company and that anyone placing reliance on any other source of information would be doing so at their own risk.



Distributor: Delhi: Gopal Stores: 9810524934, Noida: Ajay Medical: 0120-2527981
Seelampur: Agarwal Ayurvedic: 9711251291, Saraswati Vihar: Saraswati Ayu: 27058720
Motinagar: Ishar Dass & Sons: 9313519596, Con. Circle: Nath: 9899441605,
Gaziabad - Vaishali: Shri Krishna Ayurved: 9873603747
Khan Market: Preet Medicos: 9899659582, Gurgaon: Vashishth Medical: 9873321179
Faridabad: Laxmi Ayurvedic: 9810083760
Also Available at Chandni Chowk, Bhagirath Palace, Khari Baoli.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGG6 User: cci Time: 01-07-2026 22:15 Color:



## फटाफट खबरें

### नेहा राठौर को SC से अंतरिम प्रोटेक्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को पहलगाम आतंकी हमले पर सोशल मीडिया पोस्ट के सिलसिले में उनके खिलाफ दायर मामले में बुधवार को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी। ये टिप्पणियां कथित तौर पर पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के संबंध में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी को निशाना बनाकर की गई थी।

### हाथी के हमलों में 6 लोगों की गई जान

■ भाषा, चाईबासा (झारखंड) : झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में जंगली हाथी के अलग-अलग हमले में एक ही परिवार के 4 सदस्यों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। चाईबासा के वनाधिकारी आदित्य नारायण ने बताया कि मंगलवार देर रात नोआमुंडी और हटगामारिया में हाथी ने 6 लोगों को मार डाला। एक दिन पहले इसी हाथी ने एक ही परिवार के 3 सदस्यों समेत 7 लोगों की जान ली थी।

### 26 माओवादियों ने किया सरेंडर

■ आईएएनएस, सुकमा (छत्तीसगढ़) : सुकमा जिले में बुधवार को 7 महिलाओं सहित 26 माओवादियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। ये पीएलजीए बटालियन, दक्षिण बस्तर, माड़ डिवीजन और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर एरिया में एक्टिव थे। इन पर 64 लाख रुपये का इनाम था। इन सभी को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, घोषित इनाम और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।


### सिलेबस में बदलाव करेंगे सभी IIT

■ भाषा, नई दिल्ली : इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी (IIT) के एमटेक और पीएचडी सिलेबस में AI आधारित बदलाव की तैयारी है। IIT काउंसिल ने यह निर्णय पिछले साल अगस्त में हुई अपनी बैठक में लिया गया था। हाल ही में इसके कुछ जरूरी मिनट्स जारी किए गए हैं।

# जस्टिस वर्मा पर लोकसभा से बन सकती है कमिटी : SC

## भ्रष्टाचार के आरोपों के मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**सुप्रीम कोर्ट** ने बुधवार को मौखिक रूप से कहा कि पहली नजर में जजेज (इंक्वायरी) ऐक्ट, 1968 के तहत लोकसभा अध्यक्ष द्वारा जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए बनी समिति पर कोई रोक नहीं है। भले ही इसी तरह का प्रस्ताव राज्यसभा में खारिज कर दिया गया हो। यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने की। बेंच इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें जस्टिस वर्मा ने अपने खिलाफ न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत बनी संसदीय जांच कमिटी की वैधता को चुनौती दी है। यह मामला उनके सरकारी आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में जला हुआ कैश मिलने से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर 16 दिसंबर 2025 को लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय को नोटिस जारी किया था। इस मामले में गुरुवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।

**राज्यसभा से प्रस्ताव खारिज, क्या लोकसभा बना सकता है कमिटी :** जस्टिस दीपांकर दत्ता की अगुआई वाली बेंच ने पहली नजर में जस्टिस वर्मा की ओर से पेश सीनियर वकील मुकुल रोहतगी की कुछ दलीलों से असहमति जताई। रोहतगी ने दलील दी कि अगर महाभियोग के प्रस्ताव लोकसभा और राज्यसभा दोनों में एक ही दिन पेश किए गए हों, तो जांच कमिटी का गठन दोनों सदनों से संयुक्त रूप से होना चाहिए। चूंकि, राज्यसभा में प्रस्ताव खारिज हो गया, इसलिए लोकसभा को अकेले जांच समिति बनाने का अधिकार नहीं है। जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि जजेज (इंक्वायरी) ऐक्ट में यह साफ तौर पर नहीं लिखा है कि अगर राज्यसभा किसी प्रस्ताव को खारिज कर दे, तो लोकसभा आगे की कार्यवाही नहीं कर सकती। गौरतलब है कि पिछले साल 14 मार्च को दिल्ली में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर जली नकदी की गड्डियां मिलने के बाद उन्हें दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया गया था।

### कहा- कमिटी गठन में खामी की होगी जांच

**अदालत** ने यह भी कहा कि कानून इस बात पर मौन है कि एक सदन द्वारा प्रस्ताव खारिज किए जाने की स्थिति में दूसरे सदन की कार्यवाही पर रोक लगेगी या नहीं। जस्टिस दत्ता ने कहा कि इस 'मौन' को उद्देश्यपूर्ण तरीके से पढ़ने की जरूरत है। हालांकि, बेंच ने यह भी माना कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा जिस तरीके से जांच समिति का गठन किया गया, उसमें कुछ खामी दिखाई देती है। अदालत ने कहा कि वह यह जांच करेगी कि यह खामी इतनी गंभीर है या नहीं कि पूरी कार्यवाही को खत्म किया जा सके। सुनवाई के दौरान बेंच ने यह भी कहा कि अगर राज्यसभा ने भी प्रस्ताव स्वीकार कर लिया होता, तो जस्टिस वर्मा को संयुक्त समिति का लाभ मिलता। लेकिन क्या यह स्थिति इतनी नुकसानदेह है कि सुप्रीम कोर्ट को अनुच्छेद 32 के तहत हस्तक्षेप करना पड़े, इस पर अदालत ने सवाल उठाया।

हाई कोर्ट से AAP और कांग्रेस को मिली 24 घंटे की मोहलत

# अंकिता केस से BJP नेता को जोड़ने वाले पोस्ट हटाने होंगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/देहरादून

**दिल्ली हाई** कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (AAP) को निर्देश दिया कि वे बीजेपी नेता दुष्यंत कुमार गौतम को अंकिता भंडारी मर्डर केस से जोड़ने वाले अपने पोस्ट 24 घंटे में सोशल मीडिया से हटा दें।

जस्टिस मिनी पुष्करणा ने गौतम के मानहानि के मुकदमे पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। दोनों दलों को मर्डर केस में बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव को कथित 'VIP' के तौर पर टारगेट करने वाला कोई भी कंटेंट पोस्ट करने से भी रोक दिया है। जज ने कहा कि 24 घंटे के अंदर कंटेंट नहीं हटाया गया, तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उसे हटा देंगे। कोर्ट ने ऐक्ट्रेस उर्मिला सनावर और उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी समेत दूसरे लोगों और संस्थाओं के खिलाफ भी निर्देश दिए। गौतम ने कांग्रेस, AAP के साथ सनावर, सुरेश राठौर, उत्तराखंड कांग्रेस और उसके प्रेसिडेंट गणेश गोदियाल, कांग्रेस के नैशनल मीडिया पैनलिस्ट आलोक शर्मा से 2 करोड़ रुपये का हर्जाना भी मांगा है। 2022 के इस मामले में 3 को उम्रकैद हो चुकी है।



सीएम आवास में अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह और मां सोनी देवी ने सीएम पुष्कर धामी से भेंट की। सीएम ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

### नैनीताल में कांग्रेस का कैंडल मार्च

अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस हर जिले में 'न्याय यात्रा' निकालकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अगर सरकार में नैतिकता है, तो इस मामले की सीबीआई जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराए। मंगलवार शाम नैनीताल में कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि हत्याकांड में शामिल वीआईपी चेहरों को बचाने की कोशिश हो रही है। बुधवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि पहले सबूत मिटाए गए और अब सरकार सबूत मांग रही है। उन्होंने बताया कि अंकिता के माता-पिता शुरू से सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, लेकिन तीन साल में सरकार फैसला नहीं ले सकी।

## मणिपुर ऑडियो क्लिप की फरेंसिक जांच के आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उस 48 मिनट के ऑडियो रिकॉर्डिंग की फरेंसिक जांच का आदेश दिया, जिसके बारे में आरोप लगाया गया है कि यह 2023 की मणिपुर जातीय हिंसा में पूर्व सीएम एन. बीरेन सिंह की भूमिका की ओर इशारा करता है। कोर्ट ने कहा, ऑडियो राष्ट्रीय फरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU), गांधीनगर को जांच के लिए भेजा जाए। याचिकाकर्ता के वकील की ओर से प्रतिवादियों को सौंपी गई सभी वॉयस रिकॉर्डिंग्स को भी इसमें शामिल किया जाए और NFSU को भेजा जाए। NFSU से प्रक्रिया में तेजी लाने और अंतिम रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में पेश करने को भी कहा। याचिका कुकी ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट की ओर से दाखिल की गई है।

राष्ट्रीय फरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय ऑडियो क्लिप की जांच करेगा

## जम्मू: माता वैष्णो मेडिकल कॉलेज की परमिशन रद्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नैशनल मेडिकल** कमीशन (NMC) के मेडिकल असेसमेंट ऐंड रेटिंग बोर्ड (MARB) ने जम्मू-कश्मीर के माता वैष्णो देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस को अकैडमिक सेशन 2025-26 के लिए दी गई लेटर ऑफ परमिशन वापस ले ली है। कॉलेज में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉक्टरों के संगठन फाइमा के संस्थापक डॉ. रोहन कृष्णन ने कहा कि मेडिकल सिस्टम में सीटें बढ़ाने पर जरूरत से ज्यादा फोकस किया गया जबकि मेडिकल कॉलेजों की गुणवत्ता से समझौता किया गया।

स्टूडेंट्स के हितों पर एनएमसी ने कहा, शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दाखिला ले चुके स्टूडेंट्स को राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेजों में सुपरन्यूमेरेरी सीटों पर समायोजित किया जाए।





FILE

### औचक निरीक्षण में मिली कई कमियां

एनएमसी को कॉलेज के खिलाफ कई गंभीर शिकायतें मिलीं। इनमें अपर्याप्त बुनियादी ढांचा, क्लिनिकल मटीरियल की भारी कमी और योग्य फैकल्टी और रेजिडेंट डॉक्टरों की कमी जैसे आरोप शामिल थे। एनएमसी ने कॉलेज का अचानक निरीक्षण कराया और शिकायतें सही मिलीं। कहा कि कमियां इतनी गंभीर हैं कि कॉलेज के संचालन से छात्रों की मेडिकल शिक्षा पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

# उत्तराखंड के जंगलों में आग से रिहायशी इलाकों में बढ़ा जंगली जानवरों का खतरा

## बारिश की कमी और सूखी घास जमा होने की वजह से तेजी से बढ़ रही है आग

Yogesh.Nagarkoti
@timesofindia.com

■ **बागेश्वर** : अल्मोड़ा और बागेश्वर जिलों में जंगलों की आग थमने का नाम नहीं ले रही है। ठंड के मौसम के बावजूद पिछले कई दिनों से जंगलों में आग लगी हुई है। जंगली जानवर अपने प्राकृतिक आवास छोड़कर गांवों की ओर आ रहे हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल है।


लोग बोले- तेंदुए, भालू, जंगली सूअर जैसे जानवर गांवों की ओर आ रहे हैं

अधिकारियों के मुताबिक, लंबे समय से बारिश न होने और जंगलों में सूखी घास जमा होने के कारण आग तेजी से फैल रही है। बागेश्वर जिले के बुधगुना के जंगलों में पिछले तीन दिनों से आग लगातार जल रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगलों का बड़ा हिस्सा जलने से तेंदुए, भालू और जंगली सूअर जैसे जानवर गांवों के पास नजर आने लगे हैं। बागेश्वर के भावन देवी (60) ने बताया कि उनके घर के पास तेंदुए को कई बार देखा गया है।

पर्यावरण से जुड़े लोगों ने चिंता जताई है कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले गर्मी के महीनों में स्थिति और खराब हो सकती है। स्टेटहुड मूवमेंट से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता हेम पंत ने कहा कि जंगलों में खाने और पानी की कमी के कारण जानवर नालों और बस्तियों के पास शरण ले रहे हैं।

**पारंपरिक पशुपालन में बदलाव भी वजह :** पर्यावरण कार्यकर्ता ईश्वर जोशी ने कहा, पारंपरिक पशुपालन में कमी और बड़े पैमाने पर पलायन के कारण जंगलों में सूखी घास जमा हो रही है, जो आग को बढ़ावा देती है। लंबे समय से सूखा और सूखी घास की अधिकता ही आग की मुख्य वजह है।



ठंड के मौसम में भी बागेश्वर और अल्मोड़ा जिलों में पिछले कई दिनों से जंगलों में आग का कहर लगातार जारी है।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अकादमिक
सामान्य

OXFORD INTERNATIONAL SCHOOL
REQUIRES
• NTT Mother Teacher
• PRT, TGT, PGT: All Subjects
• French Language Teacher
• Front Desk Executive (Female)
• Accountant (Good experience in Excel & Tally)
• Physical Education Teacher, Golf & Archery Trainer
• IT Hardware Technician
• Dance & Music Teacher
Candidates should have the relevant qualification as per CBSE norms.
Send your resume to
Contact: 9457609644

अन्य रिक्तियां
चालक

एकाधिक रिक्तियां
REQUIRED- civil engineer, Electrical Engineer (B.Tech/ Diploma), Accountant, civil foreman. Interested candidate may contact : 8860062706, send their cv at -tgbuildcon@gmail.com

पार्ट टाइम जॉब
REPUTED Finance Company Req P/F Time Del Ncr, 30-70,Retd People,H'wive, VRS,self Emply, 50K-1Lac,incntvs, Perks & Fxd + Frgn Trip.

सुरक्षा
नियुक्त भर्ती- चाहिये अनपढ़ व पढ़े लिखे सिक्युरिटी गार्ड हैल्पर गार्डन व साईट सिक्योरिटी के लिए वेतन 13000/- संपर्क करें-

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)
MRS. Neeru Ahluwalia, wife of Sri Pramod Ahluwalia, has agreed to sell 50% of 2nd Floor of Property No. N-138, GK-1, New Delhi-48, facing front with terrace rights, approx. 975 sq. ft., built on a 300 sq. yards plot, to Ms. Shaloo Reddi. Any claims with documentary proof must be submitted by 13.01.2026 to shalooreddi@yahoo.com , failing which the property shall be deemed free of claim

सार्वजनिक सूचना
प्रिंस सैनी (अधिवक्ता)

निविदाएं (टेंडर्स)
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
https://bankofbaroda.bank.in/tenders
दिनांक 08.01.2026

THE DELHI GOLF CLUB
Dr. Zakir Hussain Road, New Delhi-03
Bids are invited from Vendors for supply, installation & commissioning of High Mast & Lighting of Driving Range, Chipping & Putting Area. Detailed RFP can be downloaded from DGC Website http://delhigolfclub.org/tendernotice/ Sealed envelope mentioning words "Bid for supply, installation & commissioning of High Mast & Lighting of Driving Range, Chipping & Putting Area" in capital letters on the top of the envelope must reach us before 14:00 Hrs on 19th January 2026. Tender Box is placed in the Main Office of DGC.
Lt. Col. Rohit Singh (Retd)
Secretary
The Delhi Golf Club

BOOK YOUR PERSONAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads timesofindia.com
SCAN QR CODE

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
परिसर की आवश्यकता

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन
I, (Rajji)D/O (Sanjay kumar) born on (21/07/2003) residing at (village - chak mander, district. shaheed bhgat singh nagar, punjab 144501), have changed my name to (Rajji Raj) vide affidavit dated (03/01/2026) at (punjab)
I, Baby, daughter of Gulzar Singh, resident of Stratford E15, have changed my name to Simran Singh vide affidavit dated 18/12/2025 sworn in the United Kingdom. Henceforth, I shall be known as Simran Singh.
I, Nandini Singh, D/o Hoshiar Singh, Age 22 Years, Address: M-450, FF, The Green Images, Sector 51, Gurgaon, have changed my name from Nandini to Nandini Singh vide Affidavit Number 22660, dated 07.01.2026, before Notary Sajjan Singh.

I, Rakesh S/o Thandu Ram R/o Flat No.A-404, Ansal Heights, Sec-92,Gurugram,HR-122505 have changed my name to Rakesh Meel for all purposes.
I, Deepti Bansal Agrawal W/o Tushar Agrawal R/o K-1002, Royal Garden Estate, Sector-61, Noida, G.B Nagar, U.P-201301 have changed my name to Deepti Agrawal for all future purposes.
I Rupa Kumari w/o Rakesh Kumar r/o-189-190,FF,Pkt-3,Sec-22 Nr.Aman vhr Police Stn,Rohini Sultanpuri,Delhi-86 have changed my name to Rupa Verma.

खोया एवं पाया
THIS is to inform that property documents and other important documents of Property B-171, Mansarovar Garden, New Delhi -110015 have got misplaced/lost. Sale Deed dated 27.01.1997. Regd. as document No. 514, in Addl. Book No. I. Volume No. 5640, on pages 95 to 99, Regd. on 23.01.1992, with the office of Sub-Registrar, Sub-Distt. No. I. Delhi, and of Bharat builders Documents of previous registration Bharat builders slip No 4170 dt: 24.07.1967. A police complaint has also been made on 21.12.25 for the same. Finder contact Simran Kaur 9968313499
MYSELF Sonali D/o Kamalesh Babu want to inform that my B.tech degree has been lost on 02/01/2026.

HEALTH & WELLNESS TIMES interact
SEX PROBLEM
संन्यासी आयुर्वेदा
BOOK YOUR EDUCATION ADS
PLEASE CONTACT
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads timesofindia.com
SEX PROBLEMS
सबलोक क्लिनिक दरियागंज
बचपन की गलतियाँ
चेतन आयुर्वेदा
9817469817
पेशाब
अशोक क्लीनिक

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL
PROPERTY
BUSINESS
RECRUITMENT, EDUCATION
CHANGE OF NAME, LOST & FOUND
SHOPPING
TENDER, PUBLIC NOTICE
SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

## हम आंकड़ों में नहीं पड़ते, सभी के साथ खड़े : मोहन यादव

■ **भाषा, भोपाल** : मध्यप्रदेश के इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के अलग-अलग आंकड़ों पर सीएम मोहन यादव ने बुधवार को अपनी बात रखी। कहा कि उनकी सरकार आंकड़ों में नहीं पड़ती। इसके बजाय वह सभी के साथ खड़ी है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारे लिए एक भी शख्स की जान जाना कष्टकारी है। इसलिए, हम इस आंकड़ों में नहीं पड़ते हैं। यह अलग बात है कि प्रशासन अपनी प्रक्रियाओं का पालन करता है। आम तौर पर केवल उन मामलों को वैध आंकड़ा माना जाता था, जिनमें पोस्टमॉर्टम हुआ हो।




इंदौर में दूषित पानी से मौतों के अलग-अलग आंकड़ों पर बोले CM

इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से होने वाली मौतों की संख्या पर भ्रम बना हुआ है। क्योंकि, मंगलवार को जिला प्रशासन ने 18 मृतकों के परिजनों को मुआवजे के चेक वितरित किए। हालांकि, अधिकारिक रूप से 7 मौतों की ही पुष्टि की गई है। सीएम ने कहा कि यह घटना दुखद है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग कौन हैं, जब राहत देने की बात आती है, तो हम आंकड़ों को नहीं देखेंगे। इंदौर के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया था कि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि, आधिकारिक तौर पर इस घटना से हुई मौतों की संख्या 6 बताई गई है। वहीं, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने दो जनवरी को बताया था कि 10 मरीजों की मौत की सूचना मिली है। हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि 6 महीने के बच्चे सहित 17 लोगों की मौत हुई है।

## सिर्फ शब्दों से मंशा साफ नहीं... POCSO केस में आरोपी बरी

■ पीटीआई, ठाणे

**ठाणे की** एक अदालत ने नाबालिग लड़की का पीछा करने और यौन उत्पीड़न के आरोपी युवक को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा, आरोपी के ऐक्शन में 'सेक्सुअल इंटेंशन' नहीं दिखती, जो POCSO कानून के तहत जरूरी तत्व है। मयुरेश कैलास शेलके (25) पर आरोप था कि उसने 2019 में 15 साल की लड़की के घर में घुसकर अपने प्यार का इजहार किया था।



आरोपी ने 2019 में 15 साल की लड़की के घर में घुसकर कथित तौर पर प्यार का इजहार किया था

कोर्ट ने कहा कि पीड़िता से कोई शारीरिक संपर्क नहीं हुआ और इस्तेमाल किए गए शब्दों से सेक्सुअल इंटेंशन साबित नहीं होता। यह आदेश 22 दिसंबर 2025 को दिया गया, जिसकी प्रति मंगलवार को उपलब्ध हुई। यह मामला 2019 में दर्ज FIR से जुड़ा था।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGG7 User: cci Time: 01-07-2026 21:38 Color:



# जिसे समझा बेटा, वही कर गया भरोसे का खून

## मानसरोवर पार्क डबल मर्डर का आरोपी नकाबपोश पकड़ा गया

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: मानसरोवर पार्क इलाके में रिटायर्ड टीचर वीरेंद्र कुमार बंसल (71) और उनकी पत्नी परवेश (65) की हत्या का खुलासा हो गया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी को राजस्थान के सीकर से मंगलवार रात गिरफ्तार किया। इसके पास से पुलिस ने सोने की एक चेन, मंगलसूत्र, सोने के 2 कंगन, गोल्ड की अंगूठी और एक लॉकेट बरामद किया है। आरोपी अशोक कुमार सैन (39) पिछले साल वीरेंद्र के केयरटेकर के तौर पर 23 दिन घर में रह चुका था। बुजुर्ग परवेश इसे बेटे की तरह मानती थीं। वहां से हटने के बाद बेरोजगार अशोक अब मुफलिसी में था। उसके दिमाग में परवेश की जूलरी पहनी छवि घूमने लगी। वह 3 जनवरी की शाम मर्डर करने और जूलरी लूटने के इरादे से घर से निकल पड़ा।

**पुलिस ने राजस्थान के सीकर से मंगलवार रात दबोचा**

जॉइंट सीपी मधुर वर्मा ने बताया कि राम नगर एक्सटेंशन स्थित एक फ्लैट में दंपती शनिवार रात मृत हालत में मिले थे। इनके बेटे वैभव बंसल ने देर रात पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पुलिस को फ्लैट के बाहरी गेट वाले कमरे में परवेश बेड पर तो अंदर के रूम में वीरेंद्र अचेत अवस्था में पड़े मिले। वीरेंद्र के मुंह और नाक से खून बह रहा था। आंखों के आसपास चोट के निशान थे। शुरुआती जांच में गला घोंटकर दोनों की हत्या की बात सामने आई। महिला ने जो जूलरी पहन रखी थी, वो गायब थी, जबकि पति के कमरे में रखी अलमारी में जूलरी-कैश सुरक्षित था। DCP प्रशांत गौतम ने स्पेशल स्टाफ और थाने की क्रैक टीम को जांच में लगाया। पुलिस ने आसपास लगे CCTV कैमरों को खंगाला। आरोपी ने मास्क, चश्मा लगा रखा था, इसलिए उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी।



**बिखरी जिंदगी, रची मर्डर की साजिश**

पुलिस अफसरों के मुताबिक, अशोक की जिंदगी पहले सपाट ही बीती। रिक्शा चलाने से शुरुआत की थी। फिर एक फैक्ट्री में काम किया। 2011 में वह सब-वे में फूड्स आउटलेट चलाने वाली एक कंपनी में मैनेजर बना। तीन आउटलेट की जिम्मेदारी उसके पास थी। 2018 में कंपनी का ठेका खत्म हुआ तो जॉब चली गई। यहीं उसकी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट था। आर्थिक संकट गहराया तो जूलरी लूट की साजिश रच दी।

### पत्नी को कॉल करना पड़ा भारी

जॉइंट सीपी मधुर वर्मा के मुताबिक, पुलिस आरोपी के घर पहुंची तो पत्नी ने बताया कि वह खाटू श्याम गया है और फोन यहीं छोड़ गया है। फोन चेक किया तो उसमें मृतक वीरेंद्र के साथ उनकी पत्नी परवेश की सेल्फी व हार पहने वाली फोटो मिली। आरोपी का जिस लोकेशन के साथ फोटो उनके साथ था, वही कपड़ा मर्डर वाले दिन की फुटेज में दिख रहे संदिग्ध का भी था। पुलिस ने पत्नी के फोन को ट्रैक करना शुरू किया। आरोपी ने एक रिश्तेदार के फोन से पत्नी को कॉल किया तो उसकी लोकेशन सीकर की आ गई, जहां पहुंच पुलिस ने इसे दबोच लिया।

### टाइमलाइन

■ **शाम 4:30** बजे आरोपी अशोक कुमार सैन नांगलोई स्थित अपने घर से निकला। मेट्रो से शाहदरा स्टेशन पर उतरा।

■ **शाम 5:35** बजे ई-रिक्शा पकड़ कर मंडोली रोड स्थित लेबर चौक पर उतरा और पैदल ही दंपती की तरफ गया।

■ **शाम 5:50** बजे घर के अंदर फ्रेंडली एंट्री ली। जानकार होने की वजह से महिला ने उसके लिए चाय बनाई। कुछ देर उसने दंपती से बात की।

■ **शाम 7:45** बजे परवेश का गला बाजू से दबाया। पति वीरेंद्र आवाज सुनकर दूसरे कमरे से बाहर आने लगे तो रसोई से कुकर लाकर मारा और गला दबा हत्या कर दी।

■ **शाम 8:20** बजे महिला की जूलरी उतार निकल गया। ई-रिक्शा से शाहदरा आया, फिर बस से कश्मीरी गेट पहुंचा, दूसरी बस से फरीदाबाद उतरा।

■ **शाम 4:30** बजे अगले दिन 4 जनवरी को पत्नी को बताकर सराय रोहिल्ला से ट्रेन पकड़ राजस्थान के सीकर स्थित खाटू श्याम निकल गया।

# नशा तस्करों ने सरपंच को पीटा, 4 आरोपी गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, नूंह

जिले के इंदरी खंड के गांव उटाका में नशा कारोबार के खिलाफ आवाज उठाने पर नशा तस्करों ने गांव के सरपंच पर हमला बोल दिया। इस घटना में गांव के सरपंच सहित कई ग्रामीणों को चोटें आई हैं। सरपंच की गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया गया। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। रोजकामेव थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

उटाका गांव में नशे की बढ़ती समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एक विशेष ग्राम समिति का गठन किया है। इस समिति का उद्देश्य गांव में नशे की बिक्री और सेवन पर रोक लगाना है। मंगलवार रात करीब 10 बजे समिति को सूचना मिली कि गांव में कुछ लोग खुलेआम नशा बेच रहे हैं। सूचना मिलते ही सरपंच के नेतृत्व में समिति के सदस्य और गांव के कई मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और नशा बेचने वालों को ऐसा करने से रोका।

**हमले में कई घायल, 12 पर FIR**

रोकटोक होते ही नशा तस्करों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते महिला समेत कई लोग वहां पहुंच गए और समिति के सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सरपंच सहित कई ग्रामीण घायल हो गए। हमलावरों ने सरपंच की गाड़ी को भी निशाना बनाया और उसका शीशा तोड़ दिया। अचानक हुए इस हमले से गांव में अफरातफरी मच गई। घटना के बाद घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। ग्रामीणों ने इस घटना की शिकायत रोजकामेव थाना में दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। रोजकामेव थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर 12 लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

# TIMES ascent

www.timesascent.com

Catapult your career

To book your Ad logon to: ads.timesofindia.com

ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE

For advertising queries: Call 18001205474

## जॉब्स अलर्ट





● **UPPSC**
**संस्थान:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
**पद का नाम:** मेडिकल ऑफिसर, कम्युनिटी हेल्थ, वेटरनरी ऑफिसर, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर, चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद), डेंटल सर्जन, ड्रग्स इंस्पेक्टर, चिकित्सा अधिकारी (यूनानी), चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथिक), वेटिंग ऑफिसर
**पदों की संख्या:** 2158
**आखिरी तारीख:** 29 जनवरी
**वेबसाइट:** uppsc.up.nic.in

● **IIMC**
**संस्थान:** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन
**पद का नाम:** स्टेनोग्राफर, अपर डिवीजन क्लर्क, प्रोफेशनल असिस्टेंट, सेक्शन ऑफिसर
**पदों की संख्या:** 51
**आखिरी तारीख:** 12 जनवरी
**वेबसाइट:** iimc.gov.in

● **JKSSB**
**संस्थान:** जम्मू और कश्मीर सेवा चयन बोर्ड
**पद का नाम:** पुलिस सब इंस्पेक्टर (टेलीकम्युनिकेशन)
**पदों की संख्या:** 83
**आखिरी तारीख:** 13 जनवरी
**वेबसाइट:** jkssb.nic.in

● **पुलिस**
**संस्थान:** उत्तर प्रदेश पुलिस
**पद का नाम:** कंप्यूटर ऑपरेटर
**पदों की संख्या:** 1352
**आखिरी तारीख:** 15 जनवरी
**वेबसाइट:** uppbpb.in

● **AAI**
**संस्थान:** एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया
**पद का नाम:** सीनियर असिस्टेंट और जूनियर असिस्टेंट
**पदों की संख्या:** 14
**आखिरी तारीख:** 11 जनवरी
**वेबसाइट:** aai.aero

● **BSSC**
**संस्थान:** बिहार कर्मचारी चयन आयोग
**पद का नाम:** पथ निर्माण विभाग, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, गृह विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पर्यावरण नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रमयुक्त श्रम संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग आदि में
**पदों की संख्या:** 24492
**आखिरी तारीख:** 15 जनवरी
**वेबसाइट:** onlinebssc.com

● **IIT**
**संस्थान:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर
**पद का नाम:** नॉन टीचिंग लाइब्रेरियन/ चिकित्सा अधिकारी/छात्र परामर्शदाता/सॉफ्टवेयर इंजीनियर/ असिस्टेंट टेक्निकल ऑफिसर/ असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर/ जूनियर टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर/ स्टाफ नर्स/जूनियर इंजीनियर (सिविल)/जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल)/ जूनियर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मीडिया इंजीनियर/जूनियर टेक्नीशियन/जूनियर लैब असिस्टेंट/ जूनियर टेक्नीशियन (सिस्टम)
**पदों की संख्या:** 101
**आखिरी तारीख:** आज
**वेबसाइट:** iitbbs.ac.in

● **NCERT**
**संस्थान:** नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग
**पद का नाम:** नॉन-टीचिंग
**पदों की संख्या:** 173
**आखिरी तारीख:** आज
**वेबसाइट:** ncert.nic.in

● **RSSB**
**संस्थान:** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
**पद का नाम:** वनपाल
**पदों की संख्या:** 259
**आखिरी तारीख:** 4 फरवरी
**वेबसाइट:** rssb.rajasthan.gov.in

● **SAI**
**संस्थान:** भारतीय खेल प्राधिकरण
**पद का नाम:** चीफ कोच
**पदों की संख्या:** 11
**आखिरी तारीख:** 11 जनवरी
**वेबसाइट:** sportsauthorityofindia.gov.in

● **CSL**
**संस्थान:** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
**पद का नाम:** सीनियर शिप ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन), जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट, लैबोरेटरी असिस्टेंट, स्टोर कीपर, असिस्टेंट
**पदों की संख्या:** 132
**आखिरी तारीख:** 12 जनवरी
**वेबसाइट:** cochinshipyard.in

● **IIML**
**संस्थान:** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ
**पद का नाम:** मैनेजर, डिप्टी मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर, जूनियर मैनेजर, प्रोग्राम असिस्टेंट
**पदों की संख्या:** 38
**आखिरी तारीख:** 19 जनवरी
**वेबसाइट:** iiml.ac.in

● **HCL**
**संस्थान:** हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड
**पद का नाम:** सीनियर सब्जेक्ट एक्सपर्ट, सब्जेक्ट एक्सपर्ट, मेडिकल प्रोफेशनल
**पदों की संख्या:** 7
**आखिरी तारीख:** 13 जनवरी
**वेबसाइट:** hindustancopper.com

● **SBI**
**संस्थान:** भारतीय स्टेट बैंक
**पद का नाम:** वीपी वेल्थ (SRM), एवीपी वेल्थ (RM), कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव
**पदों की संख्या:** 996
**आखिरी तारीख:** 10 जनवरी
**वेबसाइट:** sbi.bank.in

● **OSSSC**
**संस्थान:** ओडिशा सब-ऑर्डिनेट स्टाफ सेलेक्शन कमीशन
**पद का नाम:** फॉरेस्टर, फॉरेस्ट गार्ड, एक्साइज कॉन्स्टेबल
**पदों की संख्या:** 1518
**आखिरी तारीख:** 31 जनवरी
**वेबसाइट:** osssc.gov.in

# जॉब के दौरान ऐसे कम करें स्ट्रेस

**आज के समय में जॉब करने वाला शायद ही कोई ऐसा शख्स होगा जिसे ऑफिस में कभी न कभी वर्क प्रेशर या स्ट्रेस महसूस न हुआ हो। टारगेट पूरा करने का दबाव, डेडलाइन, मीटिंग्स और ऑफिस की राजनीति, ये सभी चीजें मिलकर तनाव बढ़ा देती हैं। इस स्ट्रेस का असर काम के साथ-साथ सेहत, मूड और पारिवारिक रिश्तों पर भी पड़ता है। इस स्ट्रेस को काम के दौरान ही कम किया जा सकता है। जानते हैं इस बारे में:**

स्ट्रेस कम करने के लिए सबसे जरूरी है उसकी वजह को पहचानना। अक्सर हम यह नहीं समझ पाते कि हमें परेशानी किस बात से हो रही है। ध्यान दें कि आप किन हालात में ज्यादा चिड़चिड़े हो जाते हैं, कब गुस्सा आता है या कब मन भारी लगने लगता है।

**इस तरह लगाएं पता**

स्ट्रेस की वजहों का पता लगाने के लिए आप चाहें तो कुछ दिनों तक अपने व्यवहार, भावनाओं और रिएक्शन को नोट करके भी देख सकते हैं। इससे आपको साफ समझ आ जाएगा कि किन परिस्थितियों में आपका तनाव बढ़ता है। स्ट्रेस की वजहें समझ आने के बाद कोशिश करें कि उन हालात में नेगेटिव रिएक्शन देने के बजाय शांत और पॉजिटिव तरीके से जवाब दें। ऐसा करने से स्ट्रेस अपने आप कम होने लगता है।



**ये हो सकती हैं स्ट्रेस की वजहें:**

- सहकर्मियों के साथ तालमेल न होना
- काम ठीक से मैनेज न कर पाना
- अपने रोल और जिम्मेदारियों को लेकर कन्फ्यूजन
- योग्यता के मुताबिक काम न मिलना
- जरूरत से ज्यादा काम का बोझ
- बहुत कम समय में काम पूरा करने का दबाव
- अपने काम पर कंट्रोल न होना
- ऑफिस में शोषण या मानसिक दबाव

**स्ट्रेस का असर**

लंबे समय तक लगातार तनाव में रहने से बर्नआउट के हालात बन सकते हैं। इसमें शख्स खुद को हर समय थका हुआ महसूस करता है, काम में मन नहीं लगता और धीरे-धीरे नौकरी से संतुष्टि भी खत्म होने लगती है। बर्नआउट सिर्फ मेंटल ही नहीं बल्कि फिजिकल हेल्थ को भी नुकसान पहुंचा सकता है। सिरदर्द, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन और फोकस की कमी इसके आम लक्षण हैं। यह स्थिति बहुत खराब हो सकती है। अगर आपको ऐसा लगने लगे कि स्ट्रेस आपके रोजमर्रा के काम पर असर डाल रहा है, तो इसे नजरअंदाज न करें।

**ऐसे करें कम**

- दिन में कुछ मिनट डीप ब्रीदिंग या मेडिटेशन के लिए निकालें
- लगातार काम करने के बजाय छोटे-छोटे ब्रेक लें
- खुद को ज्यादा हेल्दी रखने की कोशिश करें
- रोज थोड़ी-बहुत एक्सरसाइज करें
- पूरी नींद लें और समय पर सोने की आदत डालें
- जंक फूड की जगह बैलेंस डाइट को अपनाएं

ये छोटी-छोटी आदतें आपके मन और शरीर दोनों को शांत रखने में मदद करती हैं।

# ऑफिस में कुछ बातों पर चुप रहना है ज़रूरी

ऑफिस सिर्फ काम करने की जगह नहीं होती बल्कि यह एक प्रोफेशनल स्पेस होता है। यहां हर तरह के लोग, सोच और बैकग्राउंड वाले साथ काम करते हैं। ऐसे में कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिन पर चुप रहना ही जरूरी होता है, ताकि माहौल खराब न हो और आपकी प्रोफेशनल इमेज बनी रहे।

**धर्म पर राय देने से बचें**

ऑफिस में अलग-अलग धर्म, संस्कृति और मान्यताओं वाले लोग होते हैं। किसी धर्म पर टिप्पणी करना, तुलना करना या मजाक करना किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। कई बार बात हल्की-सी शुरुआत से बहस में बदल जाती है और काम का माहौल बिगड़ जाता है।

**परेशानियां ज्यादा शेयर न करें**

घर की समस्याएं, पैसों की टेंशन या रिश्तों के झगड़े हर किसी की जिंदगी में होते हैं। लेकिन अगर आप ऑफिस में बार-बार इन्हें शेयर करते हैं, तो लोग आपको तनाव में रहने वाला या कम फोकस्ड समझ सकते हैं। इससे आपकी प्रोफेशनल इमेज पर असर पड़ सकता है।

**हेल्थ की हर बात बताना जरूरी नहीं**

स्वास्थ्य से जुड़ी बातें बहुत पर्सनल होती हैं। अगर कभी तबीयत ठीक न हो और छुट्टी लेनी हो, तो बताना बिल्कुल सही है। लेकिन हर छोटी-बड़ी परेशानी का जिक्र बार-बार करना सही नहीं माना जाता।

**राजनीति पर चर्चा न करें**

राजनीति ऐसा विषय है जिस पर हर शख्स की सोच अलग होती है। किसी सरकारी फैसले या नेता पर आपकी राय भले ही मजबूत हो, लेकिन जरूरी नहीं कि आपके साथी भी उससे सहमत हों। ऐसी चर्चाएं अक्सर तकरार, नाराजगी और गुटबाजी को जन्म देती हैं।


**IFCI LIMITED** आई एफ सी आई लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: आईएफसीआई टॉवर, 61 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019, दूरभाष : 011-41732000, ईमेल: contract@ifciltd.com, वेबसाइट : www.ifciltd.com, सीआईएन : L74899DL1993GOI053677

**अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करने की सूचना**
**विज्ञापन संख्या: आईएफसीआई/2025-26/05**

आईएफसीआई लिमिटेड निम्नलिखित पदों (अनुबंध पद) के लिए अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | पद का शीर्षक | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एसोसिएट डायरेक्टर (आईटी) | 1 (अनारक्षित) |
| 2. | एसोसिएट डायरेक्टर | 2 (अनारक्षित) |
| 3. | सीनियर एसोसिएट – टेक्निकल (एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी)) | 1 (अनारक्षित) |
| 4. | सीनियर एसोसिएट – टेक्निकल (दुर्लभ मृदा स्थायी चुंबक (आरईपीएम)) | 1 (अनारक्षित) |
| 5. | एसोसिएट – टेक्निकल (दुर्लभ मृदा स्थायी चुंबक (आरईपीएम)) | 1 (अनारक्षित) |

इच्छुक उम्मीदवार पात्रता मानदंड, मुख्य जिम्मेदारियों और अन्य नियम व शर्तों वाले विस्तृत विज्ञापन के लिए कंपनी की वेबसाइट www.ifciltd.com को देखें।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 जनवरी, 2026 है।**

इस विज्ञापन के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट **केवल हमारी वेबसाइट** पर अधिसूचित किया जाएगा। उम्मीदवार अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06/01/2026
हस्ता/–
महाप्रबंधक (मानव संसाधन)



**Hyderabad (Sind) National Collegiate Board's**
**Hashmatrai & Gangaram Himathmal Mansukhani Institute of Management**
C.H.M. Campus, Opp. Railway Station, Ulhasnagar (W) - 421 003.
**Minority**
APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE FOLLOWING POSTS FROM THE ACADEMIC YEAR 2025-2026.
**UN-AIDED**

| S.N. | Cadre | Subject | Total No. of Posts | Category |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Director | – | 01 | 01 – OPEN |
| 2. | Associate Professor | Management | 01 | 01 – OPEN |

The above posts are open to all, however candidates from any category can apply for the post.

Reservation for women will be as per **University Circular No. BCC/16/74/1998 dated 10th March, 1998. 4% reservation shall be for the persons with disability as per University Circular No. Special Cell/ICC/2019-20/05 dated 05th July, 2019.**

Candidates having knowledge of Marathi will be preferred.

**The Educational Qualification, Experience & pay-scale for the post of Director & Associate Professor are as prescribed by the University of Mumbai, AICTE & DTE from time to time.**

**Please refer University Circular No. मविप्रसक/विविशाक/तंत्रशिक्षण/११/२०२०-२०२१ दिनांक १९ जानेवारी, २०२१ for qualifications and experience at the time of interview.**

Applicants who are already employed must send their application through proper channel. Applicants are required to account for breaks, if any in their academic career.

Application with full details should reach **SECRETARY, Hyderabad (Sind) National Collegiate Board's, Mistry Bhawan, First Floor, 122, Dinshaw Wachha Road, Churchgate, Mumbai – 400 020.** Within 15 days from the date of publication of this advertisement. **This is University approved advertisement.**

Sd/-
SECRETARY



**एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड** EdCIL

(भारत सरकार के अंतर्गत एक मिनी रत्न श्रेणी-I सीपीएसई)
7वां तल, अम्बादीप बिल्डिंग, 14 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001

**अनुबंध के आधार पर उम्मीदवारों की आवश्यकता**

एडसिल आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों और मंडलों में पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र.स. | पद का नाम | स्थान | रिक्तियों की सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला करियर और मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर | आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों और मंडलों में | 424 |

योग्यता मानदंड, वेतन, शैक्षणिक योग्यता, आयु, कार्य विवरण आदि की पूर्ण जानकारी **https://www.edcilindia.co.in/TCareers** पर उपलब्ध है।
ऑनलाइन आवेदन पत्र (केवल अंग्रेजी में) तिथि **06.01.2026** से उपलब्ध है।
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि **18.01.2026** है।



**SIVANSSH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT PVT. LTD.**
A-439, Sector-4, Gomti Nagar Extension, Lucknow-226 010

**REQUIRED ENGINEERING PROFESSIONALS**

Engaged in construction of Government buildings, requires the following staff for projects in U.P., Bihar, Uttarakhand, West Bengal & Rajasthan:

- **General Manager (Civil Engineer)** – 20+ yrs exp
- **Project Manager (Civil / Electrical)** – 10+ yrs exp
- **Senior Engineer (Civil / Electrical/ QS)** – 5+ yrs exp
- **Billing Engineer (Civil Engineer/ QS)** – 5+ yrs exp
- **Site Engineer (Civil / Electrical Engineer)** – 2+ yrs exp
- **Supervisor** – 5+ yrs exp
- **Site Accountant** – 2+ yrs exp with basic knowledge of computer

Persons with B.Tech./Diploma (B.Com. for Accountant) with requisite experience may apply by email to: hr@sidpl.in



**नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार और सहभागी राज्य सरकारों की एक संयुक्त क्षेत्र कंपनी)

**रिक्ति सूचना**

एनएचएसआरसीएल, रेल मंत्रालय और प्रतिभागी राज्य सरकारों की एक संयुक्त क्षेत्र कंपनी है जिसे मुंबई–अहमदाबाद के बीच पहले हाई–स्पीड कॉरिडोर के निर्माण का कार्य सौंपा गया है।

एनएचएसआरसीएल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/एसपीवी/मेट्रो रेल/रेल मंत्रालय/सरकारी विभागों/निजी क्षेत्र (जैसा लागू हो) के सेवारत कर्मचारियों से डिजाइन–स्ट्रक्चर के क्षेत्र में विभिन्न पदों हेतु नियमित आधार पर कंपनी के साथ जुड़ने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **27.01.2026** है। ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी सहायक दस्तावेजों के साथ एनएचएसआरसीएल कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में **03.02.2026** तक या उससे पहले पहुंच जानी चाहिए।

रिक्ति का विवरण आधिकारिक वेबसाइट **www.nhsrcl.in** पर देखा जा सकता है।

नोट: इस संबंध में कोई भी परिशिष्ट/आगे की सूचना, यदि कोई हो, केवल एनएचएसआरसीएल वेबसाइट पर ही दी जाएगी।



**SBI** भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
ई–मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की नियुक्ति**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/17**

| पद का नाम | मूल रिक्तियां | शामिल की गई अतिरिक्त रिक्तियां | अंतिम रिक्तियां |
|---|---|---|---|
| वीपी वेल्थ (एसआरएम) | 506 | 76 | 582 |
| एवीपी वेल्थ (आरएम) | 206 | 31 | 237 |
| कस्टमर रिलेशनशिप एक्जेक्यूटिव | 284 | 43 | 327 |

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध है. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 02.12.2025 से 10.01.2026* तक.

*विस्तार दिया गया 23.12.2025 से 10.01.2026 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 31.12.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)



**SBI** भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/19 (संविदा पद)**

| पद का नाम | रिक्ति | अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.12.2025) |
|---|---|---|
| उपाध्यक्ष (निवेशक संबंध) | 1 | 50 साल |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 03.01.2026 से 23.01.2026 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 03.01.2026
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)



**PNC INFRATECH LTD**
PNC Tower 3/22-D, National Highway 2, Agra, 282002, CIN: L45201DL1999PLC195937

**WE ARE HIRING**

**1. Company Secretary**
Qualification: Company Secretary (CS) Experience: Minimum 3 Years & above.
Key Responsibilities:
- Ensure compliance with Companies Act, SEBI, and other statutory regulations
- Manage Board, Committee meetings, agendas, minutes, and resolutions
- Handle ROC, MCA, and other regulatory filings
- Support corporate restructuring, mergers, and governance matters
- Act as advisor to Management on corporate governance and legal compliance

**2. Assistant Manager – Finance / Investment/ Family Office**
Qualification: MBA (Finance) / Chartered Accountant with SAP Experience: Minimum 2 Years & above.
Key Responsibilities:
- Financial modelling, budgeting, and forecasting
- Fund management and equity market analysis
- Monitoring investments and portfolio performance
- Ensure compliance with financial and regulatory requirements
- Support strategic financial decision-making

**3. GM / DGM / AGM / Manager – Accounts & Finance**
Qualification: Chartered Accountant with SAP Experience: Minimum 5 Years & Above
Key Responsibilities:
- Manage accounting operations and finalization of accounts
- Ensure statutory, tax, and regulatory compliance
- Handle project finance and working capital management
- Prepare balance sheets and financial statements
- Provide strategic inputs for budgeting and financial planning

**JOB Location: Head Office Agra UP**
**Industry: Infrastructure / EPC / Construction/Corporate Office**

Interested may share their CV at: hr@pncinfratech.com; anilsingh@pncinfratech.com; WhatsApp: 8077782443, 7351104333



**SBI** भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/21 (संविदा पद)**

| पद का नाम | रिक्ति | अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.12.2025) |
|---|---|---|
| मुख्य वित्तीय अधिकारी | 1 | 57 साल |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 05.01.2026 से 27.01.2026 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 05.01.2026
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । गुरुवार, 8 जनवरी 2026

सत्ता का चरित्र स्थायी नहीं होता, परिस्थितियां बदलते ही राजनीति का चेहरा भी बदल जाता है - *राम मनोहर लोहिया*

# कुर्सी के लिए दोस्ती

राजनीति में जब भी कोई बड़ा उलटफेर होता है, तो कहावत झट से रख दी जाती है कि सियासत है ही संभावनाओं का खेल और इसमें कोई स्थायी दोस्त या स्थायी दुश्मन नहीं होता। हालांकि महाराष्ट्र निकाय चुनाव में पद की चाहत ने जिस तरह की संभावनाएं पैदा कर दीं, उससे बड़े-बड़े जानकार हैरान हैं। BJP-कांग्रेस और BJP-AIMIM का गठबंधन भले कुछ वक्त ही चला, पर इसने साबित कर दिया कि आज की राजनीति में विचारधारा से ज्यादा अहमियत सत्ता की है।

**दो जगह खेल** । यह उलटफेर देखने को मिला है अंबरनाथ और अकोट नगर पालिका में। अंबरनाथ में एकनाथ शिंदे की शिवसेना को सत्ता से बाहर रखने के लिए BJP, कांग्रेस और अजित पवार गुट की NCP ने मिलकर अंबरनाथ विकास अघाड़ी बना लिया, जबकि अकोट में BJP और AIMIM एक हो गए। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस पर नाराजगी जताई है और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने अपने नेताओं को एक विकास के कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जबकि कांग्रेस ने अंबरनाथ में अपने पार्षदों को सस्पेंड कर दिया है।


महाराष्ट्र निकाय चुनाव

**सहयोगियों में अनबन** । आमतौर पर स्थानीय स्तर पर नेताओं को परिस्थितियों के अनुसार फैसले लेने की छूट होती है। लेकिन, ये गठबंधन राज्य में बड़े स्तर पर चल रही सियासत का भी संकेत देते हैं। राज्य में सत्ताधारी BJP और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच की अनबन कई बार सतह पर आ चुकी है। पिछले साल नवंबर में दोनों दलों ने एक-दूसरे पर नेताओं की पोचिंग यानी लालच देकर अपनी तरफ मिलाने का आरोप लगाया था। तब शीर्ष स्तर पर सहमति बनी थी कि दोनों एक-दूसरे के नेताओं को नहीं लेंगे।

**अजित से नाराजगी** । इससे आपसी असंतोष दब तो गया, पर लगता नहीं कि दूर हुआ। समझने वाली बात है कि सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दूसरे सहयोगी डिप्टी सीएम अजित पवार के साथ रिश्ते भी नरम-गरम रहे हैं। भ्रष्टाचार से जुड़े उनके एक बयान को लेकर BJP ने तल्ख प्रतिक्रिया दी है।

**जनता से धोखा** । गठबंधन के साथियों के बीच मनमुटाव आम बात है। कई बार वैचारिक मतभेद बड़े भी हो जाते हैं, लेकिन उनका इतना बढ़ जाना कि एक-दूसरे को रोकने के लिए विपक्ष से हाथ मिला लेना असल में जनता के साथ धोखा है। जहां विचारों के स्तर पर कोई मेल ही न हो, वहां कुर्सी के लिए हाथ मिला लेना सरासर अवसरवादिता है। जिन दलों की राजनीति ही एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी है और जो केंद्र से राज्य तक प्रतिद्वंद्वी हैं, क्या एक जगह जनता के हित में तालमेल से चल पाएंगे? इसमें संशय है।

## गुस्ताख़ी माफ़

# बगल में छुरी

'बताइए भाई साहब, ये भी कोई बात हुई कि किसी देश में घुसो और वहां के राष्ट्रपति को किडनैप कर लो?' श्रीमान क ने सुबह की दुआ-सलाम के ऐन बाद सवाल दाग दिया। वह वेनेजुएला में डॉनल्ड ट्रंप के एक्शन पर खफा थे।


अखिलेश प्रताप सिंह

मैं कुछ कहता, उससे पहले ही गुड मॉर्निंग अंकल का नारा लगाते हुए बल्लू बाश्शा आ पहुंचा। उसने श्रीमान क की मुख मुद्रा देख कहा, 'आप भी नाराज हैं अंकल? सुप्रीम कोर्ट भी नाराज हो गया है। गंदी हवा साफ ही नहीं हो रही।' 'नाराजगी की बात तो है', मैंने अपना टुकड़ा जोड़ा। 'जिनको जिम्मा दिया, वे ठीक से काम न करें, तो कोर्ट नाराज होगा ही।' मैं ज्ञान वर्षा का माहौल बना ही रहा था कि बल्लू ने टोक दिया। 'पिछले साल और उसके पिछले साल किसको फटकारा गया, याद है?' मेरे चेहरे पर निल बटा सन्नाटे की तस्वीर देख बल्लू मुस्कुराया। 'बस एक-दो महीने की बात और है। जाड़े का मौसम खत्म, तो चिंता भी खत्म। पर आप क्यों गुस्से में हैं?' उसने श्रीमान क से पूछा।



'कुछ तो लिहाज होना चाहिए। इस तरह दुनिया चलेगी क्या?' श्रीमान क फिर फट पड़े।

'अंकल, लग रहा है कि आपको भी बिना कुछ छिपाए काम करने वाले पसंद नहीं हैं।' बल्लू ने लय पकड़ ली, जिसका मुझे डर था। 'वो जो शरीफ बिल क्लिंटन साहब थे, उन्होंने यूगोस्लाविया से लेकर इराक तक में क्या किया और क्यों किया, कुछ याद है? ये जो कंपनियां पर्यावरण बचाओ के विज्ञापन देती हैं, उनका बिजनेस कैसे चलता है? महिला सम्मान का नारा और काम छिछोरों का, ऐसे लोग देखे नहीं आपने?'

बैकफुट पर आ गए श्रीमान क सहारे के लिए मेरी ओर देख रहे थे। बल्लू ने कहा, 'ट्रंप ने जो बोला, वो किया। सबको पहले से पता था, मिलकर रोक लेते! ज्यादा खतरनाक तो मुंह में राम, बगल में छुरी वाले होते हैं। ट्रंप को छोड़िए, आप यह देखिए कि किसने बाउंड्री वॉल बढ़ाकर फुटपाथ कवर कर लिया है। बताइए, कॉलोनी ऐसे चलेगी क्या?'

## एकदा

संकलन : हरिप्रसाद राय

# अपमान की चोट

**हिंदी खड़ी बोली में 'राधेश्याम रामायण' के रचनाकार** कथावाचक पंडित राधेश्याम उन दिनों न्यू अल्फ्रेड कंपनी के लिए धार्मिक कथाओं पर नाटक लिखते थे। एक दिन वह अपने मित्र मदन मोहन के साथ वहां अपना ही लिखा नाटक 'वीर अभिमन्यु' देखने पहुंचे। कंपनी के मैनेजर ने सम्मान के साथ सोफे पर तो बैठाया, लेकिन थोड़ी ही देर में उन्हें पिछली बेंच पर जाकर बैठने को कहा। पंडित जी उठकर पास के संगम थियेटर में चले गए। वहां उन्हें अगली पंक्ति में बैठाया गया और पान-पानी से सम्मानित किया गया। संगम के मालिक के आग्रह पर उन्होंने 17-18 दिनों में ही से श्रवण कुमार नाटक तैयार किया। अल्फ्रेड के मालिक सोहराब जी को जब उनके अपमान की बात पता चली तो उन्होंने अपने मैनेजर को बर्खास्त कर दिया। मैनेजर भागा-भागा पंडित जी से माफी मांगने आया, तो पंडित जी ने सहजता से उसे माफ कर दिया। इतना ही नहीं अल्फ्रेड के मालिक से कहकर उसे वापस रखवा दिया और वह अल्फ्रेड के लिए भी नाटक लिखने लगे। अपनी आत्मकथा 'मेरा नाटक काल' में पंडित जी ने लिखा है कि मैं सम्मान के लिए थोड़ा तुनकमिजाज हो गया था। उसके बाद उन्होंने लिखा- 'परिवर्तन'।

Subrata Dhar



## व्याकरण का हवाला देकर प्रतिनिधित्व को नकारने की कोशिश नई नहीं है

# हिंदी बच गई, पर बराबरी के सवाल का क्या

**ओटीटी सीरीज** The Family Man का एक छोटा सा सीन आज की सबसे बड़ी भाषाई बहस को समझने के लिए काफी है। बेटा अपने पिता से कैजुअली कहता है कि बहन धृति अब खुद को 'she' नहीं कहलाना चाहती, बल्कि 'they' कहलाना पसंद करती है। पिता की आंखें फैल जाती हैं तो बच्चा बताता है कि LGBTQ solidarity में वह ऐसा कर रही है। पिता घबराकर पूछता है, लेकिन they तो कई लोगों के लिए बोलते हैं अकेले इंसान को they कैसे कहेंगे?


नमिता जोशी

**ग्लोबल है बहस** । बेटा पूरे कॉन्फिडेंस के साथ कॉन्सेप्ट समझाता है कि सामाजिक कुरीतियों से लड़ने वाले लोग non-binary लोगों का सपोर्ट करने के लिए खुद को he या she कहलाने के बजाय they/them कहते हैं। उन्होंने अपना pronoun यानी सर्वनाम ही बदल लिया है, पर पिता का चेहरा बताता है कि grammar और identity की टक्कर ने उसका दिमाग वहीं जाम कर दिया है। वह लंबी सांस भरते हुए पूछता है कि they, them को हिंदी में क्या कहेंगे तो बच्चा बताता है कि हिंदी में अभी इसके pronoun नहीं बने हैं। पिता पूरे मुद्दे की संवेदनशीलता को नजरअंदाज करते हुए भाषा की शुद्धता पर आकर ठहरता है और कहता है, शुक्र है हिंदी बच गई।

यह सीन आज अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी से लेकर भारत तक चल रही ग्लोबल बहस का संक्षिप्त रूप है। दुनिया समझ चुकी है कि भाषा सिर्फ नियमों की किताब नहीं। यह पहचान की राजनीति है। अंग्रेजी में singular 'they' को लेकर 10 साल से तीखी बहस चल रही है। UK में स्कूल और विश्वविद्यालय pronoun एजुकेशन चला रहे हैं। कनाडा की Parliament में non-binary पहचान को प्रतिनिधित्व देने के लिए pronoun गाइडलाइंस बदले गए। फ्रांस 'iel' पर बंटा हुआ है। वहां he के लिए il और she के लिए elle नाम का pronoun है। लेकिन non-binary लोगों के लिए iel शब्द ईजाद हुआ तो बहस छिड़ गई। स्पैनिश में non binary के लिए 'Latinx' बना तो भाषा के ज्ञानियों ने कहा कि यह शब्द एक्स लगने से कठिन हो गया है। बनाना ही है तो इसको 'Latine' कर दो। बहरहाल, भाषा बदल रही है, पहचान अपना हक मांग रही है और समाज दोनों के बीच रास्ता खोज रहा है।


AdobeStock

**बराबरी = की भाषा**
**नवभारत टाइम्स की पहल**

अब जरा हिंदी पर लौटिए। जैसे ही NBT कहता है, 'सैनिक का स्त्रीलिंग सैनिका होना चाहिए', 'कलाकार का कलाकारा', 'विधायक का विधायिका', या 'व्यापारी का व्यापारिणी' तो वही grammar-shock पैदा हो जाता है जो The Family Man के उस पिता के चेहरे पर था। फर्क बस इतना है कि अंग्रेजी वाली बहस identity को लेकर है, जबकि हिंदी वाली बहस बराबर प्रतिनिधित्व को लेकर। पर दोनों की जड़ एक है, भाषा का पुराना ढांचा बदलने से विरोध पैदा होता है।

**जड़ कहां है**
- समस्या व्याकरण नहीं, लोगों की सोच में है
- शब्द नहीं है तो बनाए/अपनाए जा सकते हैं
- असल डर है सत्ता-संरचना में बदलाव का

तो फिर हिंदी के ज्ञानियों को इतना दर्द क्यों? क्योंकि भाषा में बदलाव का विरोध व्याकरण के नाम पर होता है, पर असल में वह सत्ता संरचना का मामला है। सदियों से भाषा ने आदमी यानी पुरुष को ही सामान्य माना। कलाकार? मतलब पुरुष कलाकार। पत्रकार? मतलब पुरुष पत्रकार। सैनिक? मतलब पुरुष सैनिक। यही कारण है कि बराबरी की भाषा सिर्फ भाषा सुधार का कोई छोटा-मोटा कार्यक्रम नहीं। यह प्रतिनिधित्व की लड़ाई है। यह भाषा से पूछती है, अगर महिलाएं हर पेशे में मौजूद हैं, तो तुम्हारे पास उनके लिए शब्द क्यों नहीं? यही सवाल असहज कर देता है। 'द फैमिली मैन' का वह पिता व्याकरण के नियमों में अटका हुआ था। समस्या व्याकरण नहीं थी, उसके मानसिक ढांचे में थी। हिंदी समाज भी उसी जगह अटका हुआ है। वह कहता है, शब्द नहीं हैं, जैसे शब्द पेड़ों पर उगते हों। शब्द बनाए जाते हैं, अपनाए जाते हैं और फिर भाषा के रक्तप्रवाह में घुल जाते हैं।

**बुनियादी सम्मान** । भाषा में प्रतिनिधित्व कोई दिखावटी सिलसिला नहीं, यह बुनियादी सम्मान है। और अगर भाषा बराबरी को जगह नहीं देती, तो बराबरी उसे भाषा से छीनकर लेनी है। बराबरी की भाषा इसी लड़ाई की अगली पंक्ति है। सवाल अब वही एक है, जब दुनिया भाषा को पहचान के हिसाब से बदल रही है, तो हिंदी को बराबरी के हिसाब से बदलने से रोकने की हिम्मत किसे और किस आधार पर है?

## कांटे की बात




## असंभव संवाद

# कास्त्रो की क्रांति से डील करने चले ट्रंप

*वेनेजुएला में सैन्य दखल के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिन दूसरे देशों को धमकी दी है, उनमें क्यूबा भी है। अमेरिका के खिलाफ विद्रोह का सबसे मशहूर चेहरा बने फिदेल कास्त्रो आज क्या जवाब देते ट्रंप को।*


AI Image

**कास्त्रो के** सिगार के धुएं ने नजर और भी धुंधली कर दी ट्रंप की। उन्होंने आंखें सिकोड़ते हुए कहा, 'धुआं यहां से निकल रहा और लोगों को लग रहा कि आग अमेरिका में लगी है। यह हमारे खिलाफ साजिश है। मैं इसे ठीक कर सकता हूं।' 'कैसे?' 'डील। वेनेजुएला का तेल अब वेनेजुएला का नहीं है। वह तेल तुम्हें मिलता था, पर अब नहीं मिलेगा। लेकिन, मिल भी सकता है। तुम हमसे हाथ मिला लो। क्यूबा को डॉलर चाहिए।' 'नहीं, कुछ लोगों के लिए सम्मान काफी है। क्रांति सौदेबाजी नहीं होती। यह लड़ाई है जीवन से मौत तक की। यह संघर्ष विचारों का है, बस तेल या डील का नहीं।' 'तुम्हारे विचार तुम्हें बचा नहीं सकते। मुझे लड़ाई जीतनी आती है।' 'और मुझे आता है लड़ते हुए टिके रहना, वह भी अपने बल पर।'

## जनता जंक्शन

इरफान





# भारत आए, मगर JNU नहीं जा सके थे मादुरो

**निकोलस मादुरो** को दिल्ली जानी-पहचानी सी लगी होगी जब वे 2015 में यहां वेनेजुएला के राष्ट्रपति के रूप में पधारे थे। अमेरिका के ऑपरेशन एब्सॉल्यूट रिजॉल्व के तहत गिरफ्तार किए गए निकोलस मादुरो यहां 2005 में निजी हैसियत से और 2012 में अपने देश के विदेश मंत्री के रूप में भी आए थे। उन्हें इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट से अपने होटल पहुंचते हुए चाणक्यपुरी में वेनेजुएला के जननायक सिमोन बोलिवर के नाम पर सड़क को देखकर सुखद अनुभूति भी हुई होगी। सिमोन बोलिवर (1783-1830) क्रांतिकारी नेता थे, जिन्हें 'एल लिबर्टाडोर' (मुक्तिदाता) कहा जाता है। उन्होंने स्पेनिश साम्राज्य से वेनेजुएला, कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू और बोलिविया जैसे देशों को आजादी दिलाई। बोलिवर ने लैटिन अमेरिका की एकता की कल्पना की और साम्राज्यवाद विरोधी विचारधारा के प्रतीक बने।


विवेक शुक्ला

निकोलस मादुरो अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज की तरह JNU छात्रों को संबोधित नहीं कर सके। उनकी इच्छा थी, लेकिन JNU का उनका कार्यक्रम अंतिम समय में अज्ञात कारणों से रद्द कर दिया गया था। हालांकि शावेज का JNU दौरा बेहद सफल रहा था। अपनी भारत यात्रा के दौरान 4 मार्च, 2005 को उन्होंने JNU में छात्रों को अपने समाजवादी विचारों के बारे में बताया था। उन्हें सुनने के लिए हजारों छात्र पहुंचे थे। JNU में पढ़ा चुके प्रो. चमन लाल कहते हैं कि उस विश्वविद्यालय के इतिहास में इतनी बड़ी सभा पहले शायद ही कभी देखी गई हो। JNU के स्पेनिश विभाग के पूर्व छात्र अशोक कुमार पिपल बताते हैं कि शावेज के स्पेनिश में दिए भाषण का प्रो. शम्भु प्रसाद गांगुली अंग्रेजी में अनुवाद कर रहे थे।

## साड्डी दिल्ली




शावेज की यात्रा के समय ही सिमोन बोलिवर मार्ग का नामकरण हुआ था। इस मार्ग के दोनों तरफ घने पेड़ लगे हुए हैं। बोलिवर को वेनेजुएला में उसी तरह का सम्मान मिलता है, जैसा गांधी जी को भारत में प्राप्त है। यह सड़क दिल्ली में वेनेजुएला का सबसे प्रमुख प्रतीक है, जो दर्शाता है कि भारत कैसे उन विदेशी नेताओं का सम्मान करता है जो अपने देश की स्वतंत्रता के लिए लड़े। इधर ही बोलिवर की एक प्रतिमा भी स्थापित है। यहां से अमेरिकी एंबेसी और अमेरिकी स्कूल भी कोई बहुत दूर नहीं है।

बोलिवर के अलावा, दिल्ली में लैटिन अमेरिकी देशों के कई अन्य नेताओं के नाम पर भी सड़कें हैं। इनमें प्रमुख है बेनिटो जुआरेज मार्ग। यह मेक्सिको के पूर्व राष्ट्रपति बेनिटो जुआरेज के नाम पर है, जो 19वीं सदी में मेक्सिको के स्वतंत्रता संघर्ष के प्रतीक थे। यह साउथ दिल्ली में धौला कुआं के पास स्थित है। सैन मार्टिन मार्ग अर्जेंटीना के जनरल जोसे डे सैन मार्टिन के नाम पर है। वे साउथ अमेरिका के स्वतंत्रता सेनानी थे। यह भी चाणक्यपुरी में है।

# भूखे को खिलाना लुभाना नहीं, राष्ट्रभक्ति है

**दिल्ली शाही और आत्मीय शहर है।** जितना भव्य, उतना ही सादगी समेटे हुए। लुटियंस से प्रख्यात है, तो शाहदरा की तंग गलियां भी इसकी पहचान हैं। इस शहर को गढ़ने में लाखों हाथों का योगदान है। उनके बेहतर खानपान और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी सरकार की है।


रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली

दिल्ली सरकार ने कोई व्यक्ति भूखा न सोए के उद्देश्य के साथ राजधानी के कई इलाकों में अटल कैंटीन की शुरुआत की है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर शुरू की गई इस योजना के तहत जरूरतमंदों को पांच रुपये में खाने की थाली दी जाती है। योजना उस महान राजनेता को समर्पित की गई, जिनकी राजनीति करुणा, संयम और 'अंत्योदय' यानी कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के सिद्धांत पर आधारित थी।

### रोजाना एक लाख थाली

लगभग 600 ग्राम की इस थाली में रोटी, चावल, दाल, सब्जी के साथ अचार भी परोसा जाता है, ताकि मेहनतकश लोगों को पौष्टिक आहार मिल सके। एक थाली की लागत 30 रुपये है। दिल्ली सरकार इसमें 25 रुपये देती है। पहले चरण में शहर के श्रमिक केंद्रों, झुग्गी-झोपड़ी (JJ) क्लस्टरों, औद्योगिक क्षेत्रों और परिवहन केंद्रों के पास 45 कैंटीन शुरू की गई हैं। जल्द ही 55 और कैंटीन शुरू की जाएंगी। फिर, रोजाना 1 लाख थालियां परोसी जाएंगी।

कैंटीन में LPG से खाना पकाने और RO पानी की सुविधा है। ग्राहकों को डिजिटल टोकन मिलता है और CCTV से निगरानी की जाती है। खाने की गुणवत्ता FSSAI और NABL लैब्स में जांची जाती है। 5 रुपये लेने का मकसद है कि लोगों को खाना दान नहीं बल्कि आत्मसम्मान लगे। इससे भोजन की बर्बादी रुकेगी और ग्राहक को भी भीख नहीं बल्कि अपना अधिकार लगेगा।



दिल्ली में देश भर के लोग कमाने आते हैं। यहां के निर्माण कार्यों, बाजार, कारखानों, डिलिवरी नेटवर्क और सार्वजनिक सेवाओं में इन्हीं लोगों का हाथ है। इन लोगों के कार्यस्थल पर ही सस्ता और पौष्टिक खाना मिले, यह जरूरी है। इससे पता चलता है कि शहर आपको देख रहा है, महत्व दे रहा है और आपके साथ है।

दिल्ली सरकार के लिए मजदूर, सफाईकर्मी, रिक्शा चालक आदि आंकड़ा नहीं, बल्कि प्रगति के साझेदार हैं। कहते हैं कि भूखा व्यक्ति असंतुष्ट व अस्थिर हो जाता है। खाना नहीं खाने से उसकी उत्पादकता घटने लगती है। इसलिए, सरकार ने खाद्य सुरक्षा ही शहरी सुरक्षा के मकसद के साथ योजना शुरू की है।

इस पहल में कई संगठन भी साझेदार बनने के इच्छुक हैं। सरकार एक नीति बना रही है, जिससे इनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। हमारा सीधा मानना है कि सुशासन की कसौटी सिर्फ गगनचुंबी इमारतों से नहीं, बल्कि सबसे कमजोर शख्स को कैसे मजबूत किया जाता है, उससे तय होती है। BJP खाद्य सुरक्षा को लेकर हमेशा मुस्तैद रही है। दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार से इसका पता लगता है। वह कहते थे कि समाज की प्रगति सबसे कमजोर व्यक्ति की स्थिति से पता चलता है।

### शासन का मानवीय चेहरा

अटल जी की सरकार ने साल 2000 में अंत्योदय अन्न योजना के तहत गरीबों को रियायती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया। वह जानते थे कि खाली पेट सबसे ज्यादा विरोध होता है। उनकी सरकार ने किसान-केंद्रित सोच को भी संस्थागत बनाया। उन्होंने राष्ट्रीय किसान आयोग और राष्ट्रीय किसान नीति की परिकल्पना की। सुशासन दिवस यानी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर अटल कैंटीन की शुरुआत कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि नैतिक सामंजस्य है। अटल जी का विश्वास था कि शासन का चेहरा मानवीय होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह संकल्प अभूतपूर्व ऊंचाइयां छू रहा है। आज 80 करोड़ से अधिक जरूरतमंदों को निःशुल्क खाद्यान्न दिया जा रहा है। पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने स्वदेशी उर्वरक उत्पादन, किसान कल्याण और कृषि संप्रभुता पर जोर दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा को आयात के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

देश की राजधानी में संस्कृतियों का मेल होता है। यहां कई व्यंजनों का जायका है। एक साधारण थाली परोस कर बगैर जाति, धर्म, प्रांत पूछे आपकी भूख मिटाई जाती है। स्पष्ट होता है कि सरकार किसी से भेदभाव नहीं करती। कल्याण योजनाओं पर हमेशा बहस होगी। मगर किसी को खाना खिलाना उसे लुभाना नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति है।

मुख्यमंत्री के रूप में सुशासन को अंतिम छोर तक पहुंचाने का मेरा संकल्प अडिग है। इसकी शुरुआत पेट से होती है। थाली में परोसे गए गरम खाने से चेहरे पर आई मुस्कान से अटल जी की विरासत जीवित है। मेरे लिए यह शासन का सबसे मानवीय स्वरूप है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

# बड़ा ढीठ मेहमान है दुख, घर में आए बिना मानेगा नहीं

**जैन मुनिश्री तरुणसागरजी**

अगर जिंदगी को स्वर्ग बनाने की तमन्ना है तो पति और पत्नी, सास और बहू, बाप और बेटे को आपस में यह समझौता करना होगा कि अगर एक आग बने तो दूसरा पानी बन जाएगा। अपने घरों में थोड़े से पानी की व्यवस्था करके रखिए, पता नहीं कब किसके दिल में क्रोध की आग भड़क उठे। क्रोध आग है। अपने घरों में सहनशीलता और शांति का जल तैयार रखिए। पता नहीं, कब तुम्हारा घर क्रोध की लपटों से घिर जाए। ध्यान रखो- पति कभी क्रोध में आग बने तो पत्नी पानी बन जाए और पत्नी कभी अंगार बने तो पति जलधार हो जाए।

जवानी पर ज्यादा मत इतराना, क्योंकि जवानी सिर्फ चार दिनों की है। अतः कानों में बहरापन आवे, इससे पहले ही जो सुनने जैसा है उसे सुन लेना। पैरों में लंगड़ापन आवे, इससे पहले ही दौड़-दौड़ कर तीर्थ-यात्रा कर लेना। आंखों में अंधापन आवे, इससे पहले ही अपने स्वरूप को निहार लेना। वाणी में गूंगापन आवे, इससे पहले ही कुछ मीठे बोल बोल लेना। हाथों में लूलापन आवे, इससे पहले ही दान-पुण्य कर डालना। दिमाग में पागलपन आवे, इससे पहले ही प्रभु के हो जाना।

## कड़वे प्रवचन

दुख बड़ा ढीठ मेहमान है। अगर यह तुम्हारे घर के लिए निकल पड़ा है तो पहुंचेगा जरूर। अब अगर तुम इस मेहमान को घर आते हुए देखकर सामने का दरवाजा बंद कर लो तो यह पीछे के दरवाजे से आ जाएगा। पीछे का दरवाजा भी बंद कर लो तो यह खिड़की में से आ जाएगा। खिड़की भी बंद कर लो तो छप्पर फाड़कर, नहीं तो फर्श उखाड़कर आ जाएगा। ढीठ मेहमान है ना! इसलिए जीवन में सुख की तरह दुख का भी स्वागत करो। दुख की मेजबानी के लिए भी तैयार रहो। यह सोचकर कि वे दिन नहीं रहे तो ये दिन भी नहीं रहेंगे।

(साभार : डायमंड बुक्स)

## फटाफट खबरें

### PMK का अंबुमणि गुट NDA में शामिल

■ भाषा, चेन्नै : पीएमके के डॉ. अंबुमणि रामदॉस गुट ने तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले AIADMK के प्रमुख ई. पलानीसामी से मुलाकात करने के बाद बुधवार को NDA में शामिल होने का फैसला लिया। तमिलनाडु में NDA का नेतृत्व AIADMK कर रही है। डॉ. अंबुमणि ने पलानीसामी के घर जाकर उनसे मुलाकात की और औपचारिक रूप से गठबंधन में शामिल होने की घोषणा की।

### कर्नाटक: सिद्धा का कार्यकाल सबसे लंबा

■ भाषा, बेंगलुरु : कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री (दिवंगत) देवराज उर्स को पीछे छोड़ते हुए सबसे लंबे समय तक राज्य का मुख्यमंत्री होने का रेकॉर्ड बुधवार को अपने नाम कर लिया। मुख्यमंत्री के दूसरे कार्यकाल के दौरान सिद्धरमैया (77) ने छह जनवरी को 2,792 दिन तक मुख्यमंत्री रहने के उर्स के रेकॉर्ड की बराबरी कर ली थी।

### महाराष्ट्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष की मौत

■ भाषा, अकोला : महाराष्ट्र के अकोला जिले की एक मस्जिद में चाकू से हुए हमले में घायल कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष हिदायतुल्लाह पटेल ने बुधवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि आरोपी हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार अपराह्न करीब डेढ़ बजे अकोट तालुका के मोहाला गांव की एक मस्जिद में पटेल (66) पर पुरानी रंजिश के कारण धारदार हथियार से हमला किया गया था।

### बिहार: चेहरा ढका तो नहीं बेचेंगे गहने

■ पीटीआई, पटना : चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए बिहार के जूलर्स ने फैसला लिया है कि वे चेहरा ढक कर आए ग्राहकों को गहने नहीं बेचेंगे। ऑल इंडिया जूलर्स ऐंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (AIJGF) की बिहार इकाई ने अपने सदस्यों से ऐसा करने को कहा है। AIJGF बिहार इकाई के अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि सुरक्षा कारणों से यह फैसला लिया गया है।

# UP में SIR पर SP के सवाल, आयोग ने सुनाया भेड़िया आया

## लखनऊ, गाजियाबाद में सबसे ज्यादा मतदाताओं के फॉर्म जमा नहीं


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**यूपी में** SIR के बाद जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग विपक्षी दलों के निशाने पर है। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) का कार्यालय सोशल मीडिया पर उठ रही आपत्तियों का तो समाधान कर ही रहा है, विपक्ष के आरोपों पर भी तंज भरे जवाब दे रहा है। समाजवादी पार्टी (SP) ने कटे वोटरों की संख्या पर सवाल उठाए तो आयोग ने आंकड़े गिनाने के साथ 'भेड़िया' आया कहानी याद दिला डाली।

> लखनऊ में 12 लाख तो गाजियाबाद में 8.18 लाख मतदाता हुए कम।

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 2.89 करोड़ वोटरों के नाम कट गए हैं। बुधवार को एसपी के मीडिया सेल ने सीएम के एक बयान का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि बयान के बाद आयोग ने सक्रिय होकर 1 करोड़ नाम जोड़े। चुनाव आयोग बताए कि पहले बेइमानी हो रही या था बाद में। एसपी ने मामले को कोर्ट ले जाने की भी धमकी दी।

CEO UP ने राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठकों, एसपी की मांग और उठाए गए कदम, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से समय-समय पर दी गई जानकारी का ब्यौरा दे डाला। यह भी कहा कि न तो बेइमानी पहले हो रही थी और न अब हो रही है। तंज किया कि Aesop Fables में एक प्रसिद्ध कहानी 'The Boy who cried Wolf' है। शिक्षाप्रद कहानी है जिसमें एक लड़का भेड़िये के आने की झूठी जानकारी देता है। इसके चलते जब वास्तव में भेड़िया आता है तो कोई उसकी कहानी पर भरोसा नहीं करता। यूपी में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद बुधवार शाम 5 बजे तक 128 दावे और आपत्ति दाखिल हुए हैं। सभी दावे नाम जोड़ने के लिए हैं। नाम हटाने या काटने के लिए कोई आवेदन या दावा नहीं आया है। दावे और आपत्तियां 6 फरवरी तक दाखिल होंगे। बता दें कि यूपी के लखनऊ, गाजियाबाद, बलरामपुर और कानपुर नगर उन जिलों में हैं, जहां सबसे ज्यादा मतदाताओं के फॉर्म जमा नहीं हुए। ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी और चित्रकूट जैसे जिलों में सबसे कम लोगों के नाम हटाए गए।



File

**35.38 लाख** से घटकर 26.36 लाख रह गई कानपुर नगर में मतदाताओं की संख्या।

**46.93 लाख** से घटकर 35.37 लाख रह गई प्रयागराज में मतदाताओं का आंकड़ा।

**18.65 लाख** लाख थे गौतमबुद्ध नगर में कुल मतदाता, इनमें से 4.47 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से कट गए।

### SIR फेज-2 : 6.5 करोड़ मतदाताओं के नाम हटे

■ भाषा, नई दिल्ली : निर्वाचन आयोग द्वारा 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के कराए जा रहे SIR के तहत करीब 6.5 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इन जगहों पर 27 अक्टूबर को SIR प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब कुल 50.90 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। हालांकि, अलग-अलग प्रकाशित मसौदा मतदाता सूचियों में मतदाताओं की संख्या घटकर 44.40 करोड़ रह गई है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों के नाम सूची से हटाए गए हैं, उन्हें 'एएसडी' यानी अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत व नाम में दोहराव की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने पहले उपलब्ध रुझानों का हवाला देते हुए कहा था कि SIR की प्रक्रिया में शामिल राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों का संग्रह काफी कम रहा है। UP में SIR प्रक्रिया के बाद मंगलवार को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। राज्य में अब 12.55 करोड़ मतदाता हैं। आयोग ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पहले सूचीबद्ध 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ (18.70%) मतदाताओं के नाम मृत्यु, स्थायी प्रवास या एकाधिक पंजीकरण के कारण मसौदा सूची में शामिल नहीं किए जा सके। SIR का दूसरा चरण 4 नवंबर को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, MP, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, UP और बंगाल में शुरू हुआ था।

> ये आंकड़े 9 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों से हैं।

### अमर्त्य सेन को नोटिस

■ भाषा, कोलकाता : निर्वाचन आयोग ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में जारी वोटर लिस्ट के SIR के संबंध में नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को नोटिस जारी किया है। 92 वर्षीय अर्थशास्त्री को 16 जनवरी को उनके आवास पर सुनवाई के लिए बुलाया गया है। पश्चिम बंगाल के CEO के कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि चूंकि वे 85 वर्ष से अधिक उम्र के हैं, इसलिए BLO उनके आवास पर जाएंगे। गणना प्रपत्र में दर्ज सेन और उनकी माता की आयु का अंतर 15 वर्ष से कम पाया गया था। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने इसे शर्मनाक तमाशा बताया है।



अमर्त्य सेन

### बंगाल में BLO की मौत

■ भाषा, कोलकाता : बंगाल के मालदा में एक BLO की बुधवार को मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि SIR को लेकर अत्यधिक कार्यभार के कारण वह तनाव में थीं। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान सफिउल चौधरी सान्याल के रूप में हुई है। उनके पति ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी थी, लेकिन उन्होंने SIR का काम जारी रखा। कार्यभार बढ़ने के साथ ही उनकी हालत बिगड़ती चली गई और बुधवार तड़के घर पर ही उनकी मौत हो गई। फूलबारी फकुरताला इलाके की सान्याल आईसीडीएस कार्यकर्ता थी।

> आरोप है कि SIR के कारण वह वर्कलोड से तनाव में थीं।

# महाराष्ट्र निकाय में सत्ता के लिए इस तरह साथ आए धुर विरोधी

NBT 2 मिनट में पढ़ें

राजकुमार सिंह/अरविंद त्रिपाठी

■ मुंबई : बीजेपी ने महाराष्ट्र में अंबरनाथ नगरपरिषद में अपने ही सहयोगी शिंदे सेना को सत्ता में आने से रोकने के लिए कांग्रेस से गठबंधन कर लिया। अंबरनाथ नगरपरिषद में 60 सदस्य हैं। शिंदे सेना सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई। उसने 27 सीटों पर जीत हासिल की। बीजेपी 14, कांग्रेस 12 और एनसीपी ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की। दो निर्दलीय भी जीते। सत्ता तक पहुंचने के लिए शिंदे सेना को महज चार सदस्यों की जरूरत थी। शिंदे सेना को सत्ता में आने से रोकने के लिए बीजेपी, कांग्रेस, एनसीपी और निर्दलीय मिलाकर 32 सीटों पर पहुंच गई। इस तरह बीजेपी सत्ता हासिल कर ली लेकिन यह बीजेपी और कांग्रेस को भारी पड़ गया।

### तीनों दलों का दावा: शहर को बचाने के लिए किया ऐसा

तीनों दलों ने दावा किया कि यह गठबंधन शहर को बचाने और स्थिर प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। बीजेपी के पार्षद अभिजीत पाटील ने कहा कि यह गठबंधन अंबरनाथ को भ्रष्टाचार और डर से मुक्त करने के लिए बनाया गया है। शिंदे सेना के स्थानीय विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने इसे गठबंधन धर्म से विश्वासघात करार दिया।



AI image

■ BJP ने अपने सहयोगी शिंदे सेना को सत्ता में आने से रोकने के लिए कांग्रेस से किया गठबंधन।

उधर, अकोला जिले की अकोटनगर परिषद की सत्ता पाने के लिए बीजेपी ने एआईएमआईएम और कुछ अन्य दलों से गठबंधन किया। यहां 35 सीटों में से 33 पर नतीजे घोषित हुए, जिनमें बीजेपी को 11 सीटें ही मिलीं। 5 सीटें ओवैसी की एआईएमआईएम ने जीतीं।

बहुमत के आंकड़े से दूर रहने के कारण बीजेपी ने अपने नेतृत्व में नया गठबंधन खड़ा किया, जिसे 'अकोट विकास मंच' नाम दिया गया। इसमें शिंदे सेना, अजित पवार की एनसीपी, शरद पवार की एनसीपी और बच्चू कडू की प्रहार जनशक्ति पार्टी भी शामिल हुई। सभी को मिलाकर बीजेपी 25 सीटों तक पहुंच गई। छह सीट जीतने वाली कांग्रेस और दो सीट पर जीतने वाली वंचित बहुजन आघाड़ी विपक्ष में रहीं। बीजेपी की माया धुले महापौर चुनी गई है और पार्टी के ही रवि ठाकुर को ग्रुप लीडर नियुक्त किया गया है। यह गठबंधन अकोला जिला प्रशासन में बुधवार को पंजीकृत किया गया, ताकि 13 जनवरी को होने वाले उप-महापौर और समिति चुनावों से पहले सभी तैयारियां पूरी की जा सकें।

### AIMIM पार्षद खुद आए : BJP सांसद

अकोला से बीजेपी सांसद अनूप धोत्रे ने कहा, एआईएमआईएम के चार पार्षदों ने अपनी पार्टी छोड़कर बीजेपी से हाथ मिला लिया। हमने एआईएमआईएम के साथ कोई गठबंधन नहीं किया है। अकोला से बीजेपी के विधायक रणधीर सावरकर ने कहा कि अकोट में एआईएमआईएम के पांच पार्षदों में से चार ने पार्टी की कट्टर सोच को अस्वीकार करके अकोट विकास मंच में शामिल होने का निर्णय लिया।

### श्रीकांत शिंदे बोले- सत्ता के लिए ये ठीक नहीं

शिंदे सेना के सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि जिन पार्टियों के खिलाफ हम चुनाव लड़ते हैं, उनसे हाथ मिलाना ठीक नहीं है। अगर कुछ लोग सिर्फ सत्ता पाने के लिए ऐसा कर रहे हैं, तो वरिष्ठ नेताओं को इस पर ध्यान देना चाहिए। जिन लोगों के खिलाफ एकनाथ शिंदे ने बगावत की थी, उन्हीं से हाथ मिलाना स्वार्थी कदम है। कुछ लोगों को समझना चाहिए कि सत्ता ही सब कुछ नहीं होती।

# कर्नाटक: पुलिस हिरासत में BJP की कार्यकर्ता से मारपीट का आरोप

■ भाषा, हुबली (कर्नाटक)

**कर्नाटक में** हाल में सरकारी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार की गई बीजेपी की एक महिला पदाधिकारी ने आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनसे दुर्व्यवहार किया था। हालांकि, पुलिस ने इस आरोप को खारिज कर दिया है। घटना का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

हुबली-धारवाड़ के पुलिस आयुक्त एन शशिकुमार ने बुधवार को कहा कि महिला ने खुद अपने कपड़े उतारे, दो उप-निरीक्षकों सहित चार पुलिस अधिकारियों के पेट पर दांत से काट लिया। सूत्रों के अनुसार, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को हटाने के लिए राजस्व अधिकारी पुलिसकर्मियों के साथ उस स्थान पर गए थे, जहां कांग्रेस और पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों ने उन पर हमला कर दिया। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था और महिला मुख्य आरोपी है। दावा है कि जब पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची तो महिला ने विरोध किया। पुलिस ने महिला को जबरन वाहन में बिठाया। महिला ने आरोप लगाया है कि पुलिस टीम ने उसके कपड़े उतारे। इस आरोप का खंडन करते हुए शशिकुमार ने पत्रकारों को घटनाक्रम से अवगत कराया।

> "जब महिला को पुलिस वाहन में ले जाया गया तो उसने खुद अपने कपड़े उतार दिए। मौके पर मौजूद हमारी महिला अधिकारियों और कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद ली और दूसरे वस्त्र का इंतजाम किया।
>
> *-एन शशिकुमार, पुलिस आयुक्त, हुबली-धारवाड़, कर्नाटक*

# बंगाल फतह के लिए BJP की रणनीति, अपना किला मज़बूत और चौतरफा हमला

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही स्थानीय नेताओं को करो या मरो का संदेश दे दिया है। साफ कहा गया है कि अगर इस बार मौका हाथ से निकला तो बीजेपी के लिए दिक्कत हो सकती है। बीजेपी ने टीएमसी को चौतरफा घेरने की रणनीति पर काम भी शुरू कर दिया है। एक तरफ बीजेपी अपना किला मजबूत करने की कोशिश में है और दूसरी तरफ ममता सरकार को घेरने की तैयारी में।

> संगठन में तालमेल रहे और गुटबाजी ना हो इसकी भी तैयारी।

### BJP के टॉप नेता कर रहे पश्चिम बंगाल का दौरा

बीजेपी के सीनियर नेता लगातार पश्चिम बंगाल का दौरा कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल का दौरा करके लौटे ही हैं और अब गुरुवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पश्चिम बंगाल जा रहे हैं। वो दो दिन पश्चिम बंगाल में रहेंगे। नड्डा वहां जिला अध्यक्ष, विभाग कन्वीनर और प्रवासी कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे। बीजेपी की कोशिश है कि बूथ स्तर तक कम से कम पांच लोगों की एक टीम पूरी तरह तैयार रहे जो उस बूथ के तहत आने वाले वोटर्स से लगातार संपर्क करें। उन्हें न सिर्फ ममता सरकार की नाकामियां बताए, बल्कि केंद्र सरकार की उपलब्धियां भी बताए। नड्डा राज्य बीजेपी की कोर कमिटी की भी मीटिंग लेंगे। इसमें उन तीन मुद्दों पर बात होगी जो बीजेपी ने तय किए हैं। बीजेपी जहां टीएमसी को घेरेगी, वहीं इस बार यह सुनिश्चित करने की भी कोशिश है कि पूरी पार्टी और नेता एकजुट होकर चुनाव लड़ें। इसकी संभावना नहीं लगती कि बीजेपी किसी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करेगी।



File

गृहमंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल का दौरा करके लौटे, नड्डा आज जाएंगे।

### इन तीन मुद्दों पर TMC को घेरने का प्लान...

बीजेपी ने तय किया है कि भ्रष्टाचार, घुसपैठ और बेरोजगारी के मुद्दे पर टीएमसी सरकार को घेरा जाए। इसके लिए क्या कार्यक्रम तय करने हैं और कैसे लोगों को टीएमसी के भ्रष्टाचार के बारे में बताना है, इस पर भी बात होगी। नड्डा डॉक्टर्स के एक ग्रुप से भी मिलेंगे। बीजेपी नेता अलग-अलग वर्ग और अलग-अलग प्रोफेशन से जुड़े लोगों से मिल रहे हैं और ये बीजेपी के आउटरीच अभियान का हिस्सा है।

बीजेपी के एक नेता ने कहा कि हमारे लिए चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी का चिह्न कमल ही है। केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि सभी स्थानीय नेता मिलकर काम करें। सभी नेताओं की जिम्मेदारी भी तय की जा रही है और बाद में उसी हिसाब से उनकी परफॉर्मेंस का रिव्यू भी होगा। दूसरे राज्यों से भी सीनियर कार्यकर्ताओं को राज्य के अलग-अलग हिस्सों में जिम्मेदारी दे दी गई है।

# डेमोक्रेसी और इलेक्शन मैनेजमेंट सम्मेलन 21 से

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : चुनाव आयोग भारत मंडपम में 21 से 23 जनवरी तक होने वाले इंडिया इंटरनैशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेमोक्रेसी ऐंड इलेक्शन मैनेजमेंट (IICDEM-2026) की मेजबानी करेगा। यह सम्मेलन आयोग के तत्वावधान में दिल्ली में द्वारका स्थित इंडिया इंटरनैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी ऐंड इलेक्शन मैनेजमेंट (IIIDEM) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

> डेलिगेशन को भारतीय चुनाव प्रक्रिया से परिचित कराया जाएगा।

IIIDEM के डीजी राकेश वर्मा ने बताया कि IICDEM 2026 में दुनिया भर के चुनाव प्रबंधन निकायों (EMBs) का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, भारत में विदेशी मिशन और चुनाव के क्षेत्र में शैक्षणिक और व्यावहारिक विशेषज्ञ शामिल होंगे। सम्मेलन में देश के सभी राज्यों के सीईओ भी अलग-अलग टॉपिक पर अपनी राय रखेंगे। यह सम्मेलन वर्ष 2026 के लिए इंटरनैशनल आईडीईए (International IDEA) के सदस्य देशों की परिषद की अध्यक्षता भारत द्वारा संभालने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाएगा। इसकी थीम 'एक समावेशी, शांतिपूर्ण, लचीला और सतत विश्व के लिए लोकतंत्र' रखी गई है।

# AI टूल ग्रोक का मिसयूज, मस्क के X ने दाखिल किया जवाब


## इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुरू की जांच

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**आर्टिफिशल इंटेलिजेंस** (AI) चैटबॉट ग्रोक का दुरुपयोग कर महिलाओं और बच्चों की अश्लील तस्वीरें बनाने के मामले में सरकार के निर्देश के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय X के जवाब की जांच कर रहा है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म X को कड़ी चेतावनी जारी करने के साथ ही विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट देने के लिए बुधवार शाम 5 बजे तक का अतिरिक्त समय दिया गया था।

> फिलहाल, X की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है।


सूत्रों के मुताबिक, X ने जवाब दाखिल कर दिया है और इसकी जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, X की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। 2 जनवरी को सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने X को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया था कि वह महिलाओं और बच्चों से जुड़ी सभी अश्लील, आपत्तिजनक और गैरकानूनी सामग्री तुरंत हटा दे। नहीं तो कानून के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मंत्रालय ने अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनी को 72 घंटों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट (ATR) प्रस्तुत करने को कहा था। मंत्रालय ने अल्टीमेटम में कहा था कि X के ग्रोक एआई का दुरुपयोग फर्जी अकाउंट बनाकर महिलाओं की अश्लील तस्वीरें या विडियो बनाने के लिए किया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि यह केवल अकाउंट बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है जो अपनी तस्वीरें या विडियो पोस्ट करती हैं। यह कानूनों का उल्लंघन करते हुए एआई का दुरुपयोग है।



AI image

### मामले में X के सेफ्टी हैंडल ने कही थी कार्रवाई की बात

रविवार को एलन मस्क की कंपनी X के सेफ्टी हैंडल ने कहा था कि वह अपने प्लैटफॉर्म पर अवैध सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करता है। इसमें बाल यौन शोषण सामग्री भी शामिल है। कार्रवाई में सामग्री को हटाना, अकाउंट स्थायी रूप से सस्पेंड करना और जरूरत पर सरकारों व एजेंसियों के साथ काम करना शामिल है। एक्स ने अवैध सामग्री पर एलन मस्क के रुख को दोहराते हुए कहा था कि ग्रोक को अवैध सामग्री बनाने के लिए उकसाने वालों को वही परिणाम भुगतने होंगे, जो अवैध सामग्री अपलोड करने वालों को भुगतने पड़ते हैं।



एलन मस्क

# वांगचुक मामले में आज होगी सुनवाई

■ भाषा, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करेगा। उनकी पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनकी हिरासत के खिलाफ याचिका दायर की है। बुधवार को पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका में दावा किया गया है कि वांगचुक की हिरासत अवैध और मनमानी है, जो उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती है। वांगचुक पर लद्दाख में हिंसा भड़काने का आरोप है।



वांगचुक

# शब्बीर शाह की बेल पर 13 को सुनवाई

■ भाषा, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह टेरर फाइनैंसिंग मामले में कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका पर 13 जनवरी को सुनवाई करेगा। NIA के वकील ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उनकी जगह पैरवी करेंगे, जिसके बाद जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने एनआईए के वकील के अनुरोध पर सुनवाई स्थगित करने का आदेश दिया।

> दिल्ली HC ने 12 जून को शब्बीर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# पुणे पोर्शे हादसा: दो आरोपियों की याचिका पर महाराष्ट्र को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने बिजनेसमैन आशीष मित्तल और आदित्य सूद की जमानत याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। ये दोनों 2024 के पुणे पोर्शे हिट-एंड-रन मामले में आरोपी हैं। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी। आरोप है कि कार एक नाबालिग चला रहा था, जो शराब के नशे में था।

मित्तल और सूद पर आरोप है कि उन्होंने कार में सवार दो नाबालिगों के ब्लड सैंपल को अपने सैंपल से बदल दिया था। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अलावा आईपीसी की अलग अलग धाराओं जिनमें जालसाजी, साक्ष्य से छेड़छाड़ के आरोप लगाए गए हैं।

बॉम्बे हाई कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद इन दोनों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 16 दिसंबर 2025 को इस मामले में 8 आरोपियों की जमानत अर्जियां खारिज कर दी थी, जिनमें इन दोनों आरोपियों आशीष मित्तल और आदित्य सूद की अर्जी भी शामिल थी।



File

हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई थी।

> हाई कोर्ट से अर्जी खारिज होने के बाद अब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया है और दो आरोपियों ने जमानत की अर्जी दाखिल की है।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

शाखा : दरियागंज, पूर्वी दिल्ली
पता– 3631, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली 110002 भारत
ई–मेल : DARYAG@bankofbaroda.co.in मोबाइल नं: 9414639238

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस,** परिशिष्ट–IV-A [नियम 8(6) और 9(1) देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), बंधककर्ता(ओं) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे निम्नवर्णित कर्जदार(रों), बंधककर्ता(ओं) और गारंटर(रों) को प्रत्यावृत्त – दाता बैंक ऑफ बड़ौदा से – प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। कर्जदार(रों), बंधककर्ता(ओं) और गारंटर(रों)/प्रतिभूति आस्तियां/बकाया/आरक्षित मूल्य/ई–नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है

| क्र. सं. | कर्जदारों/गारंटर्स/बंधककर्ताओं का नाम एवं पता | ज्ञात भार के साथ अचल संपत्ति का विवरण, यदि कोई हो (बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा बंधक) | कुल बकाया | ई–नीलामी की तिथि/समय प्रारंभ समय से अंतिम समय तक | 1. आरक्षित मूल्य 2. जमा धरोहर राशि (ईएमडी) रु. 3. न्यूनतम बोली वृद्धि राशि रु. |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | मैसर्स श्री बालाजी पेपर ओवरसीज प्रो. सचिन गोयल (उधारकर्ता) पता: निवासी ए–5, भामाशाह मार्ग, किंग्सवे कैंप के सामने, नानक पियाऊ गुरुद्वारा दिल्ली–110009. श्रीमती सरोज गोयल पत्नी श्री बांके गोयल (गारंटर) पता: निवासी ए–5, भामाशाह मार्ग, किंग्सवे कैंप के सामने, नानक प्याऊ गुरुद्वारा दिल्ली–110009. श्रीमती सपना गोयल (गारंटर) पता: निवासी ए–5, भामाशाह मार्ग, किंग्सवे कैंप के सामने, नानक पियाऊ गुरुद्वारा दिल्ली–110009. श्रीमती श्वेता गोयल (गारंटर) पता: निवासी ए–5, भामाशाह मार्ग, किंग्सवे कैंप के सामने, नानक प्याऊ गुरुद्वारा दिल्ली–110009. | साम्यिक बंधक सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. प्रा. नं. 2 (जो ब्लॉक ए के पीछे की ओर आता है), भूतल पर (बिना छत के अधिकार के) जिसका कवर्ड 1800 वर्ग फुट लगभग, उक्त प्लॉट नं. 5 एवं 5–ए के संपत्ति में से, खसरा नं. 128 और 129 में से, भामाशाह मार्ग मौजा/गांव राजपुर छावनी दिल्ली के क्षेत्र में, साथ ही नीचे की भूमि का आनुपातिक अविभाजित और अविभाज्य हिस्सा, (यहां इसके बाद संपत्ति कहा गया है) प्रवेश/मार्ग/सीढ़ी/लिफ्ट की सामान्य सुविधाओं के साथ और घर में भंडारण हेतु अच्छी जगह है उक्त भवन के बेसमेंट के साथ–साथ अन्य सामान्य सुविधाएं उक्त भवन का बेसमेंट साथ ही अन्य सामान्य सुविधाएं निर्माणाधीन फ्लैट यह सम्पत्ति संयुक्त (1) श्रीमती सरोज गोयल पत्नी श्री बांके गोयल (2) श्रीमती सपना गोयल पत्नी श्री सचिन गोयल (3) श्रीमती श्वेता गोयल पत्नी श्री गौरव गोयल के नाम पर है। संपत्ति क्षेत्रफल 170 वर्ग मी., चौहद्दी: पूरब में – उक्त संपत्ति का शेष भाग (अर्थात प्लॉट नं. 2), पश्चिम में – सामान्य खुला स्थान एवं अन्य संपत्ति, उत्तर में – सामान्य खुला स्थान एवं अन्य संपत्ति, दक्षिण में – सामान्य खुली जगह और रोड | रु. 4,59,45,758.86 (रु. चार करोड़ उनसठ लाख पैंतालीस हजार सात सौ अट्ठावन और पैसे छियासी मात्र) दिनांक 28.06.2024 तक ब्याज सहित 28.06.2024 तक तथा 29.06.2024 से अतिरिक्त ब्याज तथा अन्य लागत, शुल्क और व्यय | 29.01.2026 अपराह्न 02.00 बजे से अपराह्न 06.00 बजे तक | आरक्षित मूल्य रु. 2,69,00,000/- धरोहर राशि रु. 29,90,000/- बोली वृद्धि राशि रु. 50,000/- |

कब्जे की स्थिति :– भौतिक
संपत्ति निरीक्षण तिथि एवं समय
अधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति लेकर कार्यालय समय के दौरान, दिनांक 08.01.2026 से 28.01.2026

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और नीलामी पोर्टल https://baanknet.com पर दिए गए लिंक को देखें।
इच्छुक बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी/शाखा प्रमुख श्री अजीत सिंह यादव, मुख्य प्रबंधक, दरियागंज शाखा, पूर्वी दिल्ली मोबाइल नं. 9414639238 से सम्पर्क करें।

दिनांक : 07.01.2026, स्थान : दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in